एफएसएसएआई
fssai

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report

2021-22

सत्यमेव जयते

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण

FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA

विश्वास के प्रेरक, सुरक्षित और पोषक आहार के आश्वासक

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food

Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

सत्यमेव जयते

एफएसएसएआई
fssai

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA

विश्वास के प्रेरक, सुरक्षित और पोषक आहार के आश्वासक
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food
Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report 2021-22

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
Food Safety and Standards Authority of India

डॉ. मनसुख मांडविया
Dr. Mansukh Mandaviya
माननीय केन्द्रीय मंत्री
Hon'ble Union Minister
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
Ministry of Health & Family Welfare

डॉ. भारती प्रविण पवार
Dr. Bharati Pravin Pawar
माननीय राज्य मंत्री
Hon'ble Minister of State
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
Ministry of Health & Family Welfare

विषय सूची

अध्याय संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
अध्याय 1	झलक	1
अध्याय 2	कर्त्तव्य, शासन संरचना और मानव संसाधन	10
अध्याय 3	मानक और विनियम	22
अध्याय 4	खाद्य सुरक्षा अनुपालन	42
अध्याय 5	खाद्य परीक्षण और निगरानी	56
अध्याय 6	खाद्य आयात	80
अध्याय 7	खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और क्षमता–निर्माण	86
अध्याय 8	सामाजिक और व्यवहारगत परिवर्तन तथा ईट राइट की पहल	93
अध्याय 9	कोडेक्स	108
अध्याय 10	अंतरराष्ट्रीय सहयोग	114
अध्याय 11	एफ.एस.एस.ए.आई में डिजिटलाइजेशन, प्रौद्योगिकी का उपयोग और ई–शासन	117
अध्याय 12	राजभाषा	122
अध्याय–13	सूचना के अधिकार मामले	125
अध्याय 14	वित्तीय विवरणियां	127

सारणी सूची

सारणी संख्या	विवरण	पृष्ठ संख्या
सारणी 1	वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए प्रवर्त्तन मैट्रिक्स के संबंध में प्रगति	4
सारणी 2	खाद्य प्राधिकरण के कर्त्तव्यों और कार्यों का विवरण	11
सारणी 3	खाद्य प्राधिकरण के अध्यक्ष से भिन्न अन्य सदस्यगण (धारा 5)	12
सारणी 4	धारा 5(1)(क) के अन्तर्गत 2021–22 के दौरान खाद्य प्राधिकरण के पदेन सदस्य	13
सारणी 5	एफएसएसएआई की पदवार संस्वीकृत संख्या	16
सारणी 6	वैज्ञानिक पैनलों की सूची और वर्ष 2021–22 के दौरान इनके द्वारा की गई बैठकों की संख्या	23
सारणी 7	कार्यकारी समूहों का विवरण	25
सारणी 8	वर्ष 2021–22 के दौरान अधिसूचित अंतिम विनियमों की सूची	34
सारणी 9	वर्ष 2021–22 के दौरान अधिसूचित मसौदा विनियमों की सूची	35
सारणी 10	वर्ष 2021–22 के दौरान पूरी की गई अनुसंधान परियोजनाओं की सूची	37
सारणी 11	वर्तमान में चल रही अनुसंधान परियोजनाएँ	38
सारणी 12	नेटस्कोफेन समूह एवं प्रदत्त खाद्य श्रेणियाँ व फूड–'ओ' कोपिया के मोनोग्राफ के लिए वित्तीय सहयोग	39
सारणी 13	एफएसएस अधिनियम, 2006 के तहत राज्यों व संघराज्य क्षेत्रों में प्रवर्तन तंत्र की प्रशासनिक व्यवस्था (31.03.2022 की स्थिति के अनुसार)	51
सारणी 14	वर्ष 2021–22 के दौरान विश्लेषित नमूनों, गैर–अनुरूप पाए गए नमूनों और की गई दंडात्मक कार्रवाई का विवरण	52
सारणी 15	वर्ष 2021–22 के दौरान फॉस्कोरिस के माध्यम से संचालित निरीक्षणों का विवरण	54
सारणी 16	उन प्रयोगशालायों की सूची जिन्हें विमुक्त किया गया था और जिन्होंने एनएबीएल प्रत्यायन प्राप्त किया तथा वर्ष 2021–22 में पुनः अधिसूचित किया गया	72
सारणी 17	वर्ष 2021–22 के दौरान अधिसूचित अन्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं	72

सारणी संख्या	विवरण	पृष्ठ संख्या
सारणी 18	अधिसूचित प्राथमिक तथा रेफरल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की सूची	73
सारणी 19	देश में खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की राज्यवार संख्या	74
सारणी 20	अधिसूचित एनआरएल/एएनआरएल की सूची	75
सारणी 21	वर्ष 2021–22 में राज्य खाद्य प्रयोगशालायों के लिए जारी किया गया अनुदान	76
सारणी 22	फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स का राज्यवार वितरण	78
सारणी 23	01 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक की अवधि में एफआईसीएस के माध्यम से खाद्य आयात निर्मुक्ति संबंधी डैटा	85
सारणी 24	वर्ष 2021–22 के दौरान फोस्टैक प्रशिक्षणों का क्षेत्रवार विवरण	87
सारणी 25	वर्ष 2021–22 के दौरान विनियमाक कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण	89
सारणी 26	एफ.एस.एस.ए.आई के कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण	91
सारणी 27	वर्ष 2021–22 के दौरान वर्च्युली आयोजित कोडेक्स बैठकें एवं उनमें भारत का योगदान	108

आकृति सूची

आकृति संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
आकृति 1	खाद्य प्राधिकरण की संरचना, 2021–22	13
आकृति 2	खाद्य प्राधिकरण का संगठनात्मक ढ़ाँचा	15
आकृति 3	एफएसएसएआई का डे–केयर केन्द्र	19
आकृति 4	जिम और योग की सुविधा	20
आकृति 5	वैधानिक एवं अवैधानिक निकायों के संदर्भ में एफएसएसएआई का वैज्ञानिक कार्य	22
आकृति 6	घोषणापत्र जमा करने के लिए पोर्टल का उद्घाटन	28
आकृति 7	माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा वेगन लोगो का प्रमोचन	31
आकृति 8	एफएसडब्ल्यू वैन का आंतरिक दृश्य	63
आकृति 9	एफएसडब्ल्यू का बाहरी दृश्य	64
आकृति 10	प्रयोगशाला कर्मी इत्यादि के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कुछ झलकियाँ	65
आकृति 11	खाद्य संचालकों के प्रशिक्षण की कुछ छवियाँ	88
आकृति 12	कुछ विनियामक प्रशिक्षणों की झलक	90
आकृति 13	एफ.एस.एस.ए.आई के कार्मिकों के परिचय प्रशिक्षण के दौरान ग्रुप फोटो	92
आकृति 14	चुनौतियों/प्रतियोगिताओं की शुरुआत	101
आकृति 15	भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 2021 में एफएसएसएआई स्टॉल की झलक	102
आकृति 16	माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का एफएसएसएआई दौरा	103
आकृति 17	माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री चल खाद्य सुरक्षा रवाना करती हुई	104
आकृति 18	जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम मैदान, नई दिल्ली में आयोजित मेगाएक्स्पो और विज्ञान पुस्तक मेला, 2022 के कुछ दृश्य	104
आकृति 19	ईट राइट मेला और वॉकेथोन के कुछ दृश्य	105
आकृति 20	सोशल मिडिया पोस्टों के कुछ चित्र	107
आकृति 21	वर्ष 2021–22 के दौरान आरंभ की गई प्राधिकरण की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका "खाद्यांजलि" के जनवरी–मार्च, 2022 अंक का कवर पेज	124

अध्याय-1

झलक

1.1 भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई), जिसे संक्षेप में "खाद्य प्राधिकरण" के रूप में भी जाना जाता है, की स्थापना सितम्बर, 2008 में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (एफएसएस अधिनियम) के अन्तर्गत प्रमुख रूप से मानव उपभोग के लिए सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सामग्रियों के विज्ञान–आधारित मानक निर्धारित करने और उनके निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं आयात को विनियमित करने के लिए की गई है। इसका विस्तृत कार्यादेश खाद्य सुरक्षा और मानक (एफएसएस) अधिनियम, 2006 की धारा 16 में दिया गया है। इस अधिनियम को खाद्य सुरक्षा और मानक नियम, 2011 और छह विनियमों की अधिसूचना के द्वारा दिनांक 5 अगस्त, 2011 से प्रवर्तनात्मक बनाया गया था। तब से लेकर आज तक एफएसएसएआई ने अधिनियम के तहत अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति की है।

1.2 आदर्श वाक्य "विश्वास के प्रेरक, सुरक्षित और पोषक आहार के आश्वासक" के अनुरूप, निम्नलिखित दृष्टिकोण के माध्यम से अपने कार्यादेश को प्राप्त करने के लिए खाद्य प्राधिकरण ने निरंतर कार्य किया है:

- वैश्विक मानदंडों के अनुरूप विनियमों, मानकों और दिशा–निर्देशों का निर्धारण;
- अनुज्ञापन और पंजीकरण, निरीक्षण, नमूना, संपरीक्षा, निगरानी एवं बेहतर प्रयोगशाला नेटवर्क के माध्यम से अनुपालन को सुगम बनाना;
- आयातित खाद्य उत्पादों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयात का विनियमन;
- खाद्य कारोबारियों के साथ–साथ खाद्य संचालकों, प्रयोगशाला कार्मिकों एवं विनियामक कर्मचारियों का क्षमता निर्माण करना;
- एकीकरण की सच्ची भावना से ईट राइट पहलों को बढ़ावा देना;
- प्रक्रियाओं को सुप्रवाही बनाने के लिए प्रौद्योगिकी अंगीकरण;
- ज्ञान और बेहतर पद्धतियों के सृजन तथा आदान–प्रदान के लिए कार्यनितिक स्वरूप की साझेदारी का विकास करना;
- खाद्य मानकों से संबंधित कार्य और अन्य खाद्य सुरक्षा से संबंधित मामलों के समन्वय को बढ़ावा देने के लिए कोडेक्स बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लेना और विदेशी सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ द्विपक्षीय करार करना।

उपर्युक्त वर्णित दृष्टिकोण के अनुरूप इस अध्याय में रिर्पोटाधीन वर्ष 2021–22 के दौरान एफएसएसएआई के कार्यकलापों और उपलब्धियों की प्रमुख बातें संक्षिप्त में दर्शायी गई हैं। विवरण संबंधित अध्यायों में दिया गया है।

1.3 वर्ष 2021–22 के दौरान खाद्य प्राधिकरण की पाँच बैठकें आयोजित हुईं और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 5 की उप–धारा (1) के खण्ड (ख), (ग), (घ), (ड़), (च) और

(छ) के अन्तर्गत उपलब्ध रिक्तियों पर सदस्यों की नियुक्ति के अभाव में सदस्यों की कम संख्या से कार्य जारी रखा। तथापि, प्राधिकरण की बैठकों में यह सुनिश्चित करने के लिए की विचार–विमर्श व्यापक आधार का व परस्पर संवादात्मक हो, बैठक में उद्योग एवं अन्य क्षेत्रों से विशेष आमंत्रितों को आंमत्रित किया गया था।

1.4 केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी) बहुत से विषयों के संबंध में खाद्य प्राधिकरण को सलाह देती है और विभिन्न हितधारकों जैसे खाद्य उद्योग, उपभोक्ता संगठनों, अनुसंधान संस्थानों और राज्य के खाद्य प्राधिकरणों के साथ घनिष्ठ सहयोग सुनिश्चित करती है। वर्ष के दौरान सीएसी की चार बैठकें आयोजित हुईं और कई महत्वपूर्ण मामलों पर विचार–विमर्श किया।

1.5 वैज्ञानिक समिति, जोकि प्राथमिक रूप से खाद्य प्राधिकरण को वैज्ञानिक सलाह प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है, की वर्ष के दौरान चार बैठकें आयोजित हुईं और खाद्य प्राधिकरण को विभिन्न सिफारिशें कीं।

1.6 वर्ष के दौरान, 21 विषय–विशिष्ट पैनल कार्यात्मक रहे। इन 21 वैज्ञानिक पैनलों की कुल 71 बैठकें आयोजित हुईं और अपने–अपने विषयों से संबंधित मानकों के निरूपण तथा अन्य सम्बद्ध मामलों के बारे में सिफारिशें की।

1.7 वैज्ञानिक समिति द्वारा विशिष्ट मामलों के लिए जो आठ कार्यकारी समूह गठित किए गए हैं, उनकी वर्ष के दौरान कुल 15 बैठकें हुईं।

1.8 एफएसएसएआई विनियमों के निरूपण के साथ–साथ वर्तमान विनियमों की आवश्यकतानुसार समीक्षा के लिए लगातार कार्यरत रहता है। वर्ष 2021–22 के दौरान 11 अंतिम अधिसूचनाएं और 17 मसौदा अधिसूचनाएं जारी की गई। अंतिम अधिसूचनाएँ पहले से अधिसूचित विनियमों में संशोधन हेतु थीं जो प्राथमिक रूप से विभिन्न खाद्य उत्पादों के नए/संशोधित मानकों से संबंधित हैं। यद्यपि इन संशोधित विनियमों के प्रावधानों में बहुस्त्रोत खाद्य तेल के लेबलिंग प्रावधान, भारत को निर्यात करने वाले विदेशी खाद्य विनिर्माण सुविधाओं के पंजीकरण और निरीक्षण, पेय जल इत्यादि के लिए अपारदर्शी पैकेजिंग सामग्री के उपयोग इत्यादि भी शामिल हैं।

1.9 वर्ष के दौरान जिन अधिसूचित मसौदा विनियमों पर हितधारकों से टिप्पणियाँ माँगी गई उनमें वेगन फूड और आयुर्वेद आहार पर प्रमुख विनियम भी सम्मिलित थे। वेगन फूड विनियम गैर–पशुमूल के खाद्य की प्रमाणिकता एवं ऐसे उत्पादों के लिए वेगन लोगो के प्रयोग से संबन्धित है। आर्युवेद आहार विनियम आर्युवेद के प्राचीन सिद्धांतो और प्राचीन ग्रन्थों के आधार पर बनाए गए खाद्य को महत्व देता है।

1.10 खाद्य सुरक्षा और मानक (गैर विनिर्दिष्ट खाद्य और खाद्य संगठकों के लिए अनुमोदन) विनियम, 2017 के अन्तर्गत उत्पादों के अनुमोदन के लिए आवेदनों की जाँच प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए विशेषज्ञ समिति की संख्या 3 से बढ़ाकर 6 कर दी गई है। इन 6 विशेषज्ञ समितियों ने आवेदनों पर विचार करने के लिए वर्ष के दौरान कुल 22 बैठकें की। इन आवेदनों की जाँच प्रक्रिया के परिणामस्वरूप 66 आवेदनों को स्वीकार किया गया जबकि 30 को निरस्त किया गया।

1.11 खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 के तहत अमानकिकृत दावों के आवेदनों के अनुमोदन पर विचार करने के लिए गठित विशेषज्ञ समिति ने चार बैठकें की और एक दावा स्वीकार किया। अपील स्वीकार करने के पश्चात एक और दावा स्वीकार किया गया।

1.12 एफ.एस.एस.ए.आई द्वारा खाद्य सुरक्षा को लेकर व्याप्त चिंताओं के संबंध में लोगों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने व बेहतर समझ विकसित करने तथा विशिष्ट खाद्य या विशिष्ट मुद्दे पर जानकारी प्रदान करने के

लिए मार्गदर्शी नोट जारी किए गए। वर्ष के दौरान तीन मार्गदर्शी नोट जारी किए जो खाद्य सेवा प्रतिष्ठान में जानकारी को प्रदर्श करने, ट्रॉंस फैटी अम्ल को समाप्त करने, और खाद्य वस्तुओं में पेस्टीसाईड्स की अधिकतम अवशिष्ट सीमाओं के निर्धारण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया के बारे में थे। खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य या स्वास्थ्य अनुपूरक, न्युट्रास्युटिकल्स, विशेष आहार विषयक उपयोग के लिए खाद्य, विशेष चिकित्सीय प्रयोजन के लिए खाद्य, कृत्यकारी खाद्य और नूतन खाद्य) विनियम, 2016 एवं क्या मानकीकृत उत्पाद जिसमें खाने के नमक की आवश्यकता है, में आयोडाइज्ड नमक अनिवार्य है, इन दो मुद्दों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न भी जारी किए गए।

1.13 खाद्य एवं पोषण के क्षेत्र में कार्य कर रहे अनुसंधान और शैक्षणिक संस्थान के नेटवर्क के रूप में जनवरी, 2020 में 'नेटवर्क ऑफ साइंटिफिक कॉपरेशन फॉर फूड सेफ्टी एंड अपलाइड न्यूट्रीशन' (नेटस्कोफेन) की स्थापना की गई थी। वर्तमान में नेटस्कोफेन के अन्तर्गत 08 समूह है जिसमें खाद्य सुरक्षा एवं अन्य संबंधी विभिन्न क्षेत्रों की 10 अग्रणी संस्थाएँ सहभागी संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य कर रहीं है। वर्ष 2021–22 के दौरान नेटस्कोफेन गतिविधियों के संचालन के लिए 10 अग्रणी संस्थाओं को कुल 91,40,995 रुपये का अनुदान दिया गया था।

1.14 एफ.एस.एस.ए.आई के कार्यदेश और खाद्य सुरक्षा से संबंधित अन्य उभरते मामलों के लिए प्रासंगिक अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) परियोजनाओं के लिए सहायता योजना के अन्तर्गत प्राधिकरण ने अभी तक कुल 23 संयुक्त परियोजनाओं को सहायता प्रदान की है जिसमें से 16 परियोजनाओं को पूरा कर लिया गया है और 7 परियोजनाएँ प्रगति के विभिन्न चरणों में है।

1.15 'फूड–ओ–कोपिया' खाद्य श्रेणी आधारित मोनोग्राफ का एक समूह है जो किसी विशिष्ट उत्पाद श्रेणी से संबन्धित सभी प्रयोज्य मानकों के लिए एकल संदर्भ के रूप में कार्य करेगा। इस में उस उत्पाद श्रेणी के लिए संपूर्ण मानक, लेबलिंग और दावे की अपेक्षाएँ, विशिष्ट पैकेजिंग अपेक्षाएँ एवं अन्य विनियामक प्रावधान जो उस उत्पाद के लिए आवश्यक हैं, उपलब्ध होंगे। एफएसएसएआई ने विभिन्न खाद्य श्रेणियों के 17 मोनोग्राफ विकसित करने के लिए 8 नेटस्कोफेन समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। इस उद्देश्य की पूर्ती के लिए कुल 85 लाख रुपये का खर्च स्वीकृत किया गया था। एफएसएसएआई को इन मोनोग्राफ का पहला मसौदा प्राप्त हुआ है एवं उनकी जाँच की जा रही है।

1.16 एफएसएसएआई में इस समय स्वीकृत पदों की संख्या 824 है। इन पदों में से अधिकतर पद 2018 में ही स्वीकृत हुए थे। इन विभिन्न पदों के लिए भर्ती विनियम 01 अक्टूबर, 2018 में अधिसूचित किए गए थे। इसके बाद ही, भर्ती विनियमों के प्रावधानों के अनुसार इन स्वीकृत पदों पर नियमित आधार पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत जारी किए गए 4 विज्ञापन अर्थात डीआर–01/2019, डीआर–02/2019 डीआर–03/2019, डीआर–01/2020 के अन्तर्गत 288 पदों के परिणाम घोषित किए गए हैं और 266 चयनित उम्मीदवारों ने अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है जबकि अन्य सफल उम्मीदवार कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया में है। वर्ष 2021–22 के दौरान एफएसएसएआई ने द्वितीय चरण की सीधी भर्ती प्रक्रिया शुरू की है जिसके अन्तर्गत 271 पदों पर भर्ती की जानी है। इन पदों पर चयन की प्रक्रिया अभी कार्याधीन है। इस के अलावा एफएसएसएआई ने प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के लिए 72 पद एवं अनुबंध के आधार पर 02 पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए हैं। इन पदों की भर्ती प्रक्रिया भी अभी कार्याधीन है।

1.17 वर्ष के दौरान विशाखापट्टनम, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद, जेएनपीटी, मुंबई में एफएसएसएआई की नई शाखाएँ/पोर्ट कार्यालय खोले गए। इंदौर तथा नासिक में भी नई शाखा/पोर्ट कार्यालय खोलने का निर्णय

लिया गया। जेएनपीटी, मुंबई में एक राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला भी स्थापित की गई है और कार्य कर रही है जबकि दूसरी राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट, चेन्नई में स्थापित की जा रही है।

1.18 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में कार्य करते हैं तथा एफएसएस अधिनियम, 2006 के प्रावधानों एवं उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेदार होते हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्रवर्त्तन के लिए अपनी प्रशासनिक स्थापना सुदृढ़ कर रहे हैं। 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार, राज्य/संघशासित प्रदेशों में कुल 733 न्यायनिर्णयन अधिकारी, 690 अभिहित अधिकारी (415 पूर्ण कालिक व 275 अंश कालिक) और 2574 खाद्य सुरक्षा अधिकारी (2292 पूर्ण कालिक व 282 अंश कालिक) मौजूद थे। अपीलीय ट्रिबुनल 33 राज्य/संघशासित प्रदेशों में स्थापित किए गए हैं।

1.19 इस संबंध में किए गए लगातार प्रयास के कारण पिछले वर्ष की तुलना में 2021–22 के दौरान नए खाद्य कारोबारीयों को जारी किए गए लाइसेंस और पंजीकरण की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।

1.20 एफ.एस.एस अधिनियम और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों के प्रावधानों के अनुपालन की जाँच करने के लिए संबंधित राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा कार्मिकों द्वारा नियमित निगरानी, मॉनिटरिंग, निरीक्षण और खाद्य उत्पादों के यादृच्छिक नमूने लेना जारी रखा गया। वर्ष 2021–22 में विश्लेषित खाद्य के नमूने, अनुरूप नहीं पाए गए नमूने और दोषी खाद्य कारोबारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई का विवरण निम्नलिखित सारणी–1 में दिया गया है:

सारणी 1– वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए प्रवर्तन मैट्रिक्स के संबंध में प्रगति

क्रं. सं.	प्रवर्त्तन मैट्रिक्स	संख्या
1	विश्लेषित खाद्य नमूने	1,44,345
2	अनुरूप नहीं पाए गए कुल नमूने	32,934
	अनुरूप नहीं पाए गए नमूने – असुरक्षित	*4,890*
	अनुरूप नहीं पाए गए नमूने – घटिया	*16,582*
	अनुरूप नहीं पाए गए नमूने – लेबलिंग दोष/भ्रामक/विविध	*11,462*
3	प्रारंभ किए गए सिविल मामलों की संख्या	28,906
4	सिविल मामलों की संख्या जिनमें दोष सिद्ध हुआ	19,437
5	सिविल मामलों में लगाए गए अर्थदंड की राशि	₹53,39,15,801
6	प्रारंभ किए गए आपराधिक मामलों की संख्या	4946
7	आपराधिक मामलों की संख्या, जिनमें अंतिम निर्णय आया और दोष सिद्ध हुआ	671
8	आपराधिक मामलों में लगाए गए अर्थदण्ड की राशि (रुपये में)	₹1,38,22,020
9	आपराधिक मामलों में दोषमुक्त मामलों की संख्या	87

1.21 2021–22 के दौरान एफएसएसएआई ने लाइसेंस एवं पंजीकरण प्राप्त करने के संबंध में खाद्य कारोबारियों को सुविधा देने के लिए कई कदम उठाए। इसमें अन्य बातों के साथ–साथ लाइसेंस के मानदंडों में परिवर्तन होने पर बिना लाइसेंस संख्या बदले राज्य लाइसेंस से केन्द्रीय लाइसेंस या इसके विपरीत की अनुमति प्रदान करना, लाइसेंस/पंजीकरण संख्या में बिना परिवर्तन किए राज्य के बाहर या राज्य के अंदर परिसर

के स्थानांतरण की अनुमति तथा खाद्य कारोबारियों द्वारा लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद भी उसका नवीकरण करना इत्यादि शामिल हैं।

1.22 निरीक्षण एवं प्रतिचयन में पारदर्शिता लाने के लिए एफएसएसएआई ने 'नियमित निरीक्षण और प्रतिचयन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा अनुपालन' प्रणाली (फोस्कोरिस)' नामक वैब आधारित मोबाइल ऐप विकसित किया है। यह निगरानी के साथ साथ वास्तविक समय के आधार पर नमूने लेने, आंकड़ों के संग्रहण और आंकड़ों के विश्लेषण के लिए एक सशक्तिकरण माध्यम है। राज्यों को यह सलाह दी गई है कि वे केवल फोस्कोरिस के माध्यम से निरीक्षण आयोजित करें। वर्ष 2020–21 के दौरान फोस्कोरिस के माध्यम से खाद्य कारोबारों के 60,232 निरीक्षण किए गए जो कि वर्ष 2021–22 के दौरान बढ़ कर 2,19,775 हो गए।

1.23 खाद्य सुरक्षा के संबंध में राज्यों के निष्पादन के मापन के लिए एफएसएसएआई ने राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (एसएफएसआई) की शुरूआत की है और उन्हें बेहतर तरीके से निष्पादन करने के लिए प्रेरित किया है। यह सूचकांक पाँच महत्वपूर्ण मानदंडो अर्थात– मानव संसाधन और संस्थागत आंकड़े; अनुपालन; खाद्य परीक्षण; अवसंरचना और निगरानी, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, तथा उपभोक्ता सशक्तिकरण पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के निष्पादन पर आधारित है। वर्ष 2020–21 के लिए तीसरा राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकाँक 20 सितम्बर, 2021 को जारी किया गया था। इस सूचकांक के अन्तर्गत वृहत राज्यों में गुजरात, छोटे राज्यों में गोवा एवं संघ राज्य क्षेत्रों में जम्मू एवं कश्मीर ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया था।

1.24 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 2020–21 से एफएसएसएआई ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) ढ़ाँचे के अंतर्गत उन्हें तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करने की पहल की है। वर्ष 2021–22 के लिए एफएसएसएआई को 35 राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों से कार्य योजना प्रस्ताव प्राप्त हुए। राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों से विचार विमर्श करने के पश्चात इन प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया गया एवं इस उद्देश्य की पूर्ती के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 95.48 करोड रुपये दिए गए।

1.25 खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण) विनियम, 2018 के तहत एफएसएसएआई ने 33 खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण अभिकरण नियुक्त की हैं। ये अभिकरण खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 की अनुसूची 4 में विनिर्दिष्ट स्वच्छता एवं साफ–सफाई के अनुपालन के संबंध में खाद्य सुरक्षा ऑडिट करते हैं।

1.26 2021–22 के दौरान एफएसएसएआई ने खाद्य परीक्षण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार कदम उठाएँ हैं। एफएसएसएआई ने 39 राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को जो अधिनियम की धारा 98 के अस्थायी प्रावधान के अन्तर्गत चली आ रहीं थी और जिन्होंने एनएबीएल मान्यता प्राप्ति हेतु आवश्यक कदम नहीं उठाए थे, दिसम्बर, 2020 में एफएसएस अधिनियम की परिधि से हटाया था। इस सख्त कदम ने इन प्रयोगशालाओं को एनएबीएल मान्यता प्राप्ति की पहल करने के लिए बाध्य कर दिया। वर्ष के दौरान ऐसी 14 राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं ने एनएबीएल मान्यता प्राप्त की तथा उन्हें एफएसएस अधिनियम की धारा 43(1) के अन्तर्गत अधिसूचित किया गया। 29 अन्य प्रयोगशालाएँ भी प्राथमिक परीक्षण के लिए अधिसूचित की गई तथा इनकी कुल संख्या 31 मार्च, 2022 को 227 हो गई है। इसके अलावा नई स्थापित राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, नवी मुंबई को भी रेफरल प्रयोगशाला के रूप में अधिसूचित किया गया जिससे रेफरल प्रयोगशालाओं की कुल संख्या बढ़कर 20 हो गई है।

1.27 सरकारी खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों जैसे आईसीडीएस, एमडीएम और पीडीएस के माध्यम से सप्लाई किये जाने वाले चावल के लिए सुदृढ़ीकरण अनिवार्य करने के निर्णय के फलस्वरूप देश भर में सुदृढ़ीकृत चावल में मौजुद फोर्टीफिकेन्टस के परीक्षण हेतु एक समान मानकीकृत प्रक्रिया अपनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए

गए एवं प्रयोगशालाओं द्वारा परीक्षण प्रक्रिया की सत्यता और निपुणता सुनिश्चित की गई।

1.28 एफएसएसएआई ने स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा अपनी 2 प्रयोगशालाओं के साथ–साथ 76 राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का अंतर विश्लेषण किया। मुख्य निष्कर्ष के आधार पर पाये गए अंतर का निवारण राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ समझौते ज्ञापन के तहत विशिष्ट शीर्ष के अन्तर्गत राज्य खाद्य प्रयोगशालायों को अनुदान दे कर किया जा रहा है।

1.29 केन्द्रीय क्षेत्र की योजना "चलती–फिरती खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के प्रावधान सहित देश में खाद्य परीक्षण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण (सॉफ्टेल)" को वर्ष 2016–17 के दौरान चालू किया था। वर्ष के दौरान राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए ₹12.54 करोड़ का अनुदान स्वीकृत/जारी किया गया। इससे 31 मार्च, 2022 तक 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 41 राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को सुदढ़ करने के लिए कुल ₹327.02 करोड़ का अनुदान दिया गया है। वर्ष के दौरान 3 रेफरल प्रयोगशालाओं को उच्च श्रेणी के उपकरण से सुसज्जित करने के लिए ₹5.53 करोड़ का अनुदान दिया गया जिससे उनका कुल स्वीकृत अनुदान बढ़कर ₹33.18 करोड़ हो गया।

1.30 इस योजना के तहत एफएसएसएआई राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सुदूर क्षेत्रों में परीक्षण, प्रशिक्षण और जागरूकता संबंधी गतिविधियाँ चलाने हेतु चल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं, जिन्हें 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स (एफएसडब्ल्यू)' कहा जाता है, की सुविधा प्रदान कर रही है। प्रत्येक की लागत लगभग ₹37 लाख (जीएसटी छोड़कर) है। वर्ष के दौरान 83 और एफएसडब्ल्यू प्रदान की गईं जिससे उनकी संख्या बढ़कर कुल 173 हो गई है।

1.31 योजना का एक अन्य घटक प्रयोगशाला कर्मियों और अन्य हितधारकों की खाद्य परीक्षण एवं विश्लेषण में क्षमता निर्माण से संबन्धित है। वर्ष के दौरान एफएसएसएआई ने विशेष रूप से राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के कार्मिकों के लिए 5 शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए थे जिसमें 45 कर्मी शामिल हुए। एफएसएसएआई ने अपने तीन प्रशिक्षण केन्द्रों एवं एनडीडीबी, आनंद के साथ समन्वय से 197 ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों का संचालन किया जिसमें 13,899 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

1.32 एफएसएसएआई द्वारा एफएसएस विनियमों के अनुपालन की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए विभिन्न खाद्य उत्पादों पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण किया जा रहा है एवं उनके निष्कर्षों के आधार पर उपचारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। वर्ष के दौरान एफएसएसएआई ने ट्रांस फैटी एसिड, गुड़ एवं मसालों पर अखिल भारत स्तर पर सर्वेक्षण किए थे। इसके अलावा प्राधिकरण ने खाद्य में मौजूद कीटनाशक अवशेषों तथा भारी धातुओं पर डेस्कटॉप सर्वेक्षण किया था।

1.33 एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों (एफएसओ) या चल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं द्वारा मौके पर खाद्य परीक्षण व खाद्य प्रयोगशालाओं में परीक्षण पर होने वाले व्यय को कम करने अथवा उसकी गति में सुधार करने के लिए आरएएफटी योजना के अंतर्गत 'द्रुत विश्लेषणात्मक खाद्य परीक्षण (आरएएफटी) किट', उपकरण एवं पद्धतियों को स्वीकृति देता है। वर्ष के दौरान 19 ऐसे आवेदनों की जाँच की गई जिनमें से 10 को अंतिम रूप से स्वीकृती दी गई व 05 की सिफारिश नहीं की गई। 04 आवेदनों को आवेदकों द्वारा वापिस ले लिया गया। 2019 में आरएएफटी योजना के प्रारंभ से एफएसएसएआई ने 75 आरएएफटी किट/उपकरणों/पद्धतियों को स्वीकृति दे दी है।

1.34 20 सितम्बर, 2021 को माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा 'बेसिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना के लिए मानक विनिर्देश' नामक प्रलेख का विमोचन किया गया। ये विशिष्टताएँ अच्छी

प्रयोगशाला अभ्यासों (जीएलपी) के साथ–साथ प्रयोगशाला द्वारा किए गए परीक्षणों के परिणाम की बारिकियों में वृद्धि करेगा।

1.35 यह खाद्य प्राधिकरण की जिम्मेदारी है कि वह भारत में आयात किए जाने वाले खाद्य की सुरक्षा सुनिश्चित करे। 31 मार्च, 2022 तक प्राधिकरण अपने प्राधिकृत अधिकारियों के माध्यम से 13 जगहों के 56 मुख्य प्रवेश केंद्रों पर खाद्य आयात का प्रत्यक्ष रूप से नियंत्रण कर रहा था। वर्ष के दौरान एफएसएसएआई द्वारा 74,12,411.80 मैट्रिक टन वाले कुल 91,694 आयातित खाद्य उत्पाद का संचालन किया गया। सूक्ष्म जाँच, दृष्टि जाँच एवं परीक्षण के आधार पर 73,57,847.25 मैट्रिक टन वाले 89,885 उत्पादों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए गए।

1.36 देश में आयातित कच्चे तेल (खाद्य ग्रेड) और दालों की निरंतर सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकृत अधिकारियों को दिनांक 13 जुलाई, 2021 के आदेश के द्वारा खाद्य आयात निकासी प्रक्रिया को प्राथमिकता दे कर पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि जरूरत पड़ने पर सप्ताहांत/छुट्टियों का दिन भी उपयोग में लाकर काम निकासी को जल्द से जल्द पूरा करें।

1.37 कच्चे काजू के अधिक आयात को देखते हुए, 18 जनवरी, 2022 के आदेश द्वारा यह निर्णय लिया गया कि जब तक कच्चे काजू के मानक अधिसूचित नहीं किए जाते, इन्हें "अविशिष्ट खाद्य" की श्रेणी में ही रखा जाए तथा वही मानक प्रयोग में लाए जाएँ।

1.38 एफएसएस अधिनियम (खाद्य कारबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 के अनुसूची 4 के अनुसार अच्छी साफ–सफाई और उत्पादन रीतियों पर खाद्य संचालकों के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण हेतु एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणीकरण (फॉसटेक) नामक प्रमुख कार्यक्रम की शुरूआत 2017 में की थी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 262 पैनलबद्ध प्रशिक्षण सहयोगियों एवं 2186 प्रशिक्षकों की मदद से ऑनलाईन एवं ऑफलाईन (कक्षा) मोड में चलाया जा रहा है। वर्ष 2021–22 के दौरान खाद्य संचालकों के लिए 9,876 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें 3,63,677 खाद्य संचालक प्रशिक्षित किए गए। इसके अलावा विशेष रूप से कोविड–19 खाद्य सुरक्षा दिशा–निर्देश पर 2 घंटे की अवधि के लिए 106 प्रशिक्षणों का संचालन किया गया था जिसमें 2,233 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

1.39 वर्ष 2021–22 के दौरान एफएसएसएआई ने विनियामक अधिकारियों अर्थात खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अभिहित अधिकारी इत्यादि के लिए आठ प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए जिसमें 535 विनियामक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। एफएसएसएआई ने अपने अधिकारियों के लिए भी 08 प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए थे।

1.40 एफएसएसएआई ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत एफएसएसएआई सूक्ष्म स्तर खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों के खाद्य संचालकों को अच्छी स्वच्छता और उत्पादन रीतियों, खाद्य परीक्षण प्रक्रिया एवं अन्य विनियामक आवश्यकताओं पर प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इस ज्ञापन के अनुसार एफएसएसएआई लाइसेंस या पंजीकरण के लिए आवेदन प्रक्रिया हेतु जिला संसाधन व्यक्तियों को प्रशिक्षित करेगा।

1.41 एफएसएसएआई अपनी ईट राईट इंडिया पहल की गतिविधियों के अन्तर्गत लोगों को सुरक्षित, स्वास्थ्यकर और सतत आहार उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। इट राईट इंडिया विनियामक, क्षमता निर्माण, सहयोगात्मक और सशक्तिकरण दृष्टिकोण का उचित सम्मिश्रण है तथा इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि लोग सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर आहार लें। इस के अंतर्गत महत्वपूर्ण पहलों में स्वच्छता रेटिंग स्कीम, ईश को आनंददायी भोग, ईट राईट होम, ईट राईट स्कूल, ईट राईट कैंपस, ईट राईट स्टेशन,

स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब, 'स्वच्छ और ताजा फल और सब्जी मंडी', रूको इत्यादि शामिल है। वर्ष के दौरान प्रत्येक गतिविधि में महत्वपूर्ण प्रगति देखी गई।

1.42 वर्ष के दौरान हितधारकों एवं उपभोक्ताओं को ईट राईट पहलों, खाद्य सुरक्षा और एफएसएस अधिनियम, नियम एवं विनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराने के लिए विभिन्न सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण (आईईसी) गतिविधियाँ चलाई गईं। 'ईट स्मार्ट शहर चैलेंज' की शुरूआत ईट राईट इण्डिया की पहल को शहर के स्तर पर वृहत रूप से क्रियान्वित करने के लिए की गई थी। इस चुनौती में 109 स्मार्ट शहरों ने हिस्सा लिया था। सर्वोच्च 11 शहरों को चुना गया एवं अब ये चुनौती के अगले चरण पर पहुँच गए है जहाँ पाइलट चरण पर शुरू की गई परियोजनाओं को सतत तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।

1.43 एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में उच्च स्तर के अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों से सहयोग के लिए ईट राइट अनुसंधान पुरस्कार एवं अनुदान का भी शुभारंभ किया है।

1.44 विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं चुनौतियाँ जैसे 'नेचर्स स्वीटनेस इन एवरी बाइट' पकवान प्रतियोगिता (कम मीठे वाले पकवान), 'इंडी जिनीयस फूड चैलेंज' (मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए), 'तड़के बिना जायका' (कम तेल एवं वसा से तैयार पकवान) का आयोजन किया गया ताकि लोग अपनी स्वास्थ्यकर पकवानों के साथ आगे आएँ और प्रतियोगिता में हिस्सा लें। ईट राईट पहल एवं अन्य एफएसएसएआई कार्यक्रमों की सूचना विभिन्न ऑनलाईन माध्यम जैसे प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मिडिया के साथ–साथ ऑफलाईन माध्यम जैसे समारोह/प्रदर्शनी, मेले एवं व्यवसायिक मेले इत्यादि द्वारा विभिन्न लक्षित समूहों तक पहुँचाई गयी। कई तरह की संसाधन पुस्तकें और संप्रेषण सामग्रियों का भी विमोचन किया गया। वेबसाईट पर ई–पुस्तकें उपलब्ध कराई गईं ताकि आम जनता आसानी से उन तक पहुँच सके।

1.45 वर्ष के दौरान अंतरराष्ट्रीय मानकों के विकास के लिए भारत ने कोडेक्स गतिविधियों में निरंतर हिस्सा लिया। भारत ने वर्चुअल मोड में आयोजित किए जाने वाले कोडेक्स एलिमेंटेरिअस कमीशन की 44वें सत्र तथा उसकी कार्यकारी समिति की बैठकों, अन्य समितियों, उप–समिति एवं कार्यकारी समूहों की बैठकों में हिस्सा लिया। कोडेक्स एलिमेंटेरिअस कमीशन ने अपने 44वें सत्र में भारत की अध्यक्षता में छोटी इलाईची एवं भारत की सह अध्यक्षता में हल्दी के मानक बनाने का नया कार्य अनुमोदित किया। इसने सूखी अदरक, तुलसी, लौंग और ऑरीगेनो के मानकों को भी अपनाया।

1.46 एफएसएसएआई ने विभिन्न विदेशी सरकार/उनकी एजेन्सियों के साथ कई समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हुए हैं। वर्ष के दौरान कुछ मौजूदा ज्ञापनों पर अनुवर्ती कार्रवाई की गई। एफएसएसएआई युनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एवं उत्तरी आयरलैंड के केंद्रीय खाद्य प्राधिकरण, डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर, वॉटर एडं द इनवाईरोमेंट (डीएडब्ल्यूई), ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रीयन फूड रेगुलेटर और भूटान एग्रीकल्चर एडं फूड रेगुलेटरी ऑथोरिटी (बीएएफआरए) के साथ भी समझौता ज्ञापन के लिए बातचीत कर रहा है।

1.47 व्यवसाय सुगमता संबंधित विषयों पर चर्चा करने के लिए एफएसएसएआई के अधिकारियों एवं अन्य देशों के दूतावास प्रतिनिधियों के बीच कई बैठकें की गई। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा से संबंधित मामलों पर भी अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई। एफएसएसएआई के अधिकारियों ने विदेशी संस्थायों द्वारा आयोजित कई संगोष्ठियाँ एवं कार्यशालाओं में भी भाग लिया।

1.48 एफएसएसएआई निरंतर रूप से अपने कार्य के निष्पादन के लिए तकनीकी का भरपूर उपयोग करता रहा है एवं अपनी मुख्य गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के समर्थन हेतु इसके पास कई प्रमुख प्रणालियाँ जैसे फॉसकॉस, एफआईसीएस, इनफोलनेट, फॉसटेक इत्यादि मौजूद हैं। एफएसएसएआई के आईटी प्रभाग ने यह सुनिश्चित

किया की ये प्रणालियां उचित तरीके से कार्य करती रहें। फॉसकॉस में कई नए विशेषताएँ जोड़ी गईं। इसके अलावा नए एफआईसीएस एवं नए फॉस्टेक पोर्टल भी विकसित किए गए। कई नए पोर्टल जैसे फूड सेफ्टी मित्र, ईपास, फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स का भी विमोचन किया गया। ईट राइट इंडिया पहल पर एक एकीकृत पोर्टल का विकास किया गया। इस एकीकृत पोर्टल के अन्तर्गत सभी स्वतंत्र ईट राइट पोर्टल शामिल किए जाएंगे। एफएसएसएआई की अन्य सभी गतिविधियाँ भी आईटी प्रभाग द्वारा विकसित पोर्टल एवं प्रणालियों द्वारा समर्थित हैं।

1.49 एफएसएसएआई अपने कार्य में हिंदी के बढ़ते प्रयोग का समर्थन करते हुए उसके लिए निरंतर कदम उठा रही है। हर तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें की जाती है। राजभाषा की चार कार्यशालाएँ आयोजित की गई तथा नवनियुक्त अधिकारियों के साथ–साथ अन्य अधिकारी भी अपने कार्य में हिंदी का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित हुए। 14 सितम्बर– 28 सितम्बर, 2021 के बीच हिंदी पखवाड़ा भी बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें हिंदी निबंध, हिंदी अनुवाद, स्वरचित हिंदी कविता, हिंदी में टिप्पण तथा आलेखन, त्वरित भाषण जैसी प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से बड़ी संख्या में प्रविष्टियाँ आईं थी। विजेताओं को प्रमाणपत्र व नगद पुरस्कार भी प्रदान किए गए थे। एक प्रभागीय हिंदी पत्रिका "खाद्याजंलि" का विमोचन भी किया गया एवं क्रमशः अक्तूबर–दिसम्बर, 2021 एवं जनवरी–मार्च, 2022 अवधि के लिए इसकी दो तिमाही प्रकाशन भी किए गए।

अध्याय-2

कर्तव्य, शासन संरचना और मानव संसाधन

2.1 अधिनियम का अधिनियमन

2.1.1 खाद्य नियमों को एक ही विधान के अंतर्गत लाकर उनके समेकन का कार्य कुछ समय से विशेषकर केंद्र सरकार द्वारा तत्कालीन माननीय वित्त मंत्री की वर्ष 2002 के बजट भाषण में अपनी मंशा जाहिर कर देने के बाद से चल रहा था। खाद्य के विनियमन से संबंधित विभिन्न अधिनियमों और आदेशों के समेकन का कार्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय को सौंपा गया था। खाद्य सुरक्षा और मानक विधेयक, 2005 को दिनांक 23 अगस्त, 2006 को भारत के राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (2006 का अधिनियम संख्या 34) के रूप में अधिनियमित किया गया था। इसके पश्चात, यह अधिनियम 24 अगस्त, 2006 को भारत के राजपत्र (असाधारण), भाग I, खंड I में प्रकाशित किया गया था। इस संबंध में कई अधिसूचनाओं अर्थात दिनांक 15 अक्तूबर, 2007, 28 मई, 2008, 18 नवंबर, 2008, 09 मार्च, 2009, 31 जुलाई, 2009, 29 जुलाई, 2010 और 18 अगस्त, 2010 की अधिसूचनाओं के माध्यम से इस अधिनियम के विभिन्न प्रावधान विभिन्न तारीखों को प्रवृत्त हुए।

2.1.2 भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम, 1961 के अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर, 2007 के मंत्रिमंडल सचिवालय की अधिसूचना द्वारा "खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006" के विषय को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय से स्थानांतरित करके स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंपा गया था।

2.1.3 स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने दिनांक 15 अक्तूबर, 2007 के "खाद्य सुरक्षा तथा मानक (कठिनाइयों का निराकरण) आदेश, 2007 द्वारा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 6 के खण्ड (ग) में उप–धारा (I) जो अध्यक्ष और सदस्यों के चयन के लिए चयन समिति से संबंधित है, में "स्वास्थ्य" के स्थान पर "खाद्य प्रसंस्करण उद्योग" को प्रतिस्थापित किया गया था।

2.1.4 इस अधिनियम की धारा 3, 5, और 6 को खाद्य सुरक्षा और मानक (संशोधन) अध्यादेश, 2008 दिनांक 07 फरवरी, 2008 द्वारा संशोधित किया गया था जिसे खाद्य सुरक्षा और मानक (संशोधन) अधिनियम, 2008 दिनांक 28 मार्च, 2008 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था।

2.1.5 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (एफएसएस अधिनियम) के बनने के फलस्वरूप 5 सितम्बर, 2008 को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की स्थापना हुई। इस निर्णय से पूर्व में विखंडित की तुलना में एकीकृत खाद्य विनियामक पारितंत्र की स्थापना हुई और पूर्व में मात्र अपमिश्रण निवारण के विपरीत सुरक्षित और स्वास्थ्यकर भोजन सुनिश्चित करने की एक व्यापक समग्र पद्दति की ओर एक व्यापक परिवर्तन हुआ।

2.2 एफएसएसएआई का अधिदेश

जैसा कि एफएसएस अधिनियम में परिकल्पित है, खाद्य प्राधिकरण का अधिदेश मानव उपभोग के लिए सुरक्षित एवं स्वास्थ्य कर खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए खाद्य पदार्थों के विनिर्माण, उसके भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को और उससे संबन्धित मामलों को विनियमित करना है। खाद्य प्राधिकरण के कर्तव्य और कार्य अधिनियम की धारा 16 में निर्धारित है। इनका संक्षिप्त विवरण सारणी–2 में दर्शाया गया है:

सारणी 2–खाद्य प्राधिकरण के कर्तव्यों और कार्यों का विवरण

निदेशों का निर्धारण	विज्ञान आधारित	क्षमताओं का सुदृढ़ीकरण	उपभोक्ताओं पर ध्यान केन्द्रित करना
• खाद्य पदार्थों की पहचान के लिए मानकों का निर्धारण। • लेबलिंग और दावों के मानकों का निर्धारण। • योजकों, प्रदूषकों, अवशिष्टों आदि के लिए सीमाओं का निर्धारण। • नमूना लेने और विश्लेषण की पद्धति के लिए दिशानिर्देशों का विकास। • आयातित खाद्य वस्तुओं के लिए उपयुक्त सीमा नियंत्रण का कार्यान्वयन। • जोखिम का मूल्यांकन, प्रबंधन और संप्रेषण सहित जोखिम विश्लेषण करना। • प्रयोगशाला प्रमाणन और अधिसूचना के लिए दिशानिर्देशों का विकास करना। • प्रमाणन निकायों के प्रत्यायन के लिए दिशानिर्देशों का विकास। • एफएसएस अधिनियम का प्रवर्तन और कार्यान्वयन का सर्वेक्षण करना।	• नीतियों के निरुपण के लिए वैज्ञानिक परामर्श और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना। • उपभोग और जोखिम सामना, जैविक जोखिमों की घटना और व्यापकता, प्रदूषक, द्रुत चेतावनी प्रणाली आदि के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास क्रियाकलापों में अग्रणी बनना। • खाद्य सुरक्षा के लिए संकट प्रबंधन नयाचार का विकास। • वैज्ञानिक सहयोग, सूचना और विशेषज्ञता का आदान–प्रदान और वैश्विक दृष्टि से श्रेष्ठ पद्धतियों के कार्यान्वयन के लिए ढांचे का विकास। • अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के लिए वैज्ञानिक परामर्श और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।	• खादय सुरक्षा इकोसिस्टम के भीतर राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर खाद्य प्राधिकरणों के स्टॉफ, खाद्य कारोबारियों और अन्य हितधारियों की क्षमताओं के सदृढीकरण के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराना।	• उपभोक्ताओं और सम्बद्ध हितधारियों को उपयुक्त, सरल, सामयिक सूचना उपलब्ध कराना। • वैज्ञानिक समितियों और पैनलों की समितियों के बारे में सामयिक ढंग से संप्रेषण। • वैज्ञानिक अध्ययनों के परिणामों का आदान–प्रदान करना। • बैठकों की कार्यसूची के संबंध में खाद्य प्राधिकरण, परामर्श समिति, वैज्ञानिक समिति और पैनलों आदि के सदस्यों द्वारा हित संबंधी वार्षिक घोषणाओं का प्रकटन।

निदेशों का निर्धारण	विज्ञान आधारित	क्षमताओं का सुदृढ़ीकरण	उपभोक्ताओं पर ध्यान केन्द्रित करना
• खाद्य सुरक्षा और मानकों से संबंधित मामलों पर राज्य स्तरीय प्राधिकारियों का मार्गदर्शन करना।	• जोखिम मूल्याकंन पद्धतियों का विकास। • अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मानकों के बीच सामंजस्य को बढ़ावा देना। • अंतरराष्ट्रीय तकनीकी मानकों के विकास कार्य में योगदान।		

2.3 खाद्य प्राधिकरण का गठन और वर्ष के दौरान इसकी बैठकें

2.3.1 एफ.एस.एस अधिनियम, 2006 की धारा 5 के अनुसार खाद्य प्राधिकरण का एक अध्यक्ष होगा और निम्नलिखित 22 सदस्य होंगे, जिनमें से एक–तिहाई महिलाएं होंगी, अर्थात–

सारणी 3–खाद्य प्राधिकरण के अध्यक्ष से भिन्न अन्य सदस्यगण (धारा 5)

केन्द्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों से सदस्य	कृषि, वाणिज्य, उपभोक्ता मामले, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य, विधायी मामले, लघु उद्योग कार्यों से सम्बद्ध केन्द्र सरकार के मंत्रालयों अथवा विभागों का प्रतिनिधित्व करने के लिए कम से कम संयुक्त सचिव के स्तर के सात सदस्य जो *पदेन* सदस्य होंगे।
उपभोक्ता, किसानों और खुदरा विक्रेता संगठनों से प्रतिनिधित्व	उपभोक्ता संगठनों और किसानों से दो–दो प्रतिनिधि तथा खुदरा संगठनों से एक प्रतिनिधि
राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से प्रतिनिधित्व	अधिनियम की प्रथम अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट क्षेत्रों में से एक–एक बार प्रथम तीन वर्ष के चक्रानुक्रम से नियुक्त किए जाने वाले पांच सदस्यगण
खाद्य उद्योग और स्वतंत्र एसएमई और खाद्य प्रौद्योगिकीविदों अथवा वैज्ञानिकों से प्रतिनिधित्व	क) खाद्य उद्योग के दो प्रतिनिधि जिनमे से एक लघु उद्योग से संबंद्ध हो, ख) तीन प्रख्यात प्रौद्योगिकीविद् अथवा वैज्ञानिक

2.3.2 इसके अतिरिक्त, अधिनियम की धारा 9 के अनुसार, एफ.एस.एस.ए.आई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी खाद्य प्राधिकरण के सदस्य–सचिव हैं।

2.3.3 खाद्य प्राधिकरण के अध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सदस्यों की नियुक्ति केंद्रीय सरकार द्वारा की जाती है। प्राधिकरण का मुख्यालय एफ.डी.ए. भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली–110002 पर स्थित है।

2.3.4 वर्ष 2021–22 के दौरान खाद्य प्राधिकरण की संरचना निम्नानुसार थी:

आकृति 1–खाद्य प्राधिकरण की संरचना, 2021–22

अध्यक्ष

सदस्य सचिव (सीईओ)

धारा 5(1)(क) के तहत पदेन सदस्य

श्रीमति रीता तेवतिया
(27.11.2021 तक)

श्री राजेश भूषण
(28.11.2021 से)
(अतिरिक्त प्रभार)

श्री अरुण सिंघल

सारणी 4 के अनुसार

सारणी 4–धारा 5(1)(क) के अंतर्गत 2021–22 के दौरान खाद्य प्राधिकरण के पदेन सदस्य

क्र. सं.	नाम	पदनाम	मंत्रालय
1	डॉ. रीता वशिष्ठ	अपर सचिव	विधायी विभाग, विधि व न्याय मंत्रालय
2	डॉ. मंदीप कुमार भंडारी	संयुक्त सचिव	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
3	श्री आतिश चंद्र	संयुक्त सचिव	कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
4.	श्री दिवाकर नाथ मिश्रा	संयुक्त सचिव	वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
5	श्री अनुपम मिश्रा	संयुक्त सचिव	उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
6	सुश्री रीमा प्रकाश	संयुक्त सचिव	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
7	श्रीमती अलका नांगिया अरोड़ा	संयुक्त सचिव	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

2.3.5 वर्ष 2021–22 के दौरान खाद्य प्राधिकरण की पांच बैठकें निम्नलिखित विवरण के अनुसार आयोजित की गईं:

खाद्य प्राधिकरण की बैठक की संख्या	बैठक की तिथि
34वीं	23.04.2021
35वीं	24.06.2021
36वीं	23.09.2021
37वीं	23.11.2021
38वीं	02.03.2022

खाद्य प्राधिकरण की सभी पांच बैठकें वर्चुअल मोड में हुईं।

2.3.6 चूंकि पिछले वर्ष (वर्षों) में सदस्यों के कार्यकाल की समाप्ति होने पर केंद्र सरकार द्वारा 2021–22 के दौरान एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 5 की उप–धारा (1) के खंड (ख), (ग), (घ), (ड़), (च) और (छ) के तहत कोई सदस्य नियुक्त नहीं किया गया था, खाद्य प्राधिकरण की यह बैठकें कम सदस्यों के साथ आयोजित हुईं। तथापि, प्राधिकरण की बैठकों में यह सुनिश्चित करने के लिए की विचार–विमर्श व्यापक आधार का व परस्पर संवादात्मक हो, उद्योग और उपभोक्ता संगठनों अर्थात् फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की), कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई), ऑल इंडिया फूड प्रॉसेसर्स एसोसिएशन (एआईएफपीए) और मिज़ोरम कन्ज्युमर्स यूनियन से विशेष आमंत्रिती उपस्थित थे। इन बैठकों में भाग लेने के लिए वैज्ञानिक समिति के अध्यक्ष को भी आमंत्रित किया गया था। गुजरात, जम्मू–कश्मीर, कर्नाटक, मणिपुर, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों को भी प्राधिकरण की 34वीं से 37वीं बैठकों में विशेष आमंत्रितियों के रूप में आमंत्रित किया गया था। प्राधिकरण की 38वीं बैठक में केरल, दिल्ली, झारखंड, पंजाब और मेघालय के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों को विशेष आमंत्रिती के रूप में आमंत्रित किया गया था।

2.4 केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी)

2.4.1 एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 11 में केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी) की स्थापना का प्रावधान है और धारा 12 में इसके कार्यों का विवरण है। समिति का प्राथमिक अधिदेश कार्य योजना, कार्य का प्राथमिकीकरण, संभावित जोखिमों की पहचान और ज्ञान प्रबंधन के संबंध में प्राधिकरण को सलाह देना है। सीएसी खाद्य प्राधिकरण, राज्य प्रवर्तन एजेंसियों और खाद्य के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों के बीच निकट सहयोग और समन्वय सुनिश्चित करती है।

2.4.2 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 11 के अंतर्गत केंद्रीय सलाहकार समिति का 5 जुलाई, 2019 की अधिसूचना द्वारा 3 वर्षों के लिए पुनर्गठन किया गया था। वर्ष 2021–22 के दौरान, सीएसी की चार बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें एफएसएसएआई के अधिकारियों के अलावा खाद्य सुरक्षा आयुक्तों और राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के अन्य अधिकारियों और विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों के प्रतिनिधियों आदि ने भाग लिया और खाद्य सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

2.5 खाद्य प्राधिकरण की संगठनात्मक संरचना

2.5.1 एफएसएसएआई का मुख्यालय नई दिल्ली में है। प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय गाज़ियाबाद, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में स्थित हैं। वर्ष के शुरू में इसके शाखा/पोर्ट कार्यालय गुवाहाटी, कोच्चि, टूटिकोरिन, कृष्णापट्टनम, कांडला और मुंद्रा में थे। वर्ष के दौरान एफएसएसएआई ने कुछ और स्थानों अर्थात् विशाखापत्तनम, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी), मुंबई पर नए शाखा/पोर्ट कार्यालय खोले। इसके अलावा एफएसएसएआई की तीन राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशालाएं भी हैं अर्थात् एनएफएल, गाज़ियाबाद; एनएफएल कोलकाता (जिसका एक्स्टेंशन काउंटर रक्सौल में है); और एनएफएल, जेएनपीटी मुंबई। जेएनपीटी, मुंबई स्थित एनएफएल का संचालन वर्ष के दौरान शुरू किया गया। चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट, चेन्नई स्थित एक और राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला का संचालन 2022–23 में होना अपेक्षित है।



आकृति 2–खाद्य प्राधिकरण का संगठनात्मक ढ़ांचा

2.5.2 वर्ष के दौरान खाद्य प्राधिकरण ने इंदौर में नया शाखा कार्यालय और नासिक में नया आयात कार्यालय खोलने की स्वीकृति दी। ये कार्यालय निकट भविष्य में संचालित हो जाएँगे।

2.6 मुख्यालय में खाद्य प्राधिकरण के प्रभाग

एफएसएसएआई के मुख्यालय में निम्नलिखित प्रभाग हैं:

- मानव संसाधन प्रभाग
- सामान्य प्रशासन और नीति समन्वय प्रभाग (संसद, विधि, राजभाषा और आरटीआई शाखाएं भी शामिल हैं)
- सामाजिक और व्यवहारगत परिवर्तन प्रभाग
- सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग
- विज्ञान और मानक प्रभाग–I
- विज्ञान और मानक प्रभाग–II
- विनियम प्रभाग
- गुणवत्ता आश्वासन प्रभाग–I
- गुणवत्ता आश्वासन प्रभाग–II
- नियामिकी अनुपालन प्रभाग
- प्रशिक्षण प्रभाग
- व्यापार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रभाग

2.7 मानव संसाधन

2.7.1 स्वीकृत संख्या

एफएसएसएआई में विभिन्न स्तरों पर 824 पद स्वीकृत हैं। एफएसएसएआई में सभी पदों का पद–वार विवरण नीचे सारणी–5 में दिया गया है:

सारणी 5–एफएसएसएआई की पद–वार संस्वीकृत संख्या

क्र. सं.	पद का नाम	वेतन स्तर	स्वीकृत संख्या
1	अध्यक्ष	17	1
2	मुख्य कार्यकारी अधिकारी	15	1
3	कार्यकारी निदेशक	14	2
4	सलाहकार	14	2
5	निदेशक	13	16
6	मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी	13	1
7	मुख्य प्रबंधक	13	1
8	संयुक्त निदेशक	12	32
9	उप निदेशक	11	44
10	सहायक निदेशक	10	22

क्र. सं.	पद का नाम	वेतन स्तर	स्वीकृत संख्या
11	सहायक निदेशक (तकनीकी)	10	60
12	खाद्य विश्लेषक	10	10
13	तकनीकी अधिकारी	7	255
14	केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी	7	74
15	सहायक निदेशक (राजभाषा)	10	1
16	हिंदी अनुवादक	6	3
17	प्रशासनिक अधिकारी	8	25
18	सहायक	6	76
19	कनिष्ठ सहायक ग्रेड–I	4	12
20	वरिष्ठ निजी सचिव	8	7
21	निजी सचिव	7	17
22	निजी सहायक	6	39
23	वरिष्ठ प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)	12	2
24	प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)	11	2
25	उप प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)	10	4
26	सहायक प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)	7	10
27	सूचना प्रौद्योगिकी सहायक	6	6
28	वरिष्ठ प्रबंधक	12	2
29	प्रबंधक	11	8
30	उप प्रबंधक	10	16
31	सहायक प्रबंधक	7	8
32	कनिष्ठ सहायक ग्रेड–II	2	12
33	स्टॉफ कार चालक (साधारण ग्रेड)	2	3
34	मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	1	50
	कुल		**824**

2.7.2 एफएसएसएआई में भर्ती की स्थिति

सीधी भर्ती– 1 अक्तूबर, 2018 को विभिन्न पदों के लिए भर्ती विनियम अधिसूचित किए गए थे और उसके बाद भर्ती विनियमों के उपबंधों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। तदनुसार, प्रथम चरण में विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन विज्ञापन संख्या DR-01/2019 दिनांक 25 जनवरी, 2019, DR-02/2019 दिनांक 26 मार्च, 2019, DR-03/2019 दिनांक 16 अक्तूबर, 2019 और DR-01/2020 दिनांक 1 अगस्त, 2020 के द्वारा माँगे गए थे। इन विज्ञापनों की चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरण अर्थात् दस्तावेज़ जाँच/कम्प्युटर आधारित परीक्षा (सीबीटी)/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार (यथा लागू) पूरे किए जा चुके हैं। परिणामों के आधार पर 288 पदों में से कुल

266 अभ्यर्थी प्राधिकरण में कार्यग्रहण कर चुके हैं और शेष अभ्यर्थियों द्वारा कार्यग्रहण प्रक्रियाधीन है।

एफएसएसएआई ने विज्ञापन संख्या DR-01/2021 दिनांक 16 अप्रैल, 2021 और DR-02/2021 दिनांक 13 अक्टूबर, 2021 के द्वारा वरिष्ठ स्तर के पदों (वेतन स्तर–11 और उससे ऊपर) और DR-04/2021 दिनांक 30 सितंबर, 2021 के द्वारा कनिष्ठ स्तर के पदों (वेतन स्तर–10 और उससे नीचे) के लिए कुल 271 पदों पर भर्ती का दूसरा चरण शुरू कर दिया है। इन विज्ञापनों के संबंध में दस्तावेज़ जाँच/सीबीटी/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार (यथा लागू) की प्रक्रिया चल रही है।

प्रतिनियुक्ति– विज्ञापन संख्या DEP-01/2021 दिनांक 6 अक्टूबर, 2021 के द्वारा प्रतिनियुक्ति के आधार पर 72 पदों को भरने के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए थे। भर्ती की प्रक्रिया चल रही है।

संविदात्मक– विज्ञापन सं. CONT-01/2022 दिनांक 23 फरवरी, 2022 के द्वारा पूर्णतः संविदा के आधार पर खाद्य विश्लेषक के दो पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। भर्ती की प्रक्रिया चल रही है।

2.7.3 कार्यरतों की संख्या

31 मार्च, 2022 को एफएसएसएआई में कुल 545 कार्यरत कर्मचारी थे, जिनमें से 289 कर्मचारी नियमित आधार पर (सीधी भर्ती/आमेलन), 74 कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर, 40 कर्मचारी डीम्ड प्रतिनियुक्ति पर और 142 कर्मचारी संविदा के आधार पर नियुक्त थे।

2.8 महिला कर्मचारियों के लिए आंतरिक शिकायत समिति

विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य (1997) मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गए निर्णय और महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अनुसार एफएसएसएआई में एक आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) गठित की गई है और यह सुनिश्चित किया गया कि यह हर समय क्रियाशील एवं प्रभावी हो। समिति को वर्ष 2021–22 के दौरान कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। तथापि, एक विचाराधीन मामले में पत्राचार हुआ था जिस पर समिति ने तुरंत कार्रवाई की थी। नवनियुक्त कर्मचारियों को महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम और लिंग संवेदीकरण पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

2.9 सतर्कता संबंधी मामले

2.9.1 एफएसएसएआई की सतर्कता इकाई अपने मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रयोगशालाओं में कार्यरत कर्मचारियों के विरुद्ध विभिन्न स्रोतों से प्राप्त शिकायतों के संबंध में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार कार्य करती है। शिकायतों/मामलों की जांच या तो एफएसएसएआई द्वारा या स्वतंत्र एजेंसी (जैसे सीबीआई) के माध्यम से की जाती है। यदि प्रथम दृष्टया, अनियमितताओं के लिए किसी अधिकारी (अधिकारियों) को जिम्मेदार ठहराया जाता है, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के संबंध में आगे उचित कदम उठाया जाता है। दिशानिर्देशों के अनुसार जहां आवश्यक हो सीवीसी से भी परामर्श किया जाता है। 2021–22 की अवधि के

दौरान 116 शिकायतों के संबंध में कार्रवाई/निवारण किया गया।

2.9.2 एफएसएसएआई (मुख्यालय) और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रयोगशालाओं में 26 अक्टूबर, 2021 से 1 नवंबर, 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2021 मनाया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरुकता सप्ताह का विषय "स्वतंत्र भारत@75:सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता" था। इस अवसर पर दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 को सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद कर्मचारियों के सतर्कता संबंधी ज्ञान के बारे में एक लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। 1 नवम्बर, 2021 को एक कार्यशाला/संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय पर वार्ता के लिए बाहर से विशेषज्ञ को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 4,000/– रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 3,000/– रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 2,000/– रुपये का नकद पुरस्कार और 1,000/– रुपये नकद प्रत्येक के दो सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

2.10 अन्य कार्मिक और सामान्य सेवा मामले

2.10.1 एफएसएसएआई का डे–केयर केंद्र

बच्चों के लिए एफएसएसएआई का डे–केयर केंद्र– "नन्हे कदम" एफडीए भवन और पड़ोस के अन्य सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों, विशेषकर महिला कर्मचारियों, की सुविधा के लिए एफएसएसएआई मुख्यालय, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली में कार्य कर रहा है।

आकृति 3–एफएसएसएआई का डे–केयर केंद्र

2.10.2 जिम

एफएसएसएआई मुख्यालय और सीडीएससीओ में स्वास्थ्य के प्रति सजग कार्मिकों की आवश्यकता को पूरा करने और आस–पास के क्षेत्र के फिटनेस उत्साही लोगों के लाभ के लिए एफडीए भवन परिसर में एक आधुनिक वातानुकूलित जिम क्रियाशील है। योग की कक्षाएँ आयोजित करने की सुविधा भी बनाई गई है।

आकृति 4–जिम और योग की सुविधा

2.10.3 चिकित्सा की सुविधा

एफएसएसएआई के मुख्य कार्यालय में कार्यरत कार्मिकों के लाभ के लिए एक विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्शदाता को अंशकालिक आधार पर (सप्ताह में दो बार, दो घंटों के लिए) लगाया गया है। कर्मचारियों को विशेषज्ञ से मुफ्त चिकित्सा परामर्श मिलता है। परामर्शदाता चिकित्सक द्वारा निर्धारित कुछ मूलभूत आवश्यक दवाएं भी कर्मचारियों को निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। यह सुविधा उन कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है जो सीजीएचएस के अंतर्गत नहीं आते हैं।

2.11 एफएसएसएआई की कार्यात्मक आवश्यकताओं के लिए अतिरिक्त स्थान प्राप्त करने के लिए 2021–22 के दौरान उठाए गए कदम

2.11.1 वर्ष 2021–22 के दौरान, एफएसएसएआई ने अपनी कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निम्नलिखित स्थानों को अपने आधिपत्य में लिया:

(i) विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट (वीपीटी) में डीएलबी बिल्डिंग (कार्मिका ज्योति भवन), पोर्ट एरिया (जोन 1A) की 5वीं मंजिल पर 2,198 वर्ग फुट की जगह वीपीटी से जून, 2021 से 10 साल की अवधि के लिए @₹4,30,911 प्रति वर्ष पर लीज पर ली गई;

(ii) बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज, विजयनगर, बेंगलुरु–560040 में चौथी मंजिल पर 2,423.96 वर्ग फुट की जगह बीएसएनएल से ₹1,81,797 के मासिक किराए पर दिनांक 9 जुलाई, 2021 से तीन वर्ष की अवधि के लिए लीज पर ली गई, जिसे नौ वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

(iii) दूसरी मंजिल, टेलीफोन भवन एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, सी.जी. रोड, अहमदाबाद पर लगभग 3000 वर्ग फुट की जगह बीएसएनएल से लीज पर ₹2,49,000 के मासिक किराए पर 01 दिसंबर, 2021 से 5 वर्ष की अवधि के लिए ली गई जिसे 5 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है।

(iv) तीसरी मंजिल, सेंट्रल पार्क, हाउसफीड कॉम्प्लेक्स दिसपुर, गुवाहाटी में 4695 वर्ग फुट की जगह रबर बोर्ड से लीज पर ₹1,26,765 के मासिक किराए पर दिनांक 01 अगस्त, 2021 से तीन वर्ष की अवधि के लिए ली गई है।

2.11.2 एनएफएल, गाजियाबाद परिसर में एक बहुमंजिला इमारत (2 लेवल बेसमेंट+ग्राउंड फ्लोर+2 फ्लोर) का निर्माण किया जा रहा है जिससे ₹46.26 करोड़ की अनुमानित लागत से लगभग 60,000 वर्ग फुट की जगह तैयार हो जाएगी। इस परियोजना के लिए मेसर्स एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता है। निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसके सितंबर, 2022 तक पूरा होने की संभावना है।

2.11.3 भर्ती किए गए नए लोगों के कार्यग्रहण करने के बाद मुख्यालय में अधिक लोगों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एफडीए भवन, नई दिल्ली के निकटस्थ एमएमयू बिल्डिंग में लगभग 17,000 वर्ग फुट जगह आवंटित की है, जिसे अगस्त, 2020 में आधिपत्य में ले लिया गया था। इस जगह के अधिकांश हिस्से का नवीकरण ₹8.45 करोड़ की लागत से किया गया था और कुछ प्रभाग वहां काम भी कर रहे हैं। इस जगह के शेष भाग का नवीकरण ₹2.51 करोड़ की लागत से किया जा रहा है और संभावित है कि कुछ महीनों में उपयोग के लिए उपलब्ध हो जाएगा।

अध्याय-3

मानक और विनियम

3.1 खाद्य प्राधिकरण में वैज्ञानिक ढ़ाँचे का अवलोकन

एफ.एस.एस.ए.आई के वैज्ञानिक ढ़ाँचे में वैज्ञानिक समिति एवं वैज्ञानिक पैनल मुख्य वैज्ञानिक शाखाएँ हैं। ये दोनों निकाय आवश्यक वैज्ञानिक राय देते हैं तथा एक सुचारू पद्धति के माध्यम से मानकों के विकास में सहायता प्रदान करते है। इन दो वैधानिक वैज्ञानिक संस्थाओं के अतिरिक्त खाद्य प्राधिकरण ने कुछ अवैधानिक संस्थाओं की स्थापना भी की है जो वैज्ञानिक समिति एवं वैज्ञानिक पैनलों से जुड़ी होती हैं। विज्ञान संबंधित कार्यों एवं उनसे जुड़ी शाखाओं का सम्पूर्ण ढ़ाँचा रेखाचित्र के माध्यम से नीचे आकृति–5 में दर्शाया गया हैः–



आकृति 5–वैधानिक एवं अवैधानिक निकायों के संदर्भ में एफएसएसएआई का वैज्ञानिक कार्य

3.2 वैज्ञानिक समिति

एफएसएस अधिनियम की धारा 14 में वैज्ञानिक पैनल के अध्यक्षों तथा छह स्वतंत्र वैज्ञानिक विशेषज्ञों, जो किसी भी वैज्ञानिक पैनलों से संबद्ध न हों, को शामिल करते हुए एक वैज्ञानिक समिति के गठन का प्रावधान है। इस समिति पर खाद्य प्राधिकरण को वैज्ञानिक मत प्रदान करने, वैज्ञानिक राय की संगतता सुनिश्चित करने तथा विशेष रूप से वैज्ञानिक पैनलों की कार्य प्रक्रियायों को अपनाने और कार्य पद्वतियों में सामंजस्य

बैठाने हेतु सामान्य समन्वय का दायित्व होता है। वैज्ञानिक समिति एक से अधिक वैज्ञानिक पैनलों के दायरे में आने वाले बहु–क्षेत्रीय मुद्दों पर अपनी राय देती है तथा ऐसे मुद्दों पर कार्यकारी समूहों का गठन करती है जो उन वैज्ञानिक पैनलों में से किसी पैनल के दायरे में नहीं आता है। वैज्ञानिक समिति अपने सदस्यों में से किसी एक का अध्यक्ष के रूप में चुनाव करती हैं। वर्ष 2021–22 के दौरान वैज्ञानिक समिति ने चार बैठकें की (38वीं से 41वीं)।

3.3 वैज्ञानिक पैनल

3.3.1 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 13 में विषय–विशिष्ट वैज्ञानिक पैनलों को स्थापित करने का प्रावधान है जिसमें स्वतंत्र वैज्ञानिक विशेषज्ञ होते हैं। वैज्ञानिक पैनल जोखिम मूल्यांकन निकाय के रूप में कार्य करते हैं तथा अपनी सुविचारित वैज्ञानिक राय देते हैं।

3.3.2 खाद्य प्राधिकरण नए सदस्यों को जोड़कर अथवा विद्यमान सदस्यों को हटाकर अथवा पैनल के नाम में बदलाव कर, जैसा भी मामला हो, इन वैज्ञानिक पैनलों को पुनर्गठित करने के लिए सक्षम हैं। वैज्ञानिक पैनल अपने सदस्यों में से किसी एक सदस्य को अध्यक्ष के रूप में चुनते हैं।

3.3.3 वर्तमान में 21 विषय–विशिष्ट वैज्ञानिक पैनल कार्यरत हैं। वैज्ञानिकों पैनलों का विवरण और वर्ष के दौरान प्रत्येक वैज्ञानिक पैनल द्वारा की गई बैठकों का विवरण सारणी–6 में दर्शाई गई हैं।

सारणी 6–वैज्ञानिक पैनलों की सूची और वर्ष 2021–22 के दौरान इनके द्वारा की गई बैठकों की संख्या

क्र. स.	वैज्ञानिक पैनल	पैनल के द्वारा की गई बैठकों की संख्या
1	खाद्य सहयोज्य, सुवासकरी पदार्थ, प्रसंस्करण सहायक और खाद्य संपर्क सामग्री	04
2	कीटनाशक अवशिष्ट	05
3	एंटीबायोटिक अवशिष्ट	–
4	अनुवांशिक रूप से परिवर्तित जीव एवं खाद्य पदार्थ	03
5	कार्यमूलक खाद्य, न्युट्रास्युटिकल्स, आहारीय उत्पाद और अन्य सदृश्य उत्पाद	07
6	जैविक खतरे	03
7	खाद्य श्रृंखला में संदूषक	03
8	लेबलिंग और दावे/विज्ञापन	07
9	प्रतिचयन और विश्लेषण की पद्धती	04
10	मछली एवं मत्स्य उत्पाद	02
11	अनाज, दाल, फलियाँ एवं उनके उत्पाद (बेकरी सहित)	04
12	फल एवं सब्जियाँ एवं उनके उत्पाद (सूखे फल सहित)	02
13	पोल्ट्री सहित मांस एवं मांस उत्पाद	03

क्र. स.	वैज्ञानिक पैनल	पैनल के द्वारा की गई बैठकों की संख्या
14	दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद	02
15	तेल एवं वसा	03
16	मिठाईयाँ, मिष्ठान, मधुरक, चीनी और शहद	03
17	जल (सुवासित जल सहित) एवं पेय पदार्थ (अल्कोहल रहित)	04
18	पोषण एवं सुदृढ़ीकरण	03
19	मसाले एवं पाक्य जड़ी बूटी	03
20	पैकेजिंग	02
21	अल्कोहलीय पेय	04
	कुल	**71**

3.4 खाद्य में सुरक्षा एवं प्रभाव संबंधित डाटा उत्पन्न करने हेतु नूतन अथवा गैर विर्निदिष्ट खाद्य सघंटक/उत्पाद पर मानव हस्तक्षेप अध्ययनों के लिए खाद्य कारोबारियों को अनापत्ति या पूर्व नियामक निकासी जारी करने हेतु क्रियाविधी विकसित करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। इसने दो बार बैठकें की।

3.5 कार्यकारी समूह

वैज्ञानिक समिति मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एफएसएसएआइ) द्वारा विधिवत अनुमोदन के बाद कार्यकारी समूह गठित करती है। इनका गठन विशिष्ट मुद्दों या विशेषतया ऐसे मामले जो किसी भी वैज्ञानिक पैनल के कार्यक्षेत्र में नहीं आते हैं को देखने के लिए एवं/अथवा एक से अधिक वैज्ञानिक पैनलों के अंतर्गत आने वाले बहुक्षेत्रीय मुद्दों पर अपनी राय देने के लिए होता है। कार्यकारी समूहों का गठन करते समय वैज्ञानिक समिति संदर्भ की शर्तों को निश्चित करता है और समय–सीमा का भी उल्लेख करता है, जिसके अंतर्गत उसे कार्य पूरा करना है। वैज्ञानिक समिति ऐसे कार्यकारी समूहों के कार्यों का समन्वय भी करता है। वैज्ञानिक पैनलों एवं वैज्ञानिक समितियों के सदस्यों में से ही कार्यकारी समूहों के सदस्य चुने जाते है परन्तु इनमें संबंधित बाहरी विशेषज्ञ भी हो सकते हैं जो किसी भी वैज्ञानिक पैनल और वैज्ञानिक समिति का हिस्सा नहीं है। हॉलाकि किसी भी कार्यकारी समूह में ऐसे बाहरी विशेषज्ञ समूह के कुल सदस्यों की संख्या के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकते। कार्यकारी समूह के अध्यक्ष की नियुक्ति वैज्ञानिक समिति द्वारा वैज्ञानिक समिति या वैज्ञानिक पैनल के सदस्यों में से ही की जाती है। वैज्ञानिक समिति ने कुछ कार्यकारी समूह स्थापित किये हैं। इससे संबंधित विवरण सारणी–7 में दिया गया है।

सारणी 7—कार्यकारी समूहों का विवरण

क्रम सं.	कार्यकारी समूह का विवरण	कार्यकारी समूह द्वारा संचालित किए जाने वाले कार्य	वर्ष के दौरान की गई बैठकें
1	खाद्य रंगो पर कार्य करने वाला कार्यकारी समूह। (दिनांक 05.07.2018 के आदेश द्वारा गठित)	खाद्य रंगों का जोखिम मूल्यांकन, शब्दावली, वर्तमान अनुमेय सीमा एवं खाद्य रंगों के वर्तमान मानक की समीक्षा।	01
2	मत्स्य एवं मत्स्य उत्पादों में फॉर्मेल्डहाइड संबंधित मसलों के लिए कार्यकारी समूह। (दिनांक 06.12.2019 के आदेश द्वारा गठित)	मत्स्य एवं मत्स्य उत्पादों में फॉर्मेल्डिहाइड संबंधित मसलों का अध्ययन एवं पुनरावलोकन।	03
3	खमीरयुक्त मत्स्य उत्पादों के मानकों के विकास हेतु कार्यकारी समूह। (दिनांक 11.06.2021 के आदेश द्वारा गठित)	खमीरयुक्त मत्स्य उत्पादों के मानकों का विकास करना।	02
4	प्रसंस्करण सहायकों पर कार्यकारी समूह। (दिनांक 24.11.2017 के आदेश द्वारा गठित)	उद्योगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले एवं संभावित प्रयोग में लाए जाने वाले प्रसंस्करण सहायकों की पहचान करना एवं उनकी सिफारिश करना, अवशिष्ट सीमा की सिफ़ारिश करना। अनुवांशिक रूप से परिष्कृत स्त्रोतों से प्राप्त होने वाले प्रकिण्वों (एँजाइम) की जाँच करना एवं उनकी सिफारिश करना।	02
5	सुवासकरी पदार्थों के पुनरावलोकन पर गठित कार्यकारी समूह। (दिनांक 01.05.2020 के आदेश द्वारा गठित कार्यकारी समूह)	सुवासकरी पदार्थों के सुरक्षित होने संबंधी मामलों का अध्ययन व समीक्षा और सुवासकारी पदार्थों की एक निश्चित सूची की संस्तुति।	01
6	खाद्य योजकों व प्रसंस्करण सहायकों के मानकों के विकास के लिए गठित कार्यकारी समूह। (दिनांक 08.12.2020 के आदेश द्वारा गठित)	खाद्य योजकों व प्रसंस्करण सहायकों के लिए उपलब्ध राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानक/विशिष्टताएं संग्रहित कर उनके लिए एक तुलनात्मक आधार तैयार करना। एकत्रित जानकारी के आधार पर भारत केन्द्रित मानकों का विकास करना।	01
7	फ्रंट ऑफ पैक लेबलिंग के लिए गठित कार्यकारी समूह। (दिनांक 25.11.2019 के आदेश द्वारा गठित)	फ्रंट ऑफ पैक लेबलिंग के लिए सभी खाद्य श्रेणियों एवं उप–श्रेणियों के संबंध में वसा, चीनी एवं नमक की शुरुआती मान की समीक्षा के लिए कार्यकारी समूह।	04 अब भंग हो गई है।

क्रम सं.	कार्यकारी समूह का विवरण	कार्यकारी समूह द्वारा संचालित किए जाने वाले कार्य	वर्ष के दौरान की गई बैठकें
8	न्युट्रास्युटिकल्स विनियमों में सम्मिलित उत्पाद और संगठकों के लिए विश्लेषण पद्दति पर गठित कार्यकारी समूह। (दिनांक 10.09.2020 के आदेश द्वारा गठित)	एफएसएस (स्वास्थ्य पूरकों, न्युट्रास्युटिकल्स, विशेष आहारीय उपयोग के लिए खाद्य, विशेष चिकिस्तीय प्रयोजन हेतु खाद्य, क्रियात्मक खाद्य और नवीन खाद्य विनियम, 2016 के अन्तर्गत आने वाली सामग्रियों/उत्पादों के विश्लेषण की विधियों से संबंधित मामलों को संबोधित करने हेतु गठित की गई।	01

3.6 *गैर – विनिर्दष्ट खाद्य/खाद्य सामग्रियों का अनुमोदन*

3.6.1 खाद्य सुरक्षा और मानक (गैर – विनिर्दष्ट खाद्य और खाद्य संघटक के लिए अनुमोदन) विनियम, 2017 खाद्य प्राधिकरण को किसी भी प्रकार के गैर – विनिर्दष्ट खाद्य (मालिकाना खाद्य को छोड़कर) व खाद्य संघटकों को अनुमति प्रदान करने के लिए सक्षम बनाता है। इसमें नूतन खाद्य, नए खाद्य योजक एवं नए प्रसंस्करण सहायक तथा सूक्ष्म जीव, बैक्टीरिया, खमीर, कवक और शैवाल सहित या इनसे प्राप्त खाद्य संगठक सम्मिलित हैं। इन विनियमों में आवेदनों (जिसमें विचाराधीन उत्पाद के बारे में आवेदक द्वारा पूर्ण रूप से सभी वैज्ञानिक जानकारी दी गई है।) के मूल्यांकन हेतु एक विशेषज्ञ समिति की स्थापना का प्रावधान है।

3.6.2 गैर – विनिर्दष्ट खाद्य के अनुमोदन की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए दिनांक 3 सितंबर, 2021 के आदेश से 3 अतिरिक्त विशेषज्ञ समितियों की स्थापना की गई जिससे उनकी कुल संख्या बढ़कर 6 हो गई है।

3.6.3 प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए प्राधिकरण ने खाद्य सुरक्षा और मानक (गैर – विनिर्दष्ट खाद्य और खाद्य संघटक के लिए अनुमोदन) विनियम, 2017 में विनिर्दष्ट अपील प्रक्रिया में संशोधन किया है तथा समय सीमा भी बाँध दी है।

3.6.4 2021–22 के दौरान गैर – विनिर्दष्ट खाद्य और खाद्य संघटक की स्वीकृति के लिए कुल 79 आवेदन प्राप्त हुए। वर्ष के प्रांरभ में भी कुछ आवेदन लंबित थे। इस अवधि के दौरान आवेदनों पर विचार करने के लिए 6 विशेषज्ञ समितियों ने कुल 22 बैठकें की। इन बैठकों के फलस्वरूप 66 आवेदन स्वीकृत करने की संस्तुति की 30 रद्द किए गए। 83 आवेदनों को या तो बंद कर दिया गया या वे वापिस ले लिए गए। वर्ष के दौरान 66 उत्पादों/सामग्रियों के लिए स्वीकृति दी गई।

3.7 दावों का अनुमोदन

3.7.1 खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावें) विनियम, 2018 को इसलिए अधिसूचित किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खाद्य उत्पादों के बारे में दावों और विज्ञापन में अतिशयोक्ति नहीं है तथा उपभोक्ता हित को सुरक्षित रखने हेतु ऐसे दावों और विज्ञापनों के लिए खाद्य कारोबारों को जिम्मेदार बनाया जा सके जो स्वास्थ्य और/या पोषण लाभ से संबंधित हैं। विनियम की विभिन्न अनुसूचियों के अंतर्गत ऐसे विशिष्ट दावों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनको खाद्य कारोबारी बिना खाद्य प्राधिकरण की पूर्वानुमति के कर सकते है। तथापि, गैर – मानक दावों के अनुमोदन के लिए

विशेषज्ञ समिति ऐसे आवेदनों (तथा दिए गए वैज्ञानिक सबूतों की) जाँच करता है जो पूर्वानुमती के लिए प्राप्त होती हैं।

3.7.2 2021–22 के दौरान कुल आठ आवेदन प्राप्त हुए थे। विशेषज्ञ समिति ने इन आवेदनों पर विचार करने के लिए 4 बैठकें की। विचार करने के बाद केवल एक आवेदन को स्वीकार किया गया। इसके अलावा अपील पर विचार करने के पश्चात एक पूर्व आवेदन को भी स्वीकार किया गया।

3.8 प्रतिचयन एवं विश्लेषण की नियमपुस्तिकाएँ (मैनुअल)/विधियाँ

3.8.1 प्रतिचयन एवं विश्लेषण की विधियों पर वैज्ञानिक पैनल एवं वैज्ञानिक समिति की सिफारिशों के आधार पर 2021–22 के दौरान विश्लेषण की निम्नलिखित नियमपुस्तिकाएँ/विधियाँ स्वीकृत हुई हैः

i. खाद्य के विश्लेषण के पुनरावलोकित मैनुअल एवं विधियाँ–अल्कोहलीय बीवरेज

ii. सेब एवं सेब के रस में पातुलीन के निर्धारण की विधि

iii. खाद्य उत्पादों में नियासीन के निर्धारण की विधि

3.8.2 https://fssai.gov.in/cms/manuals-of-methods-of-analysis-for-various-food-products.php. पर मैनुअल/विधियों की पूरी सूची उपलब्ध है।

3.9 अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)

3.9.1 वर्ष के दौरान नीचे दिए गए विनियमों पर अक्सर पूछे गए प्रश्न तैयार किए गए और एफएसएसएआई की वेबसाइट पर डाले गए–

i. मानकीकृत उत्पादों में जिनमें खाये जाने वाले नमक का प्रयोग विनिर्दिष्ट है, आयोडाईज्ड नमक का प्रयोग सही है या नहीं;

ii. खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य या स्वास्थ्य अनुपूरक, न्यूट्रास्युटिकल्स, विशेष आहार विषयक उपयोग के लिए खाद्य, विशेष चिकित्सीय प्रयोजन के लिए खाद्य, कृत्यकारी खाद्य और नूतन खाद्य) विनियमावली, 2016, (08.10.2021 को पुनरीक्षीत)।

3.9.2 विभिन्न मानकों पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न https://fssai.gov.in/cms/standardsfaq.php पर उपलब्ध हैं।

3.10 मार्गदर्शी नोट

3.10.1 हितधारकों के मार्गदर्शन के लिए कुछ मार्गदर्शी नोट/दस्तावेज भी एफएसएसएआई की वेबसाइट पर अपलोड किए गएः

- खाद्य सेवा प्रतिष्ठानों में सूचना के प्रदर्शन हेतु मार्गदर्शी नोट (23.02.2022 को अपलोड किया गया)।
- ट्रांस फैटी एसिड पर मार्गदर्शी नोट (03.03.2022 को अपलोड किया गया)।
- खाद्य उत्पादों में कीटनाशकों की अधिकतम अवशिष्ट सीमा (एमआरएल) के लिए मानक निर्धारण प्रक्रिया और मार्गदर्शी दस्तावेज (16.03.2022 को अपलोड किया गया)।

3.10.2 हितधारकों की सूचना के लिए एफएसएसएआई द्वारा जारी मार्गदर्शी नोट/दस्तावेज की संपूर्ण सूची https://fssai.gov.in/cms/guidance-notes.php पर उपलब्ध है।

3.11 विभिन्न घोषणापत्र जमा करने हेतु पोर्टल

गोपनीयता, द्वन्द एवं विशेष हित इत्यादि के संबंध में घोषणापत्र जमा करने हेतु अध्यक्ष एफएसएसएआई द्वारा 23 अगस्त, 2021 को एक पोर्टल का उद्घाटन किया गया। उक्त पोर्टल में वैज्ञानिक पैनल, वैज्ञानिक समिति, कार्यकारी समूहों एवं विशेषज्ञ समितियों इत्यादि के सदस्यों की सम्पर्क जानकारी, विभिन्न बैठकों के विवरण व गोपनीयता, द्वन्द एवं विशेष हित इत्यादि से संबंधित जमा किए गए फॉर्म भी उपलब्ध हैं। इस पोर्टल के माध्यम से ईमेल eatright-india@fssai.gov.in के माध्यम से सदस्यों को बैठक से पहले फॉर्म जमा करने के लिए एक लिंक साझा किया जाता है।

आकृति 6—घोषणापत्र जमा करने हेतु पोर्टल का उद्घाटन

3.12 परामर्शिकाएँ/आदेश

2021—22 के दौरान निम्नलिखित परामर्शिकाएँ या आदेश जारी किए गए —

- खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 16(5) के अन्तर्गत दिनांक 2 अगस्त, 2021 को रिकमेन्डेड डायटरी अलाउअन्सेज (आरडीए) के संबंध में निर्देश।
- खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 16 (5) के अन्तर्गत दिनांक 11 जनवरी, 2022 को पॉलिनिया कूपाना (गुआराना) का कैफीन के स्त्रोत के रूप में प्रयोग के संबंध में।
- खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 16(5) के अंतर्गत दिनांक 18 जनवरी, 2022 को खाद्य पैकेजिंग में रिसाइकिल्ड प्लास्टिक के प्रयोग के संबंध में मसौदा खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग) संशोधन विनियम, 2022 के प्रचालन के संबंध में निर्देश।
- खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 16(5) के अंतर्गत दिनांक 3 फरवरी, 2022 को विभिन्न आयु वर्ग के लिए रिकमेन्डेड डायटरी अलाउअन्सेस (आरडीए) के प्रतिशत योगदान की घोषणा के संबंध में।

- खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 16(5) के अंतर्गत दिनांक 29 मार्च, 2022 को एफएसएस (खाद्य अनुपूरक, न्युट्रास्युटीकल्स, विशेष आहारीय प्रयोग के लिए खाद्य और प्रिबायोटिक एवं प्रोबायोटिक खाद्य) विनियम, 2022 (एफएसएस न्युट्रा, विनियम, 2022) के प्रचालन संबंध में निर्देश।
- दिनांक 19 जुलाई, 2021 को वैज्ञानिक पैनलों के गठन में परिवर्तन संबंधी आदेश।
- 27 जुलाई, 2021 को खाद्य सुरक्षा और मानक (गैर विनिर्दिष्ट खाद्य एवं खाद्य संघटकों के लिए अनुमोदन) विनियम, 2017 के तहत अनुवांशिक रूप से परिष्कृत (जीएम) खाद्य के संबंध में आवेदन हेतु नोटिस।
- 27 अगस्त, 2021 को दावों के अनुमोदन से संबंधित अपील प्रक्रिया के संबंध में आदेश।
- 16 नवम्बर, 2021 को खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 के संदर्भ में बहु स्रोत खाद्य तेल (एमएसईओ) के प्रयोग के दावों से जुड़ा स्पष्टीकरण।
- 15 दिसम्बर, 2021 को खाद्य सुरक्षा और मानक (गैर विनिर्दिष्ट खाद्य एवं खाद्य संघटकों के लिए अनुमोदन) विनियम, 2017 में विनिर्दष्ट अपील प्रक्रिया के संबंध में आदेश।
- 13 जनवरी, 2022 को एफएसएस (खाद्य अनुपूरक, न्युट्रास्युटिकल्स, विशेष आहारीय प्रयोग के लिए खाद्य, विशेष चिकित्सीय प्रयोजन के लिए खाद्य, क्रियात्मक खाद्य एवं नूतन खाद्य) प्रथम संशोधन विनियम, 2021 में विनिर्दिष्ट प्रोबायोटिक के नामों के प्रयोग के संबंध में आदेश।
- 10 फरवरी, 2022 को एफएसएस (शिशु पोषण के लिए खाद्य) विनियम, 2020 के 16(1)(ड़) प्रावधान के अनुसार इनबोर्न एर्रस ऑफ मेटाबॉलिज्म (आईइएम) अवस्थाओं की अनुमोदित सूची।
- 25 फरवरी, 2022 को एफएसएस (शिशु पोषण खाद्य) विनियम, 2020 में विनिदिष्ट हाइपोएलरजेनिक शिशु दुग्ध विकल्प से संबंधित स्पष्टीकरण।
- 29 मार्च, 2022 को एफएसएस (शिशु पोषण खाद्य) विनियम, 2020 के कार्यान्वयन के संबंध में आदेश।
- किसान/छोटे उत्पादकों व उत्पादक संगठनों और अंतिम उपभोक्ताओं के बीच विक्रय को सुकुर बनाने वाले एग्रीगेटर व बिचौलियों के लिए मानक संचालित प्रक्रियाएँ (एसओपी)– छूट वाली इकाइयाँ।

3.13 वर्ष 2021–22 के दौरान प्रकाशित नए विनियम/संशोधन अधिसूचनाएँ/मसौदा संशोधन अधिसूचनाएँ

3.13.1 विनियमों के संबंध में इस अवधि के दौरान कुल 11 अंतिम अधिसूचनाएँ और 17 मसौदा अधिसूचनाएँ जारी की गई। वर्ष के दौरान अधिसूचित अंतिम अधिसूचनाओं की सूची सारणी–8 में दी गई है। वर्ष के दौरान अधिसूचित मसौदा अधिसूचनाओं की सूची सारणी–9 में दी गई है।

3.13.2 डब्ल्यूटीओ–एसपीएस/टीबीटी अधिसूचना

भारत, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के लिए हस्ताक्षरकर्ता है और इस कारण सैनिटरी और फाइटो सैनिटरी (एसपीएस) व व्यापार में तकनीकी बाधाओं (टीबीटी) पर समझौतों पर भी हस्ताक्षरकर्ता है। इन समझौतों के आवश्यकतानुसार, एफएसएसएआई लगातार अपने मानकों और विनियमों को डब्ल्यूटीओ मंच पर अधिसूचित करता रहा है और सदस्य देशों से सूझाव और टिप्पणियाँ भी मँगाता रहा है। वर्ष 2021–22 के दौरान 17 डब्ल्यूटीओ अधिसूचनाएँ (एसपीएस और टीबीटी) अधिसूचित

किए गए। इसके अलावा डब्ल्यूटीओ प्रणाली के अन्तर्गत ई विभिन्न देशों के एसपीएस व टीबीटी अधिसूचनाओं पर भी भारत के जवाब के लिए एफएसएसएआ तकनीकी इनपुट लगातार देता रहा है।

3.14 नई प्रधान अधिसूचनाएँ

(क) मसौदा एफएसएस (वेगन खाद्य) विनियम, 2021

3.14.1 खाद्य सुरक्षा और मानक (वेगन खाद्य) विनियम का मसौदा अधिसूचना भारतीय राजपत्र में 6 सितंबर, 2021 को प्रकाशित किया गया था एवं 08 सितंबर, 2021 को अपलोड किया गया था। इसके तहत हितधारकों से टिप्पणियाँ एवं सुझाव आमंत्रित करने के लिए 60 दिन का समय दिया गया था। दिनांक 20 सितंबर, 2021 को डब्ल्यूटीओ–एसपीएस सदस्यों से 60 दिनों के अन्दर टिप्पणियाँ आमंत्रित की गई थी। विभिन्न टिप्पणियाँ एवं सूझावों की जाँच करने के पश्चात खाद्य प्राधिकरण ने 2 मार्च, 2022 को हुई अपनी 38वीं बैठक में सरकार की स्वीकृति से अंतिम अधिसूचना के लिए अंतिम (मसौदा) अधिसूचना को स्वीकृति दी।

3.14.2 अंतिम (मसौदा) एफएसएस (वेगन खाद्य) विनियम, 2021 की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

- वेगन खाद्य का आशय उन खाद्य या खाद्य सामग्रियों (सहयोज्य, फ्लेवरिंग्स, एंजाइम एवं वाहकों सहित) या प्रसंस्करण सहायक से है जो किसी भी प्रकार से पशु मूल के ना हों एवं जिसमें उत्पादन एवं प्रसंस्करण के किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की सामग्री (संयोजक, फ्लेवरिंग्स, इनजाइम्स या वाहक सहित) या प्रसंस्करण सहायक जो पशू मूल के हों प्रयोग में ना लाए गए हों।

- वेगन कहे जाने वाले खाद्य उत्पादों में किसी भी प्रयोजन से सुरक्षा आंकलन सहित ऐसी कोई जाँच नहीं की जानी चाहिए, जिसमें पशु परीक्षण शामिल हो, जब तक यह किसी विनियामक प्राधिकरण द्वारा अनिवार्य न किया गया हो।

- वेगन खाद्य के लिए इस्तेमाल किए जाने वाली पैकेजिंग सामग्री पैकेजिंग विनियम के तहत विर्निदिष्ट प्रावधानों का अनुपालन करती हो, बशर्ते कि वे सामग्रियाँ पशु मूल की ना हों।

- खाद्य कारोबारी यह सुनिश्चित करें कि उत्पादन, प्रसंस्करण और वितरण की सभी अवस्थाओं में उचित सावधानियाँ बरती जाएँ तथा अच्छी उत्पादन रीतियों का पालन किया जाए ताकि गैर वेगन उत्पादों की अनचाही उपस्थिति से बचा जा सके। यदि गैर वेगन उत्पादों/सामग्रियों के लिए भी वही उत्पादन प्रणाली प्रयोग में लाई जाती है तो वेगन उत्पादों के प्रवेश से पहले संपूर्ण साफ–सफाई, या जीएमपी (अच्छे उत्पादन रीतियाँ) के अनुरूप अन्य उपाय किए जाने चाहियें। यह प्रक्रिया सभी संबंधित मशीनरी, उपकरण, बर्तनों और सतहों पर अपनाएं जाएँ। वेगन उत्पादों के तैयार होने, उत्पादन करने एवं पैकेजिंग करने से पहले जीएमपी के अनुपालन के साथ उचित सावधानियाँ बरतनी चाहिए।

- उत्पादक स्तर तक पता लगाने की क्षमता स्थापित की जानी चाहिए। खाद्य कारोबारी खाद्य सामग्री या उत्पादों की वेगन गुणता को बनाए रखने के लिए समय–समय पर खाद्य प्राधिकरण द्वारा विनिर्दष्ट अन्य आवश्यकताओं का पालन करें।

- वेगन खाद्य अनुपालन :
    - खाद्य कारोबारी खाद्य प्राधिकरण द्वारा विनिर्दष्ट फॉर्मेट में सभी आवश्यक विवरण के साथ एक आवेदन संबंधित लाइसेंसिग अधिकारी को जमा करेंगे।
    - खाद्य प्राधिकरण वेगन लोगो के अनुमोदन हेतु दिशा निर्देश जारी कर सकती है।
- स्वीकृती के बाद वेगन खाद्य के प्रत्येक पैकेज पर नीचे दिया गया 'लोगो' विद्यमान होना चाहिए:

VEGAN

इस लोगो का अनावरण 20 सितंबर, 2021 को माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा किया गया।

आकृति 7—माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा वेगन लोगो का प्रमोचन

(ख) एफएसएस (आर्युवेद आहार) विनियम, 2022

3.14.3 भारत के प्राचीन आर्युवेद सिद्धान्तों तथा प्राचीन ग्रन्थों के अनुसार तैयार किए गए आहार को पहचान देने के लिए एफएसएसएआई और आयुष मंत्रालय ने आर्युवेद आहार के लिए अलग विनियम तैयार

करने का निर्णय किया। इसे पूरा करने के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक (आयुर्वेद आहार) मसौदा विनियम, 2021 को 30 जून, 2021 को जन टिप्पणियों और सुझावों के लिए अधिसूचित किया। इन विनियमों को अंतिम रूप देने से पहले प्राप्त टिप्पणियों एवं सूझावों पर वैज्ञानिक पैनल की विभिन्न बैठकों में आयुष मंत्रालय के साथ चर्चा कर आगे विचार किया गया। 2 मार्च, 2022 को खाद्य प्राधिकरण की 38वीं बैठक में अंतिम (मसौदा) विनियमों को रखा गया और इस बैठक में प्राधिकरण ने केन्द्रीय सरकार की स्वीकृती से अंतिम अधिसूचना के लिए अनुमोदित किया।

3.14.4 आर्युवेद आहार विनियम की मुख्य विशेषताएँ –

- 'आर्युवेद आहार' का अर्थ इस विनियम की अनुसूची 'क' में दी गई की सूची में दी गई आर्युवेद की प्रामाणिक पुस्तकों में वर्णित विधियों या प्रक्रियाओं या सामग्रियों के अनुसार तैयार खाद्य से है।
- इन विनियमों में निम्नलिखित शामिल नहीं हैं:
  - ➢ ड्रग व कोस्मेटिक अधिनियम, 1940 व नियम 1945 की अनुसूची ई–1 में वर्णित आर्युवेदिक औषधियों या मालिकाना आर्युवेदिक दवाइयाँ एवं औषधिय उत्पाद, कॉस्मेटिक्स, नारकोटिक्स या साइकोट्रोपिक उत्पाद, जड़ीबूटियाँ।
  - ➢ धातु आधारित आर्युवेदिक औषधियाँ, भष्म या पिश्ती।
  - ➢ प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर अधिसूचित कोई अन्य सामग्री।
  - ➢ दैनिक उपयोग में लाए जाने वाले खाद्य उत्पाद (दालों, चावल, आटा, वनस्पतियाँ) जिनमें किसी भी प्रकार की आर्युवेदिक सामग्री न हो।
  - ➢ 24 महीने के शिशुओं के लिए अपेक्षित आहार।
  - ➢ विटामिन/मिनरल के समायोजन की अनुमति नहीं हैं।
- लेबलिंग –
  - ○ आर्युवेदिक आहार की लेबलिंग, प्रदर्शन एवं विज्ञापन के दौरान यह दावा नहीं किया जाना चाहिए कि मानवीय रोग के उपचार, बचाव एवं ठीक करने की क्षमता है।
  - ○ लेबल में आशायित उद्देश्य, लक्ष्य समूह एवं प्रयोग संबंधी सलाह का वर्णन किया जाना चाहिए।
  - ○ उत्पाद में 'आर्युवेद आहार' शब्द वस्तु के नाम के एकदम साथ होना चाहिए एवं फ्रंट ऑफ पाक लाबेल पर विशिष्ट 'लोगो' भी होना चाहिए।

आयुर्वेद आहार
Ayurveda Aahara

- वैधानिक चेतावनी – 'केवल आहारीय प्रयोग के लिए'
- उपयोग के दौरान बरतने वाली सावधानियाँ (कुप्रभाव, विपरीत संकेत)
- उत्पाद पर 'बच्चों की पहुँच से दूर रखा जाना चाहिए' कथन भी लिखा जाना चाहिए।
- उत्पाद पर यह चेतावनी भी होनी चाहिए कि इसका प्रयोग केवल मुख के द्वारा किया जाना चाहिए आत्रेंतर प्रयोग के लिए नहीं।

3.15 नेटस्कोफेन

3.15.1 खाद्य सुरक्षा और अनुप्रयुक्त पोषण हेतु वैज्ञानिक सहयोग का नेटवर्क (नेटस्कोफेन) की स्थापना जनवरी, 2020 में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 16(3) के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा एवं पोषण के क्षेत्र में कार्यरत अनुसंधान एवं शैक्षणिक संस्थान के नेटवर्क के रूप में की गई थी। वर्तमान में नेटस्कोफेन के 8 समूह हैं जिनमें 10 अग्रणी संस्थान हैं जो खाद्य सुरक्षा संबंधी क्षेत्रों में कार्य कर रहे अन्य साझेदार संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2021–22 के दौरान परिक्रामी निधि को वार्षिक ₹20 लाख के निश्चित अनुदान में परिवर्तित कर दिया गया। इस वार्षिक अनुदान को दो किस्तों में बाँटा गया, जिसमें से पहली किस्त अप्रैल, 2021 में तथा दूसरी अक्तूबर, 2021 में दी गई। प्रत्येक किस्त में ₹10 लाख (ग्रुप में एक अग्रणी संस्थान की स्थिती में) एवं ₹5 लाख (ग्रुप में 2 अग्रणी संस्थान की स्थिति में) दिए गए। वर्ष के दौरान नेटस्कोफेन की गतिविधियों को चलाने के लिए 10 अग्रणी संस्थानो को ₹91,40,995 अनुदान के रूप में दिए गए।

3.15.2 खाद्य गुणता और सुरक्षा हेतु नेटस्कोफेन के अन्तर्गत चल रही अनुसंधान एवं विकास/सर्वेक्षण परियोजनाएं

खाद्य गुणता और सुरक्षा नेटस्कोफेन के अन्तर्गत हेतु अनुसंधान एवं विकास/सर्वेक्षण हेतु एफएसएसएआई ने 23 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इनमें से 16 परियोजनाओं को तकनीकी एवं वित्तीय रूप से बंद कर दिया गया है। 6 परियोजनाएँ गत वर्ष ही पूरी कर दी गई थीं जबकि 10 को 2021–22 के दौरान पूरा किया गया। वर्ष 2021–22 के दौरान पूरी की गई 10 अनुसंधान परियोजनाओं का विस्तृत विवरण सारणी–10 में दिया गया है। वर्तमान में कार्यरत 7 अनुसंधान परियोजनाओं का विवरण सारणी–11 में दिया गया है।

3.16 फूड–ओ–कोपिया

3.16.1 फूड–ओ–कोपिया खाद्य श्रेणी आधारित मोनोग्राफ का एक समूह है जो किसी विशिष्ट उत्पाद श्रेणी से संबंधित सभी प्रावधानों के लिए एकल संदर्भ के रूप में कार्य करेगा। मोनोग्राफ में उस उत्पाद श्रेणी के लिए संपूर्ण मानक, लेबलिंग और दावे आवश्यकताएँ, विशिष्ट पैकेजिंग आवश्यकताएँ एवं अन्य विनियामक प्रावधान जो उस उत्पाद के लिए आवश्यक हैं उपलब्ध होंगे। किसी खाद्य पदार्थ/संघटक के नमूने के विश्लेषण के लिए प्रयोगशालायों को जो क्रियाविधि अपनानी है, उसकी सूची भी होगी। कुल 16 विषय विशिष्ट मोनोग्राफ होंगे। इसके अतिरिक्त, सभी विभिन्न खाद्य श्रेणियों के लिए जो सभी पर लागू होने वाली आम अपेक्षाएँ होंगी, उनके लिए एक अलग से मोनोग्राफ होगा। एफएसएसएआई ने 17 मोनोग्राफ विकसित करने के लिए 8 नेटस्कोफेन समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। उस उद्देश्य की पूर्ती के लिए ₹85 लाख का खर्च स्वीकृत किया गया था जिसमें से

80% जारी कर दिया गया। फूड–ओ–कोपिया मोनोग्राफ के लिए वित्तीय सहायता सहित नेटस्कोफेन समूहों एवं प्रदत्त खाद्य श्रेणियों का विवरण सारणी–12 में दिया गया है।

3.16.2 फूड–ओ–कोपिया के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल का भी विकास किया गया जिससे नेटस्कोफेन समूहों को अलग–अलग खाद्य श्रेणियों के मानकों का विवरण देने में सहायता मिली। एफएसएसएआई को इन मोनोग्राफ का पहला मसौदा प्राप्त हुआ है जिसकी जाँच चल रही है।

सारणी 8–वर्ष 2021–22 के दौरान अधिसूचित अंतिम विनियमों की सूची

क्र. सं.	अंतिम विनियम	अधिसूचित किए गए
1.	भैंस के दूध, आयातित निष्काषित तेल को शुद्धिकरण (रिफाइनिंग) से छूट, अंगूर के बीज के तेल, सोयाबीन सॉस, अखरोट गिरि, बेसन, मक्के माँड़, पीले मटर का पाउडर, काली, सफेद और हरी मिर्च, सूखा सेज, ठोस अवस्था में इंस्टेट टी, कैफीन रहित भुनी एवं पिसी हुई कॉफी एवं कासनी का मिश्रण, कैफीन रहित इंसटेट कॉफी एवं कासनी का मिश्रण, कैलोरी युक्त एवं कैलोरी मुक्त मीठाकारक के संबंध में खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक एवं खाद्य सहयोज्य) तीसरा संशोधन विनियम, 2021।	26.07.2021
2.	दृढ़ीकृत दुग्ध पाउडर के मानक से संबन्धित खाद्य सुरक्षा और मानक (दृढ़ीकृत खाद्य) संशोधन विनियम, 2021।	27.08.2021
3.	बहु स्त्रोत खाद्य तेल की लेबलिंग आवश्यकताएँ और मीठकारकों हेतु लेबलिंग आवश्यकताओं के पुनरावलोकन के संबंध में खाद्य सुरक्षा और मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) प्रथम संशोधन विनियम, 2021।	10.09.2021
4.	सूक्ष्मपोषण तत्वों की सहिष्णु क्षमता के संबंध में खाद्य सुरक्षा और मानक (दृढ़ीकृत खाद्य) द्वितीय संशोधन विनियम, 2021।	27.09.2021
5.	संकलक या मध्यस्थ के लिए निश्चित छूट एवं रूपांतरित उत्पादों की लेबलिंग के संबंध में खाद्य सुरक्षा और मानक (जैव खाद्य) प्रथम संशोधन विनियम, 2021।	14.10.2021
6.	जई उत्पाद मानकों एवं शिशुओं के लिए फॉर्मूला वाले पूरकों की सहिष्णु क्षमता के संशोधन से संबंधित खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक एवं खाद्य सहयोज्य) चौथा संशोधन विनियम, 2021।	03.11.2021
7.	विदेशी खाद्य उत्पादन सुविधायों के पंजीकरण एवं निरीक्षण के समावेश के बारे में खाद्य सुरक्षा और मानक (आयात) संशोधन विनियम।	03.11.2021
8.	कच्चे खाद्य तेल, बहु स्त्रोतीय तेल, निर्जलित सब्जियाँ, प्रोटीन प्रचुर गेहूं का आटा, प्रोटीन प्रचुर मैदा, बहु धान्य आटा, मिश्र मिलेट आटा, चारा, शहद, मीठे तुलसी के सूखे पत्ते, वापिस किए जा सकने वाले डिब्बे में कैलोरी रहित मीठकारक, भांग के बीज एवं उसके उत्पाद, खाद्य बीज उत्पादों के मानकों से संबंधित मानक के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक एवं खाद्य सहयोज्य) पाँचवा संशोधन विनियम, 2021।	15.11.2021

क्र. सं.	अंतिम विनियम	अधिसूचित किए गए
9.	घी और अन्य दूध वसा उत्पादों के मानकों से संबंधित खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य सहयोज्य) संशोधन विनियम, 2021।	27.12.2021
10.	जल के लिए अपारदर्शी पैकेजिंग सामग्री से संबंधित खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग) संशोधन विनियम, 2022।	25.01.2022
11.	अपने खपत उपयोग हेतु अथवा शत प्रतिशत निर्यात के लिए मूल्यवर्धित उत्पादों के उत्पादन से संबंधित आयातित खाद्य के प्रतिचयन के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक (आयात) संशोधन विनियम, 2022।	14.02.2022

सारणी 9–वर्ष 2021–22 के दौरान अधिसूचित मसौदा विनियमों की सूची

क्र. सं.	मसौदा विनियम	अधिसूचित किए गए
1.	खाद्य सुरक्षा और मानक (आर्युवेद आहार) विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना।	30.06.2021
2.	कच्चे नारियल तेल, चीया तेल, एवोकाड़ो तेल, सूर्यमुखी के बीज का तेल–उच्च ओलिक अम्ल, कुसुंभ के बीज का तेल–उच्च ओलिक अम्ल के दावों से संबन्धित खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना।	19.08.2021
3.	खाद्य सुरक्षा और मानक (वेगन खाद्य) विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना।	06.09.2021
4.	खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना जो विनियम 4, उप–विनियम 4 की तालिका 1 में डीईएचपी एवं एटींमोनी की नई प्रविष्टियाँ से संबन्धित है।	06.09.2021
5.	खाद्य सुरक्षा और मानक (स्वास्थ्य अनुपूरक, न्युट्रास्युटिकल्स, विशेष आहार विषयक उपयोग के लिए खाद्य, विशेष चिकित्सीय प्रयोजन के लिए खाद्य, कृत्यकारी व नूतन खाद्य) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना।	06.09.2021
6.	एफएसएस (विक्रय पर निषेध और निर्बंधन) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना जो शिशु पोषण के लिए खाद्य के उत्पादन, विक्रय, संग्रह अथवा विक्रय हेतु प्रदर्शन से संबन्धित है।	06.09.2021
7.	खाद्य सुरक्षा और मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना जो पान मसाला उत्पादों के लेबल पर दी गई चेतावनी एवं विभिन्न प्रकार की ब्रेडों की लेबलिंग से संबन्धित है।	06.09.2021
8.	खाद्य सुरक्षा और मानक (गैर विनिर्दिष्ट खाद्य और खाद्य संघटकों का अनुमोदन) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना जो पूर्वानुमति हेतु प्रक्रिया के संबंध में हैं।	22.09.2021

क्र. सं.	मसौदा विनियम	अधिसूचित किए गए
9.	खाद्य सुरक्षा और मानक (शिशु पोषण के लिए खाद्य) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना।	22.09.2021
10.	खाद्य सुरक्षा और मानक (विक्रय पर निषेध और निर्बंधन) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना जो उप–विनियम 2.3.14 के उप वाक्य 11 में 'बहुस्त्रोती खाद्य वनस्पति तेल' के स्थान पर 'बहु स्त्रोतीय खाद्य तेल' के प्रयोग के संबंध में है।	22.09.2021
11.	खाद्य सुरक्षा और मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना जो विभिन्न उप–नियमों में कुछ बदलाव के संबंध में है।	27.09.2021
12.	खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य सहयोज्य) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना जो गिनी कुक्कुट अंडे, डबल टोंड दूध में वसा सामग्री कम करने, फिनफिश एवं शेलफिश में प्राकृतिक रूप से उत्पन्न फॉर्मेल्डीहाइड की सीमा एवं बासमती चावल के मानक इत्यादि के संबंध में।	14.10.2021
13.	खाद्य सुरक्षा और मानक (जीन परिवर्तित अथवा इंजीनीयरित खाद्य) विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना।	15.11.2021
14.	खाद्य सुरक्षा और मानक (अल्कोहालिक पेय) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना जो अल्कोहालिक पेय के गैर अल्कोहालिक समकक्ष एवं सुवासित बीयर के संबंध में है।	22.11.2021
15.	खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना जो मानदंड, प्रयोज्यता एवं सामग्री के दावों के पुनरीक्षण से संबन्धित है।	27.12.2021
16.	खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद और खाद्य सहयोज्य) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना जो प्रसंस्करण सहायकों में अनुवाँशिक रूप से परिवर्तित स्त्रोतों से उत्पन्न एंजाइम के शामिल करने के संबंध में है (32वीं एवं 35वीं बैठक में स्वीकृत)।	27.12.2021
17.	खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य सहयोज्य) संशोधन विनियम, 2021 मसौदा अधिसूचना जो भेड़ के दूध के मानक, तेलों के मान, कद्दूकस नारियल बूरा, गेहुँ का आटा और परिणामी आटा, मोटे अनाज, मिथुन (बोसफ्रोन्टॉलिस), गन्ने के रस से तैयार गुड़ ताड़ के गुड़ में चीनी की सीमा तय करना, परिष्कृत आयोडाइज्ड नमक, कम सोडियम वाला नमक, शुष्क मीठे मारजोराम, नारियल नीरा, प्राकृतिक रूप से तैयार मिनरल वॉटर एवं पैकेज्जड पीने के पानी में द्रव्य नाइट्रोजन की मात्रा, खाद्य में सम्मिलित सामग्रियाँ, सूक्ष्मजैविक मानक इत्यादि से संबंधित।	27.12.2021

सारणी 10—2021—22 के दौरान पूरी की गई अनुसंधान परियोजनाओं की सूची

क्र.स.	परियोजना का नाम	संस्थान का नाम	परियोजना अन्वेषक	परियोजना की कुल लागत (रुपये)
1	सोयाबीन में कुनिट्ज़ ट्रिप्सिन इनहिबिटर और फाइटिक एसिडः आकलन और प्रोफाइलिंग के तरीकों का मूल्यांकन	आईसीएआर—भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर	डॉ विनीत कुमार	37,80,000
2	गाय के दूध के अलावा गोजातीय दूध में दूध वसा शुद्धता के निर्धारण के लिए आईएसओ 17678:2010 में दी गई जीसी विश्लेषण पद्धति का सत्यापन और मानकीकरण।	आईसीएआर— राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल	डॉ विवेक शर्मा	31,64,000
3	खाद्य उद्योग में इसके संभावित अनुप्रयोग के लिए खट्टे फलों के प्रकार्यात्मक घटकों और एंटीऑक्सिडेंट्स का विश्लेषण।	आईसीएआर— केन्द्रीय नींबू वर्गीय फल अनुसंधान संस्थान, नागपुर	डॉ. दिनेश कुमार	35,84,000
4	विभिन्न क्षेत्रों के खाने योग्य वनस्पति तेलों में कीटनाशक अवशिष्टों और धातु संदूषकों पर डेटा तैयार करना।	सीएसआईआर— भारतीय रासायनिक प्रोद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद	डॉ. बी.एल.ए. प्रभावती	29,12,000
5	तलते समय वनस्पति तेलों की गुणवत्ता का आकलन और तले हुए तेलों को बार—बार तलने के लिए सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देश तैयार करना।	सीएसआईआर— भारतीय रासायनिक प्रोद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद	डॉ. एम.एस.एल करुणा	22,92,000
6	कृत्रिम रूप से पकाए गए फलों की रासायनिक संरचना और उनके अवशिष्टों में परिवर्तन की पहचान करने के लिए तुलनात्मक अध्ययन।	सीएसआईआर— भारतीय रासायनिक प्रोद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद	डॉ. यू.वी.आर विजयसारथी	37,16,000
7	बाजार में उपलब्ध चुनिंदा हर्बल उत्पादों में संदूषण और प्रतिस्थापन का पता लगाने के लिए डीएनए बार—कोडिंग का अनुप्रयोग।	सीएसआईआर— उत्तर पूर्व विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान, असम	डॉ. दीपनविता बानी	50,00,000

क्र.स.	परियोजना का नाम	संस्थान का नाम	परियोजना अन्वेषक	परियोजना की कुल लागत (रुपये)
8	मिश्रित, अंतरएस्टरीकृत और मिलावटी तेलों में तेलों की पहचान और मात्रा निर्धारण के लिए नवीन पद्धतियों का विकास।	सीएसआईआर– भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद	डॉ. संजीत कांजीलाल	26,16,000
9	मांस में घटिया गुणवत्ता वाले मांस के अपमिश्रण को रोकने के लिए प्रजातियों की पहचान।	आईसीएआर यूनिट, राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र, हैदराबाद	डॉ. एस. वैथियंथन	40,50,000
10	भारत के प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों में ऊष्मा प्रेरित खाद्य विषाक्त पदार्थ– एक्रिल एमाइड की उपस्थिती	सीएसआईआर– राष्ट्रीय अन्तर्विषयी विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईआईएसटी), तिरुवनंतपुरम	डॉ. पी. निशा	27,68,000

सारणी 11–वर्तमान में चल रही अनुसंधान परियोजनाएँ

क्र. स.	परियोजना का नाम	संस्थान का नाम	परियोजना अन्वेषक	परियोजना की कुल लागत (रुपये)
1	खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन के लिए मत्स्य खाद्य प्रमाणीकरण के लिए मानक प्रोटोकॉल और मॉलिक्यूलर उपकरणों का विकास	आईसीएआर– केन्द्रीय अंतर स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोच्चि	डॉ. बिमल प्रसन्न मोहंती	29,12,000
2	अंगूर के साधारण प्रसंस्कृत उत्पादों की पोषण गुणवत्ता और सुरक्षा मूल्यांकन	आईसीएआर– राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे	डॉ. शर्मिष्ठा नाइक और डॉ. अहमेद शबीर	30,74,000
3	प्रसंस्कृत मांस में कार्सिनोजेनिक और म्यूटाजेनिक यौगिकों का आकलन	आईसीएआर यूनिट, राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र, हैदराबाद	डॉ. एम. मुथुकुमार	49,00,000
4	भारतीय तट पर फिनफिश और शेलफिश प्रजातियों में भारी धातु की निगरानी और उसे कम करने के संभावित उपाय	आईसीएआर– केन्द्रीय अंतर स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोच्चि	डॉ. सत्येन कुमार पांडा	50,00,000
5	चॉकलेट और कोको उत्पादों में भारी धातुओं की उपस्थिति से संबंधित डेटा का अल्पावधि अध्ययन	राष्ट्रीय खाद्य प्रोद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफटेम), सोनीपत	उपलब्ध नहीं	36,97,000

क्र. स.	परियोजना का नाम	संस्थान का नाम	परियोजना अन्वेषक	परियोजना की कुल लागत (रुपये)
6	ताजा पकड़ी गई फिनफिश और शेलफिश प्रजातियों में फॉर्मलडिहाइड की प्राकृतिक मात्रा	आईसीएआर– केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईएफटी), कोच्चि	डॉ. सत्येन कुमार पांडा	54,00,000
7	एथोक्सीक्विन की जीनोटॉक्सिक क्षमता का मूल्यांकन	भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ	डॉ. कौसर अंसारी	10,00,000

सारणी 12–नेटस्कोफेन समूह एवं प्रदत्त खाद्य श्रेणियां व फूड–'ओ'–कोपिया मोनोग्राफ के लिए वित्तीय सहयोग

क्र. स.	नेटस्कोफेन समूह और लीड इंस्टिट्यूट (एलआई) का नाम	सामान्य अपेक्षाओं पर आधारित श्रेणियों सहित खाद्य श्रेणियाँ	मोनोग्राफ तैयार करना (रु.)	प्रति मोनोग्राफ आकस्मिकता (प्रदान किए गए टेम्पलेट के अनुसार मोनोग्राफ को डिजिटाइज़ करने और उसकी सॉफ्ट प्रतियाँ प्रदान करने के लिए)	प्रति मोनोग्राफ अद्यतन करना (वार्षिक या द्विवार्षिक)	कुल (रु.)
1	बायोलॉजिकल ग्रुप (बीआईजी) लीड संस्था– आईसीएआर– भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), इज्ज़तनगर	क) डेयरी उत्पाद और एनालॉग, खाद्य श्रेणी के उत्पादों को छोड़कर। ख) तैयार खाद्य पदार्थ।	7,20,000	80,000	2,00,000	10,00,000
2	केमिकल ग्रुप (सीएचजी) लीड संस्था सीएसआईआर– भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ	क) वसा और तेल और वसा पायस ख) बेकरी के बरतन	7,20,000	80,000	2,00,000	10,00,000

क्र. स.	नेटस्कोफेन समूह और लीड इंस्टिट्यूट (एलआई) का नाम	सामान्य अपेक्षाओं पर आधारित श्रेणियों सहित खाद्य श्रेणियाँ	मोनोग्राफ तैयार करना (रु.)	प्रति मोनोग्राफ आकस्मिकता (प्रदान किए गए टेम्पलेट के अनुसार मोनोग्राफ को डिजिटाइज़ करने और उसकी सॉफ्ट प्रतियाँ प्रदान करने के लिए)	प्रति मोनोग्राफ अद्यतन करना (वार्षिक या द्विवार्षिक)	कुल (रु.)
3	पोषण व दावे ग्रुप (एनसीजी) लीड संस्था आईसीएमआर – राष्ट्रीय पोषण संस्थान, (एनआईएन), हैदराबाद	क) विशेष पोषण संबंधी उपयोगों के लिए अभिप्रेत खाद्य पदार्थ; ख) शहद सहित मीठाकारक	7,20,000	80,000	2,00,000	10,00,000
4	पशु मूल के खाद्य ग्रुप (एफएजी) लीड संस्था– आईसीएआर– राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र (एनआरसीएम), हैदराबाद	क) कुक्कुट सहित मांस और मांस उत्पाद; ख) अंडा और अंडा उत्पाद	7,20,000	80,000	2,00,000	10,00,000
5	खाद्य परीक्षण ग्रुप (एफटीजी) लीड संस्था – आईसीएआर– केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईएफटी), कोच्चि व आईआईटी– गांधीनगर	क) मोलस्क, क्रस्टेशियन और एकिनोडर्म्स सहित मछली और मत्स्य उत्पाद; ख) नमक, मसाले, सूप, सॉसेज, सैलेड, प्रोटीन उत्पाद	7,20,000	80,000	2,00,000	10,00,000
6	जल एवं पेय ग्रुप (डब्ल्यूबीजी) लीड संस्था सीएसआईआर– भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद	क) डेयरी उत्पादों को छोड़कर पेय; ख) खाने योग्य बर्फ, शर्बत और सॉर्बेट	7,20,000	80,000	2,00,000	10,00,000

क्र. स.	नेटस्कोफेन समूह और लीड इंस्टिट्यूट (एलआई) का नाम	सामान्य अपेक्षाओं पर आधारित श्रेणियों सहित खाद्य श्रेणियाँ	मोनोग्राफ तैयार करना (रु.)	प्रति मोनोग्राफ आकस्मिकता (प्रदान किए गए टेम्पलेट के अनुसार मोनोग्राफ को डिजिटाइज करने और उसकी सॉफ्ट प्रतियाँ प्रदान करने के लिए)	प्रति मोनोग्राफ अद्यतन करना (वार्षिक या द्विवार्षिक)	कुल (रु.)
7	सुरक्षित व धारणीय पैकेजिंग ग्रुप (एसपीजी) लीड संस्था – भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी), मुम्बई	क) सामान्य अपेक्षायें श्रेणियाँ जैसे लेबलिंग घोषणाएं, पैकेजिंग, निषेध और सभी मोनोग्राफ का प्रतिबंधन; ख) खाने के लिए तैयार व्यंजन	7,20,000	80,000	2,00,000	10,00,000
8	वनस्पति मूल के खाद्य (एफपीजी) लीड संस्था – राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम), सीएसआईआर– केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई),	क) फल और सब्जियाँ उत्पाद (मशरूम और कवक, जड़ और कंद, दालें और फलियां और एलोवेरा सहित), समुद्री शैवाल, नट और बीज; ख) अनाज और अनाज की जड़ों तथा कंदों से प्राप्त अनाज उत्पाद, दालें फलियां और ताड़ के पेड़ का पिथ या नरम कोर, खाद्य श्रेणी के बेकरी वेयर्स को छोड़कर; तथा ग) मिष्ठान्न	10,80,000	1,20,000	3,00,000	15,00,000
		कुल–पिच्यासी लाख रुपये				85,00,000/–

अध्याय-4

खाद्य सुरक्षा अनुपालन

4.1 लाइसेंसिंग/पंजीकरण

4.1.1 देश में सभी खाद्य कारोबारियों (एफबीओ) को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 31 के अंतर्गत किसी भी खाद्य पदार्थ के कारोबार को आरंभ करने या जारी रखने लिए पंजीकृत कराना होता है अथवा लाइसेंस लेना होता है। खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस प्रदान करने अथवा उनका पंजीकरण करने के लिए प्रक्रिया का विनियमन खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत किया जाता है। केंद्रीय लाइसेंस, राज्य लाइसेंस और पंजीकरण के लिए पात्रता मानदंड निर्धारित की गई है। केन्द्रीय व राज्य लाइसेंस के मामले में, किसी स्थान विशेष जिसके लिए लाइसेंस प्रदान किया गया है, पर विभिन्न प्रकार के खाद्य कारोबारों के लिए विशिष्ट लाइसेंस संख्या दी जाती है। खाद्य कारोबारियों द्वारा खाद्य उत्पादों का क्रय या विक्रय केवल लाइसेंसशुदा/पंजीकृत विक्रेताओं से ही करना अपेक्षित होता है और उनका रिकॉर्ड रखना होता है।

4.1.2 केंद्रीय या राज्य लाइसेंस या पंजीकरण के लिए पात्रता मानदंड और खाद्य लाइसेंस/पंजीकरण प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज एफएसएसएआई की वेबसाइट https://foscos.fssai.gov.in/business-eligibilty पर उपलब्ध हैं।

4.1.3 लाइसेंस जारी करने और पंजीकरण की प्रक्रिया को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिए, केंद्रीय लाइसेंस, राज्य लाइसेंस और पंजीकरण के लिए एकल खिड़की के रूप में काम करने के लिए वर्ष 2012 में एफएसएसएआई ने मैनुअल प्रक्रिया के स्थान पर ऑनलाइन खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण प्रणाली (एफएलआरएस) की शुरुआत की। इस प्रणाली की धीमी गति का समाधान करने के लिए एफएलआरएस के स्थान पर खाद्य सुरक्षा और अनुपालन प्रणाली (फोस्कोस) नामक नई ऑनलाइन प्रणाली शुरु की गई जिसे सभी राज्यों/संघशासित प्रदेशों में दिनांक 01 नवंबर, 2020 से लागू किया गया। फोस्कोस उन्नत सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के साथ क्लाउड आधारित सर्वर पर कार्य करता है। एफबीओ की लाइसेंसिंग और उनके पंजीकरण के अलावा, विभिन्न मॉड्यूल के एकीकरण के माध्यम से यह खाद्य सुरक्षा के लिए वन–स्टॉप 'अनुपालन पोर्टल' के रूप में भी उपयोगी होगा। कुछ मॉड्यूल जैसे ऑडिट मॉड्यूल, निरीक्षण, ऑनलाइन रिटर्न फाइलिंग मॉड्यूल, स्वच्छता रेटिंग आदि को पहले ही फोस्कोस के साथ समेकित किया जा चुका है। फोस्कोस में प्रवाह एफएलआरएस के समान ही होते हैं, ताकि उपयोगकर्ताओं को फोस्कोस का उपयोग करने में सुविधा बनी रहे। प्रमुख परिवर्तनों में से एक विनिर्माताओं के लिए लाइसेंसिंग पद्धति है जो अब मानकीकृत उत्पाद सूची पर आधारित है। अनिवार्य दस्तावेजों को युक्तिसंगत बनाया गया है और कई कागज आधारित घोषणाओं के स्थान पर ऑनलाइन घोषणा की सुविधा की गई है। फोस्कोस खाद्य कारोबारियों के लिए 'इज ऑफ डूइंग बिज़नस' को बढ़ाती है।

4.1.4 कोविड–19 महामारी के बावजूद केंद्रीय और राज्य अभिहित अधिकारियों (डीओ) और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य व्यवसायों की निरंतर निगरानी और देख–रेख के कारण वर्ष 2021–22 के दौरान नए एफबीओ को जारी किए गए केंद्रीय/राज्य लाइसेंसों की संख्या में पिछले वर्षों की तुलना में काफी वृद्धि हुई है। पिछले तीन वर्षों अर्थात 2019–20, 2020–21 और 2021–22 के दौरान नए एफबीओ को जारी किए गए केंद्रीय/राज्य लाइसेंसों/पंजीकरणों की संख्या का तुलनात्मक डेटा निम्नानुसार है: –

वर्ष	केंद्रीय लाइसेंस	राज्य लाइसेंस	पंजीकरण
2019–20	6,814	1,78,721	12,34,424
2020–21	8,965	1,63,228	10,66,117
2021–22	14,852	2,81,132	14,68,421



4.2 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रवर्तन तंत्र की प्रशासनिक संरचना

एफएसएस अधिनियम, 2006 के अध्याय VII में अधिनियम के प्रवर्तन से संबंधित प्रावधान हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें खाद्य सुरक्षा आयुक्त के संस्थागत माध्यम से अपने–अपने क्षेत्राधिकार में एफएसएस अधिनियम, 2006 के प्रवर्तन के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेदार हैं। खाद्य सुरक्षा आयुक्त के अधीन टीम में अभिहित अधिकारी (डीओ) और खाद्य सुरक्षा अधिकारी (एफएसओ) शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा आयुक्त (एफएससी) अपने अंतर्गत अभिहित अधिकारियों और एफएसओ के माध्यम से अपने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में लाइसेंसिंग/पंजीकरण और प्रवर्तन का कार्य करते हैं। न्यायनिर्णयन तंत्र में विशेष न्यायालयों और साधारण दीवानी न्यायालयों के अलावा न्यायनिर्णयन अधिकारी (एओ) और अपीलीय न्यायाधिकरण शामिल हैं। विभिन्न

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रवर्तन तंत्र की प्रशासनिक व्यवस्था का विवरण सारणी–13 में दिया गया है।

4.3 लाइसेंसिंग और पंजीकरण को सुकुर बनाना

एफएसएसएआई ने लाइसेंस और पंजीकरण प्राप्त करने के मामले में एफबीओ की सुविधा के लिए वर्ष 2021–22 के दौरान कई पहलें की हैं, जिनमें निम्नलिखित पहलें शामिल हैं:

- लाइसेंस के मानदंड में बदलाव के मामले में लाइसेंस संख्या में बदलाव किए बिना राज्य लाइसेंस को केंद्रीय लाइसेंस और इसके विपरीत स्थानांतरित करने की अनुमति दी गई है।
- एफबीओ को लाइसेंस या पंजीकरण संख्या में बदलाव किए बिना अपने परिसरों को या तो राज्य के भीतर या अन्य राज्य में स्थानांतरित करने की अनुमति दी गई है।
- एफबीओ को अपना लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी नवीनीकृत करने की सुविधा देना–हालांकि लाइसेंस/पंजीकरण के निरस्त होने से 6 महीने पहले की अवधि में एफबीओ को 10 ईमेल/एसएमएस अनुस्मारक भेजे जाते हैं, फिर भी कुछ एफबीओ निर्धारित अवधि के भीतर अपने लाइसेंस/पंजीकरण को नवीनीकृत करने में विफल रहते हैं। अक्टूबर, 2021 तक, निरस्त होने के बाद लाइसेंस/पंजीकरण नवीनीकृत करने का कोई प्रावधान नहीं था। लेकिन अब एफबीओ के लिए अपने लाइसेंस/पंजीकरण को निरस्त होने की तारीख से 6 महीने तक (जुर्माना सहित) नवीनीकृत करने का प्रावधान किया गया है ताकि एफबीओ अपने लाइसेंस/पंजीकरण को नवीनीकृत करने के बाद उसी लाइसेंस/पंजीकरण संख्या को जारी रख सकें।
- छोटे खाद्य कारोबारी/स्टार्ट–अप जो पंजीकरण प्रमाण पत्र के लिए पात्र हैं, अब फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप के माध्यम से आसानी से आवेदन दाखिल कर सकते हैं।
- मिठाई और नमकीन उत्पादों जैसे पारंपरिक खाद्य पदार्थों के निर्माता केवल केंद्रीय लाइसेंस के लिए पात्र थे। अब ऐसे उत्पादों के निर्माता पात्रता मानदंड के अनुसार राज्य लाइसेंस या पंजीकरण या केंद्रीय लाइसेंस भी प्राप्त कर सकते हैं।
- लाइसेंस या पंजीकरण के लिए आवेदन करते समय व्यावसायिक गतिविधि के चयन में किसी भी अस्पष्टता से बचने के लिए एफएसएसएआई ने आपूर्तिकर्ता, विपणनकर्ता, निर्यातक (घरेलू और निर्यात) जैसे कुछ प्रकार के व्यवसायों को हटा दिया है।
- जिन एफबीओ के पास फोस्कोस के लॉगिन क्रेडेंशियल्स नहीं हैं, उनके लिए यूजर क्रेडेंशियल्स/ईमेल और मोबाइल नंबर के अद्यतन के लिए एक एसओपी तैयार किया गया है।

4.4 प्रवर्तन

4.4.1 एफएसएस अधिनियम, 2006 और उसके तहत बनाए गए नियमों और विनियमों के कार्यान्वयन और प्रवर्तन का कार्य मुख्य रूप से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों की सरकारों का है। खाद्य उत्पादों की नियमित निगरानी, मॉनिटरिंग, निरीक्षण और यादृच्छिक नमूने लेने का कार्य संबंधित राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा विभागों के अधिकारियों द्वारा किया जाता है ताकि यह जांचा जा सके कि खाद्य उत्पादों के संबंध में निर्धारित मानकों का अनुपालन किया जा रहा है या नहीं। ऐसे मामलों में जहां खाद्य नमूने गैर–अनुरूप पाए जाते हैं, एफएसएस अधिनियम, 2006 के अध्याय IX के तहत दंडात्मक प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाती है। वर्ष 2021–22 के दौरान विश्लेषित किए गए

नमूनों, निर्धारित मानकों और मानदंडों के गैर–अनुरूप नमूनों और की गई दंडात्मक कार्रवाई का विवरण सारणी–14 में दिया गया है।

4.4.2 एफएसएसएआई ने 08 मार्च, 2021 को अधिसूचना जारी की जिसमें बहु–स्रोतीय खाद्य वनस्पति तेल (एमएसईवीओ) के उत्पादन के लिए सरसों के तेल के सम्मिश्रण को दिनांक 08 जून, 2021 से प्रतिबंधित किया गया। खाद्य कारोबारियों द्वारा इस प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, एफएसएसएआई ने 08 जून, 2021 के पत्र के माध्यम से सभी राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों को निगरानी और लक्षित प्रवर्तन करने का निर्देश दिया। किए गए निरीक्षणों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

एमएसईवीओ बनाने वाले एफबीओ (केंद्रीय और राज्य) की कुल संख्या	निरीक्षित एफबीओ की संख्या	निष्क्रिय एफबीओ	जिन एफबीओ ने अन्य तेलों के सम्मिश्रण का कार्य करना शुरु कर दिया है	सरसों के तेल के सम्मिश्रण का कार्य जारी करने वाले एफबीओ की संख्या
620	620	55	565	0

4.4.3 मौजूदा खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य सहयोज्य) विनियम, 2011 कॉफी और कॉफी–कासनी के मिश्रण के मानकों को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करते हैं। यह निर्दिष्ट किया गया है कि कॉफी–कासनी के मिश्रण में कॉफी की मात्रा 51 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए और कॉफी और कासनी के मिश्रण वाले प्रत्येक पैकेज के लेबल पर कॉफी और कासनी की मात्रा का प्रतिशत दर्शाया जाना चाहिए। एफएसएस (पैकेजिंग और लेबलिंग) विनियम, 2011 के अनुसार, 'प्री–पैकेज्ड' खाद्य को किसी भी ऐसे लेबल पर या लेबलिंग तरीके से वर्णित या प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिए जो कि भ्रामक हो या जिससे उसकी प्रकृति के बारे में किसी भी प्रकार से गलत धारणा बन सकती हो। साथ ही एफएसएस (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 में यह निर्धारित किया गया है कि 'शुद्ध' शब्द का प्रयोग केवल एक घटक वाले खाद्य के लिए ही किया जाएगा जिसमें कुछ भी मिलाया न गया हो। यह देखा गया कि बाजार में उपलब्ध उत्पादों में उपरोक्त एफएसएसआर प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है और उनमें या तो कॉफी–कासनी के मिश्रण को शुद्ध कॉफी के रूप में दर्शाया जा रहा है या मिश्रण में कॉफी और कासनी की मात्रा का प्रतिशत अलग–अलग नहीं दर्शाया जा रहा है।

4.4.4 तदनुसार, एफएसएसएआई ने पत्र दिनांक 11 नवंबर, 2021 के माध्यम से सभी राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों और केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरणों को उपरोक्त प्रावधानों का आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित करने और कॉफी और कॉफी–कासनी मिश्रण के मानकों संबंधी एफएसएस नियमों के उल्लंघन के लिए एफबीओ के खिलाफ उचित नियामक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कॉफी–कासनी का निर्माण करने वाले सभी 42 केंद्रीय लाइसेंस प्राप्त खाद्य कारोबारियों की पहचान की गई और इन एफबीओ द्वारा कॉफी–कासनी उत्पाद के संबंध में लेबलिंग अनुपालन सुनिश्चित किया गया।

4.4.5 दूध और दुग्ध उत्पाद के लिए निर्दिष्ट लोगो

एफएसएसएआई ने मिश्रित दुग्ध उत्पादों सहित सभी दूध और दुग्ध उत्पादों के लिए 'मिल्क लोगो' (निम्नानुसार) और दूध के एनालॉग्स में "..................... युक्त" घोषणा और रिक्त स्थान में उस घटक

का नाम जो दूध से प्राप्त नहीं हुआ है, उसके स्रोत के नाम सहित लिखना अनिवार्य कर दिया है। एफबीओ द्वारा 01 जुलाई, 2022 तक विनियम में दिए गए मानकों का पालन किया जाना चाहिए।

4.4.6 एफएसएसएआई ने 'नियमित निरीक्षण और नमूनाकरण प्रणाली के माध्यम से खाद्य सुरक्षा अनुपालन (फोस्कोरिस)' विकसित किया है और सभी राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों से खाद्य सुरक्षा निरीक्षण और नमूनाकरण में पारदर्शिता लाने के लिए इसे अपनाने का अनुरोध किया है। फोस्कोरिस निरीक्षण और नमूनाकरण के लिए वेब आधारित मोबाइल ऐप है। इसका उपयोग मोबाइल फोन, टैबलेट और डेस्कटॉप जैसे हाथ से पकड़े जाने वाले उपकरणों के माध्यम से भी किया जा सकता है। फोस्कोरिस निरीक्षण के साथ–साथ रियल टाइम के आधार पर निगरानी, डेटा संग्रह और डेटा विश्लेषण के लिए सशक्त उपकरण के रूप में कार्य करता है। फोस्कोरिस के माध्यम से निरीक्षण अधिकारी चित्र खींचकर उन्हें सिस्टम में अपलोड कर सकते हैं। इसके माध्यम से उच्च अधिकारी भी निरीक्षण करने वाले अधिकारियों, उनकी भौगोलिक स्थिति, निरीक्षणाधीन खाद्य परिसर आदि से संबंधित जानकारी देख सकते हैं। 2020–21 के दौरान किए गए 60,232 फोस्कोरिस निरीक्षणों की तुलना में 2021–22 के दौरान निरीक्षित खाद्य व्यवसायों की संख्या बढ़कर 2,19,775 हो गई। 2021–22 के दौरान किए गए फोस्कोरिस निरीक्षणों का राज्य–वार डेटा सारणी–15 में है।

4.4.7 टैपिओका साबूदाने के निर्माण में मिलावट को रोकने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान नवंबर–दिसंबर, 2021 के दौरान विशेष रूप से तमिलनाडु, केरल, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना राज्यों में चलाया गया। अभियान के दौरान साबुदाना निर्माताओं की इकाइयों का निरीक्षण किया गया और साबूदाने के 135 वैध नमूने उठाए गए। निरीक्षण के आधार पर 1,45,625 किलोग्राम साबूदाना और 752 लीटर ब्लीचिंग एजेंट जब्त किया गया। इसके अलावा, वैध नमूनों की विश्लेषण रिपोर्ट के परिणामों के आधार पर उचित कार्रवाई शुरू की जाएगी।

4.4.8 खाद्य सुरक्षा और मानक (विक्रय प्रतिषेध और निर्बंधन) विनियम, 2011 में यह अनुबंध करने के लिए संशोधन किया गया था कि खाद्य उत्पाद जिनमें खाद्य तेल और वसा एक घटक के रूप में उपयोग किए जाते हैं, उनमें उत्पाद में मौजूद कुल तेल/वसा का 2% द्रव्यमान से अधिक औद्योगिक ट्रांस फैटी एसिड नहीं होना चाहिए। यह प्रावधान 01 जनवरी, 2022 से प्रभावी है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि उक्त प्रतिषेध 01 जनवरी, 2022 से पूरे देश में प्रभावी रूप से लागू किया जाए, एफएसएसएआई ने दिनांक 17 दिसंबर, 2021 के पत्र के माध्यम से राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों और केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को वनस्पति तेल/वसा का विनिर्माण/प्रसंस्करण करने के लिए लाइसेंस प्राप्त सभी इकाइयों का अपने संबंधित अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 100% निरीक्षण करने और निगरानी नमूनों के माध्यम से विनिर्मित उत्पादों में अनुपालन की जाँच करने की सलाह दी।

4.4.9 एफएसएसएआई ने उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों के साथ तिमाही बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया है ताकि नियामक परिवर्तन, उभरते मुद्दों आदि से संबंधित उनकी समस्याओं और मुद्दों को समझकर उनका समाधान किया जा सके और उनके क्षेत्र विशेष के संबंध में एफएसएसएआई द्वारा जारी किए गए आदेशों/निर्देशों के बारे में उन्हें अवगत कराया जा सके। 2021–22 के दौरान थोक व्यापारी, परिवाहक, री–पैकर्स, री–लेबलर्स, खुदरा व्यापारी, प्रत्यक्ष विक्रेता, ई–कॉमर्स प्रतिष्ठानों जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ ऐसी चार बैठकें आयोजित की गईं।

4.4.10 राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के साथ इंटरफेस में सुधार करने के लिए एफएसएसएआई राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा विभागों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) सत्र आयोजित कर रहा है। इन सत्रों के दौरान राज्य से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाती है। वर्ष 2021–22 के दौरान एफएसएसएआई ने विभिन्न राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के साथ 35 वीडियो कॉन्फ्रेंस सत्र आयोजित किए।

4.4.11 एफएसएसएआई ने राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की बैठकों में भाग लेने के साथ–साथ खाद्य सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तथा खाद्य सुरक्षातंत्र में सुधार करने हेतु एफएसएसएआई की विभिन्न पहलों के कार्यान्वयन का जायजा लेने के लिए विभिन्न राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों में अध्यक्ष/सीईओ द्वारा उच्चतम स्तर के दौरे के माध्यम से राज्यों के साथ क्रियाकलाप बढ़ाया है।

4.5 प्रयोग किए गए खाना पकाने के तेल (यूसीओ) के संग्रहण के लिए दिशा–निर्देश

एफएसएसएआई ने बायोडीजल विनिर्माताओं द्वारा खाद्य कारोबारियों से प्रयोग किए गए खाना पकाने के तेल के संग्रहण के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशानिर्देशों में खाद्य कारोबारियों से प्राधिकृत संग्रहण अभिकरणों के माध्यम से प्रयोग किए गए खाना पकाने के तेल का संग्रहण करने के लिए बायोडीज़ल विनिर्माताओं के पंजीयन के नियम और शर्तें दिए गए हैं। 31 मार्च, 2022 तक एफएसएसएआई ने खाद्य कारोबारियों से प्रयोग किए गए खाना पकाने के तेल (यूसीओ) के संग्रहण के लिए देश भर से 43 बायोडीजल विनिर्माताओं का पंजीयन किया।

4.6 खाद्य सुरक्षा मित्र योजना

खाद्य सुरक्षा मित्र योजना एफएसएसएआई की एक पहल है जिसके माध्यम से एफएसएसएआई पंजीकरण/लाइसेंस के लिए आवेदन दाखिल करने में खाद्य कारोबारियों की सहायता के लिए सुविधाकर्ताओं का तंत्र बनाने का प्रयास किया गया है। इस पहल के माध्यम से बेईमान सलाहकारों और दलालों को प्रणाली से हटाने में और कम लागत पर मानकीकृत डोर–स्टेप सेवाएँ प्रदान करके एफबीओ को शोषण से बचाने में सहायता मिलेगी। खाद्य सुरक्षा मित्र को सफलता प्रमाण–पत्र प्रदान करने के लिए एफएसएसएआई ने 01 दिसंबर, 2021 से प्रभावी होने वाली ऑनलाइन परीक्षा शुरू की है।

4.7 राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (एसएफएसआई)

4.7.1 एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा के विभिन्न मापदंडों के आधार पर राज्यों के निष्पादन का पता लगाने के लिए राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक विकसित किया है। यह सूचकांक गतिशील मात्रात्मक और गुणात्मक बेंचमार्किंग मॉडल है जो सभी राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा के मूल्यांकन के लिए वस्तुपरक रूपरेखा प्रदान करता है। यह सूचकांक पांच महत्वपूर्ण मापदंडों अर्थात् मानव संसाधन और संस्थागत डेटा; अनुपालन; खाद्य परीक्षण अवसंरचना और निगरानी; प्रशिक्षण और क्षमता

निर्माण; और उपभोक्ता सशक्तीकरण के आधार पर राज्य/संघराज्य क्षेत्र के निष्पादन पर आधारित है। इन मापदंडों का भारांक (वेटेज) पैटर्न निम्नानुसार है:

मापदंड और भारांक (% में)



4.7.2 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धी माहौल बनाने के लिए एफएसएसएआई प्रत्येक वर्ष पिछले वित्तीय वर्ष में राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के समग्र प्रदर्शन के आधार पर राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक जारी करता है ताकि आम जनता को व्यापक स्तर पर सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराया जा सके। वर्ष 2018–19 के लिए पहला राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक 7 जून, 2019 को पहले विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर घोषित किया गया था। एफएसएसएआई ने 20 सितंबर, 2021 को वर्ष 2020–21 के लिए तीसरा राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक जारी किया। बड़े राज्यों में गुजरात ने प्रथम स्थान हासिल किया और उसके बाद केरल और तमिलनाडु का स्थान रहा। छोटे राज्यों में गोवा ने प्रथम स्थान हासिल किया और उसके बाद मेघालय और मणिपुर का स्थान रहा। संघराज्य क्षेत्रों में जम्मू–कश्मीर को प्रथम स्थान मिला, उसके बाद अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और दिल्ली का स्थान रहा। संपूर्ण सूचकांक एफएसएसएआई की वेबलिंक https://www.fssai.gov.in/upload/uploadfiles/files/Report_SFSI_20_09_2021.pdf पर उपलब्ध है।

4.8 देश में खाद्य सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने के लिए एफएसएसएआई और राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के बीच समझौता ज्ञापन

एफएसएसएआई ने देश में खाद्य सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन की रूपरेखा के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को स्वीकृत कार्य–योजना प्रस्तावों के अनुसार वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। वर्ष 2021–22 के दौरान उन प्रमुख क्षेत्रों को उजागर करने वाले कार्य योजना प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनमें तकनीकी और वित्तीय सहायता दोनों की आवश्यकता है। संबंधित राज्य/संघराज्य क्षेत्र के साथ विचार–विमर्श करने के बाद कार्य योजनाओं को अंतिम रूप दिया गया और ₹95.48 करोड़ की राशि जारी की गई।

4.9 खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण अभिकरणों का नामांकन

खाद्य सुरक्षा निगरानी प्रणाली को मजबूत करने के लिए एफएसएसएआई ने तृतीय पक्ष संपरीक्षण अभिकरणों के माध्यम से खाद्य कारोबारियों का संपरीक्षण शुरू किया है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 44 में खाद्य प्राधिकरण को खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण करने और खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों के अनुपालन की जाँच करने के लिए किसी संगठन या अभिकरण को मान्यता देने के लिए अधिकृत किया गया है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 16(2)(ग) में खाद्य प्राधिकरण को खाद्य व्यवसायों के लिए खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एफएसएमएस) का प्रमाणीकरण करने वाले प्रमाणन निकायों के प्रत्यायन के लिए तंत्र और दिशानिर्देश निर्दिष्ट करने के लिए विनियम बनाने का अधिकार दिया गया है। तदनुसार एफएसएसएआई ने 28 अगस्त, 2018 से प्रभावी खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण) विनियम, 2018 अधिसूचित किया और संपरीक्षण के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत 31 मार्च, 2022 तक 33 खाद्य सुरक्षा संपरीक्षण अभिकरणों को मान्यता दी है।

4.10 स्वच्छता रेटिंग योजना

4.10.1 स्वच्छता रेटिंग योजना प्रौद्योगिकी आधारित, उपयोगकर्ता–सुगम योजना है जिसमें खाद्य प्रतिष्ठानों को उनकी स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा अनुपालन के लिए 1–5 के स्केल पर (स्माइली प्रतीकों में) रेटिंग दी जाती है। वर्तमान में यह योजना निम्न प्रतिष्ठानों में लागू है:

- खाद्य सेवा प्रतिष्ठान (जैसे कि रेस्तराँ, कैफे, डाइनर और अन्य खाने–पीने के स्थान)
- मिठाई की दुकानें
- बेकरी और
- मांस की दुकानें

4.10.2 खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 की अनुसूची–4 के अनुसार स्वच्छता और साफ–सफाई संबंधी मानकों के पालन के लिए खाद्य व्यवसाय के लिए आवश्यक मानदंड पर आधारित व्यापक चेकलिस्ट तैयार की गई हैं। इस जांचसूची के आधार पर खाद्य व्यवसाय का संपरीक्षण किया जाता है और स्वच्छता रेटिंग ऑडिट एजेंसी द्वारा रेटिंग प्रदान की जाती है। इस रेटिंग के आधार पर एक प्रमाण पत्र तैयार किया जाता है जिसे परिसर में उपभोक्ताओं के लिए प्रदर्शित किया जा सकता है। इससे उपभोक्ताओं को यह पहचानने में मदद मिलती है कि वह स्थान स्वच्छ है या नहीं। 3 स्टार और उससे अधिक की रेटिंग को 'अच्छी रेटिंग' माना जाता है।

4.10.3 एफ.एस.एस.ए.आई. ने स्वच्छता रेटिंग ऑडिट करने के लिए 30 तृतीय पक्ष ऑडिट अभिकरणों और 12 अन्य संस्थाओं को मान्यता दी है। देश भर में 200 से अधिक प्रशिक्षित स्वच्छता रेटिंग ऑडिटर स्वच्छता रेटिंग ऑडिट कर रहे हैं। क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) ने उन स्वच्छता रेटिंग ऑडिट अभिकरणों को मान्यता देने के लिए एक योजना विकसित की है जो देश में विशेष रूप से स्वच्छता रेटिंग ऑडिट करने का कार्य करेंगी और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाएँगी।

4.10.4 स्वच्छता रेटिंग योजना के अंतर्गत 31 मार्च, 2022 तक 14,122 खाद्य प्रतिष्ठानों को सफलतापूर्वक प्रमाणित किया गया।

4.11 राज्य प्राधिकारियों द्वारा निगरानी

निगरानी विनियामक अनुपालन का एक अभिन्न अंग है और राज्य/संघराज्य क्षेत्र नियमित रूप से निगरानी गतिविधियों का संचालन करते हैं और अपनी निगरानी संबंधी योजनाओं के अनुसार गहन निगरानी अभियान चलाते हैं। एफएसएसएआई ने एक वार्षिक निगरानी योजना तैयार की है और राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के साथ साझा की है जिससे कि कुछ विशेष कारकों जैसे कि भौगोलिक स्थिति, खाद्य पदार्थों की उपलब्धता, त्योहारों या विशिष्ट अवसरों के दौरान सक्रिय/विशिष्ट निगरानी अभियान, खाद्य वस्तुओं से संबंधित जोखिम की मात्रा आदि को ध्यान में रखते हुए वह उसमें परिवर्तन कर अपनी वार्षिक निगरानी योजना बना सकते हैं। अपने संबंधित क्षेत्रों में की गई गतिविधियों के आधार पर राज्य और संघराज्य क्षेत्र एफएसएसएआई को समय–समय पर निगरानी रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। बाद में इस निगरानी योजना के बारे में विभिन्न केंद्रीय सलाहकार समिति की बैठकों, वीडियो कॉन्फ्रेंसेज, और राज्यों एवं संघराज्य क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों के साथ अन्य बैठकों में चर्चा हुई।

4.12 शिकायत निवारण

एफएसएसएआई के पास उपभोक्ता शिकायत/समस्या का निपटान करने के लिए एक मजबूत तंत्र है। एफएसएसएआई को विभिन्न चैनलों (वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप, एफएसएसएआई हेल्पलाइन, ईमेल, व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंग्राम–राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पोर्टल, पीएमओपीजी, पोस्ट आदि) के माध्यम से प्राप्त उपभोक्ताओं और एफबीओ की शिकायतों/समस्याओं को एफएसएसएआई द्वारा एक पोर्टल अर्थात् फूड सेफ्टी कनेक्ट पोर्टल, जो ऑनलाइन खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (फोस्कोस) का भाग है, पर समेकित किया जाता है। उपभोक्ता इस पोर्टल पर मिलावटी खाद्य, असुरक्षित खाद्य, घटिया खाद्य, खाद्य में लेबलिंग दोष और विभिन्न खाद्य उत्पादों के बारे में भ्रामक दावों और विज्ञापनों से संबंधित खाद्य सुरक्षा मुद्दों के संबंध में अपनी शिकायतें और प्रतिक्रिया सीधे दर्ज भी कर सकते हैं। खाद्य संबंधी समस्या का सफल पंजीकरण होने पर दर्ज की गई प्रत्येक शिकायत/समस्या संख्या के विरुद्ध एक विशिष्ट कोड उत्पन्न होता है, जो समस्या का पंजीकरण करते समय प्रदान किए गए मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा भेजा जाता है। इस संदर्भ संख्या का उपयोग बाद में उपभोक्ता द्वारा ऑनलाइन प्रणाली पर उसके द्वारा दर्ज की गई समस्या को ट्रैक करने के लिए किया जा सकता है। एफएसएसएआई की टीम, राज्य डीओ/एफएसओ और एफबीओ– तीनों भागीदार उपभोक्ताओं द्वारा उठाई गई समस्याओं को ऑनलाइन देख सकते हैं। समस्याओं के उचित निपटान की नियमित रूप से समीक्षा का कार्य राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों द्वारा भेजी गई तिमाही रिपोर्ट, राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के प्रदर्शन की समीक्षा और आवधिक केंद्रीय सलाहकार समिति की बैठकों के माध्यम से किया जाता है। फूड सेफ्टी कनेक्ट पोर्टल पर उठाई गई 3,920 उपभोक्ता समस्याओं/शिकायतों में से 2,834 उपभोक्ता समस्याओं का समाधान किया गया और 1,086 उपभोक्ता समस्याएँ जांच के विभिन्न चरणों में हैं।

सारणी 13—एफएसएस अधिनियम, 2006 के तहत राज्यों व संघराज्य क्षेत्रों में प्रवर्तन तंत्र की प्रशासनिक व्यवस्था (31.03.2022 की स्थिति के अनुसार)

क्र.सं.	राज्य का नाम	एफएससी	एसएलएसी	डीएलएसी	एओ की संख्या	डीओ की संख्या		एफएसओ की संख्या		अपीलीय अधिकरण
						पूर्ण कालिक	अंश कालिक	पूर्ण कालिक	अंश कालिक	
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	1	हाँ	हाँ	3	2	1	13	0	हाँ
2	आंध्र प्रदेश	1	हाँ	हाँ	13	13	0	44	2	हाँ
3	अरुणाचल प्रदेश	1	हाँ	हाँ	25	1	24	3	0	हाँ
4	असम	1	प्रक्रियाधीन	नहीं	33	6	1	24	0	हाँ
5	बिहार	1	हाँ	हाँ	38	0	14	14	0	नहीं
6	चंडीगढ़	1	हाँ	आवश्यकता नहीं	1	1	0	5	0	हाँ
7	छत्तीसगढ	1	नहीं	नहीं	28	0	28	59	0	हाँ
8	दादर नगर हवेली और दमन और दीव	1	हाँ	नहीं	3	3	0	3	0	हाँ
9	दिल्ली	1	हाँ	प्रक्रियाधीन	11	8	0	20	0	हाँ
10	गोवा	1	हाँ	हाँ	2	1	0	38	0	हाँ
11	गुजरात	1	हाँ	हाँ	33	25	13	183	0	हाँ
12	हरियाणा	1	प्रक्रियाधीन	प्रक्रियाधीन	22	5	0	15	0	हाँ
13	हिमाचल प्रदेश	1	हाँ	हाँ	12	12	0	16	0	हाँ
14	जम्मू और कश्मीर	1	हाँ	हाँ	23	21	0	71	0	हाँ
15	झारखंड	1	हाँ	हाँ	24	45	0	19	0	हाँ
16	कर्नाटक	1	हाँ	हाँ	30	25	11	37	207	हाँ
17	केरल	1	हाँ	हाँ	27	12	0	119	0	हाँ
18	लद्दाख	1	हाँ	हाँ	2	1	0	1	2	हाँ
19	लक्षद्वीप	1	हाँ	नहीं	1	0	1	0	09	हाँ
20	मध्य प्रदेश	1	हाँ	हाँ	53	0	51	159	0	हाँ
21	महाराष्ट्र	1	हाँ	हाँ	7	43	64	208	0	हाँ
22	मणिपुर	1	हाँ	हाँ	16	10	0	22	0	हाँ
23	मेघालय	1	हाँ	हाँ	11	3	9	5	7	हाँ
24	मिज़ोरम	1	हाँ	हाँ	8	0	3	2	7	नहीं
25	नागालैंड	1	हाँ	हाँ	11	3	0	7	0	नहीं
26	ओडिशा	1	हाँ	हाँ	36	3	34	65	0	हाँ
27	पुदुचेरी	1	हाँ	नहीं	2	1	0	1	0	हाँ

क्र.सं.	राज्य का नाम	एफएससी	एसएलएसी	डीएलएसी	एओ की संख्या	डीओ की संख्या		एफएसओ की संख्या		अपीलीय अधिकरण
28	पंजाब	1	हाँ	हाँ	26	11	11	51	0	हाँ
29	राजस्थान	1	हाँ	हाँ	40	0	0	0	48	हाँ
30	सिक्किम	1	हाँ	हाँ	4	3	0	4	0	हाँ
31	तमिलनाडु	1	हाँ	हाँ	38	32	0	267	0	हाँ
32	तेलंगाना	1	नहीं	नहीं	31	9	0	36	0	हाँ
33	त्रिपुरा	1	हाँ	हाँ	8	0	10	3	0	हाँ
34	उत्तर प्रदेश	1	हाँ	हाँ	75	74	0	615	0	हाँ
35	उत्तराखंड	1	हाँ	हाँ	13	14	0	20	0	हाँ
36	पश्चिम बंगाल	1	हाँ	हाँ	23	28	0	143	0	हाँ
कुल					**733**	**415**	**275**	**2,292**	**282**	

एफएससी–खाद्य सुरक्षा आयुक्त, एसएलएसी–राज्य स्तरीय सलाहकार समिति, डीएलएसी–जिला स्तरीय सलाहकार समिति, एओ–न्याय निर्णयन अधिकारी, डीओ–अभिहित अधिकारी, एफएसओ– खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

सारणी 14–वर्ष 2021–22 के दौरान विश्लेषित नमूनों, गैर–अनुरूप पाए गए नमूनों और की गई दंडात्मक कार्रवाई का विवरण।

क्र. सं.	राज्य का नाम	उठाए गए नमूनों की संख्या	विश्लेषित नमूनों की संख्या	संख्या जहां विश्लेषण रिपोर्ट प्रतीक्षित हैं	गैर अनुपालन वाले नमूनों की संख्या		गैर अनुपालन वाले नमूने			दीवानी मामले					आपराधिक मामले				
										चालू किए गए मामले	मामले जिनमें निर्णय हुआ		लंबित मामले		चालू किए गए मामले	मामले जिनमे निर्णय हुआ			लंबित मामले
					पिछले वर्ष उठाए नमूने जिनकी रिपोर्ट इस वर्ष मिली	इसी वर्ष उठाए और विश्लेषित नमूने	असुरक्षित	घटिया	लेबलिंग त्रुटि/ भ्रामक/ अन्य		सिध्द दोष	अर्थ दंड (रुपये में)	एओ के समक्ष	अपीलीय ट्रीबुनल में		सजा व दंड से दोष सिद्ध	बरी	अर्थ दंड	
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	850	850	0	0	4	0	4	0	6	5	65000	0	0	0	0	0	0	0
2	आंध्र प्रदेश	5290	5290	45	5	528	128	167	238	271	484	7313178	1285	87	41	6	13	200000	635
3	अरुणाचल प्रदेश	330	108	222	1	1	0	0	2	0	0	0	4	0	1	0	1	0	5
4	असम	523	520	0	2	64	11	37	18	25	5	70000	185	0	3	0	0	0	18
5	बिहार	2140	555	1585	17	0	3	9	5	23	75	1735000	565	0	9	0	0	0	165

क्र. सं.	राज्य का नाम	उठाए गए नमूनों की संख्या	विश्लेषित नमूनों की संख्या	संख्या जहां विश्लेषण रिपोर्ट प्रतीक्षित हैं	गैर अनुपालन वाले नमूनों की संख्या		गैर अनुपालन वाले नमूने			दीवानी मामले					आपराधिक मामले				
							असुरक्षित	घटिया	लेबलिंग त्रुटि/ भ्रामक/ अन्य	चालू किए गए मामले	मामले जिनमें निर्णय हुआ		लंबित मामले		चालू किए गए मामले	मामले जिनमे निर्णय हुआ			लंबित मामले
					पिछले वर्ष उठाए नमूने जिनकी रिपोर्ट इस वर्ष मिली	इसी वर्ष उठाए और विश्लेषित नमूने					सिध्द दोष	अर्थ दंड (रुपये में)	एओ के समक्ष	अपीलीय ट्रीबुनल में		सजा व दंड से दोष सिद्ध	बरी	अर्थ दंड	
6	चंडीगढ़	388	388	0	1	27	4	17	7	95	60	975000	36	8	61	1	0	30000	111
7	छत्तीसगढ	1437	1436	1	20	160	16	103	61	118	90	1214000	375	24	39	6	0	20000	312
8	दादर नगर हवेली और दमन और दीव	250	234	29	0	0	0	0	0	10	7	238500	3	0	0	0	0	0	0
9	दिल्ली	1956	1956	0	5	213	52	58	108	196	89	3919500	473	12	48	27	2	1968000	134
10	गोवा	200	200	0	0	14	1	5	8	9	2	60000	12	2	4	0	0	0	6
11	गुजरात	16022	13663	2359	67	757	62	482	280	626	668	39693358	2474	531	79	14	2	327500	499
12	हरियाणा	4344	4235	109	96	1086	113	600	469	587	78	9081400	1057	22	60	21	1	70000	321
13	हिमाचल प्रदेश	1923	1745	205	14	294	11	91	206	248	249	3249100	203	2	15	0	3	0	52
14	जम्मू और कश्मीर	9265	8109	1838	240	1495	29	1047	659	2244	1931	13910840	3829	45	34	4	5	115000	185
15	झारखंड	706	175	531	0	85	24	28	33	67	42	919500	273	0	15	8	0	70000	107
16	कर्नाटक	5965	5844	121	0	150	13	76	61	147	125	1734600	173	0	13	0	0	0	221
17	केरल	7890	7855	35	64	861	460	238	227	599	237	7470700	1471	32	361	10	4	306000	1348
18	लद्दाख	66	47	47	0	19	0	4	15	19	12	113000	5	0	0	0	0	0	0
19	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
20	मध्य प्रदेश	15355	16059	3409	889	2011	109	1315	1476	2786	2030	69280500	2548	512	169	72	8	764500	953
21	महाराष्ट्र	13118	9580	3538	320	1134	377	546	531	1587	787	19160750	4085	89	272	12	0	33000	7981
22	मणिपुर	314	236	78	0	3	1	1	1	0	1	40000	0	0	0	1	0	3000	0
23	मेघालय	309	70	239	0	5	0	1	4	0	0	0	6	0	0	0	0	0	6
24	मिज़ोरम	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
25	नागालैंड	157	127	30	0	14	0	8	6	5	0	0	5	0	0	0	0	0	0
26	ओडिशा	1168	1168	0	0	260	66	135	59	63	52	562000	98	0	43	0	0	0	76
27	पुदुचेरी	5	5	0	0	2	0	2	0	2	2	10000	0	0	0	0	0	0	0

क्र. सं.	राज्य का नाम	उठाए गए नमूनों की संख्या	विश्लेषित नमूनों की संख्या	संख्या जहां विश्लेषण रिपोर्ट प्रतीक्षित हैं	गैर अनुपालन वाले नमूनों की संख्या		गैर अनुपालन वाले नमूने			दीवानी मामले					आपराधिक मामले				
					पिछले वर्ष उठाए नमूने जिनकी रिपोर्ट इस वर्ष मिली	इसी वर्ष उठाए और विश्लेषित नमूने	असुरक्षित	घटिया	लेबलिंग त्रुटि/ भ्रामक/ अन्य	चालू किए गए मामले	मामले जिनमें निर्णय हुआ: सिध्द दोष	मामले जिनमें निर्णय हुआ: अर्थ दंड (रुपये में)	लंबित मामले: एओ के समक्ष	लंबित मामले: अपीलीय ट्रीबुनल में	चालू किए गए मामले	मामले जिनमे निर्णय हुआ: सजा व दंड से दोष सिद्ध	मामले जिनमे निर्णय हुआ: बरी	मामले जिनमे निर्णय हुआ: अर्थ दंड	लंबित मामले
28	पंजाब	6768	6768	0	0	1059	81	538	440	784	0	9781600	1147	36	63	8	6	76000	407
29	राजस्थान	12879	10386	2493	0	2891	409	1747	735	1125	626	13101075	499	360	33	1	0	66020	131
30	सिक्किम	66	66	0	5	0	1	0	4	4	0	0	4	0	0	0	0	0	0
31	तमिलनाडु	19858	16363	8478	1033	2745	946	626	2206	3121	2884	30086000	1804	37	837	360	27	7863000	2249
32	तेलंगाना	3077	3077	0	0	353	72	181	100	281	77	877600	204	0	32	0	1	0	31
33	त्रिपुरा	51	31	20	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	5
34	उत्तर प्रदेश	26934	21987	10029	5372	7781	1842	7929	3382	13221	8585	291746400	27307	1505	2694	118	13	1660000	9714
35	उत्तराखंड	2397	2511	800	205	355	17	517	26	574	182	6086700	922	29	13	1	0	200000	52
36	पश्चिम बंगाल	3380	2701	679	67	140	42	70	95	63	52	1420500	43	5	7	1	1	50000	6
	योग	**165381**	**144345**	**36920**	**8423**	**24511**	**4890**	**16582**	**11462**	**28906**	**19437**	**₹533,915,801**	**51095**	**3338**	**4946**	**671**	**87**	**₹13,822,020**	**25730**

सार्वजनिक व निजी प्रयोगशालयों से प्राप्त डाटा सम्मिलित है

सारणी 15–वर्ष 2021–22 के दौरान फॉस्कोरिस के माध्यम से संचालित निरीक्षणों का विवरण

राज्य/संघराज्य क्षेत्र	केंद्र अनुज्ञापित एफबीओ	राज्य अनुज्ञापित एफबीओ	पंजीकृत एफबीओ	कुल
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	3	952	1491	2446
आंध्र प्रदेश	160	42	4	206
अरुणाचल प्रदेश	1	40	10	51
असम	115	2898	73	3086
बिहार	16	104	5	125
चंडीगढ़	5	1258	25	1288
छत्तीसगढ	13	5070	660	5743
दादर और नगर हवेली और दमन और दीव	2	285	321	608

राज्य/संघराज्य क्षेत्र	केंद्र अनुज्ञापित एफबीओ	राज्य अनुज्ञापित एफबीओ	पंजीकृत एफबीओ	कुल
दिल्ली	26	851	78	955
गोवा	22	181	935	1138
गुजरात	123	12111	1997	14231
हरियाणा	16	3466	1357	4839
हिमाचल प्रदेश	9	1232	1049	2290
जम्मू और कश्मीर	10	4321	15719	20050
झारखंड	3	1116	159	1278
कर्नाटक	132	2091	2924	5147
केरल	110	3397	3394	6901
लद्दाख	1	68	356	425
लक्षद्वीप	0	0	0	0
मध्य प्रदेश	91	4979	1566	6636
महाराष्ट्र	175	11198	5421	16794
मणिपुर	4	240	624	868
मेघालय	3	0	1	4
मिज़ोरम	0	0	0	0
नागालैंड	2	13	19	34
ओडिशा	22	1816	850	2688
पुदुचेरी	4	4	0	8
पंजाब	37	1377	446	1860
राजस्थान	33	257	192	482
सिक्किम	4	245	187	436
तमिलनाडु	106	51218	7745	59069
तेलंगाना	105	8	140	253
त्रिपुरा	3	555	22	580
उत्तराखंड	7	2526	830	3363
उत्तर प्रदेश	101	13941	26807	40849
पश्चिम बंगाल	74	9471	436	9981
कुल निरीक्षण	1,538	1,37,331	75,843	2,14,712
रेलवे और एयरपोर्ट प्राधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण				5063
	कुल योग			2,19,775

अध्याय-5

खाद्य परीक्षण और निगरानी

5.1 खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की अधिसूचना

5.1.1 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 43 के अध्याय VIII के अनुसार एफएसएसएआई द्वारा खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए खाद्य प्रयोगशालाओं में खाद्य परीक्षण के लिए एक पारिस्थितिकी प्रणाली (ईको सिस्टम) को प्रोत्साहित करना अपेक्षित है।

5.1.2 खाद्य विनियमन तंत्र के अभिन्न अंग के रूप में खाद्य परीक्षण पारितंत्र को निम्नलिखित मुख्य कार्य करने होते हैं:

- निर्धारित गुणता तथा सुरक्षा संबंधी निर्धारित मानदंडों के प्रति अनुरूपता हेतु खाद्य पदार्थों/खाद्य वस्तुओं (देशी और आयातित दोनों) का विश्लेषण और परीक्षण करना तथा खाद्य विधियों/विनियमों के अनुपालन में सहायता करना।
- बेचे जा रहे खाद्य उत्पादों की निर्धारित मानदंडों के प्रति अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए बाजार पर निगरानी गतिविधियों में सहायता करना।
- जोखिम आकलन ढाँचे का अंग बनना, जिसमें खाद्य संबंधी घटनाओं का आकलन भी शामिल है, तथा इस प्रकार खाद्य मानकों अथवा मार्गदर्शी प्रलेखों के निर्धारण में सहायता करना।
- परीक्षण पद्धतियों के सुमेलन, उनके विकास अथवा वैधीकरण नेटवर्क का अभिन्न अंग बनना।
- खाद्य परीक्षण तथा खाद्य मानकों के बारे में जागरूकता पैदा करना, विशेषकर उपभोक्ताओं में।

खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का उपयोग विनियामक, उपभोक्ता तथा खाद्य कारोबारी द्वारा किया जा सकता है ताकि खाद्य क़ानूनों का हर स्तर पर अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

5.1.3 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 43(1) के अनुसार खाद्य प्राधिकरण इस अधिनियम के अंतर्गत खाद्य विश्लेषकों द्वारा नमूनों के विश्लेषण के प्रयोजन से राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड अथवा अन्य किसी प्रत्यायन एजेंसी द्वारा प्रत्यायित खाद्य प्रयोगशालाओं तथा अनुसंधान संस्थाओं को अधिसूचित कर सकती है।

5.1.4 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 43(2) के अनुसार खाद्य प्राधिकरण इस अधिनियम अथवा उसके अंतर्गत बने किसी नियम और विनियम द्वारा रेफरल खाद्य प्रयोगशाला को सौंपे गए कर्तव्यों के निर्वहन के लिए रेफरल खाद्य प्रयोगशालाएँ स्थापित करेगी अथवा अधिसूचना के माध्यम से उन्हें मान्यता प्रदान करेगी।

5.1.5 उक्त अधिनियम की धारा 43 के साथ पठित धारा 16 की उप–धारा (2) के खंड (ङ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने नवंबर, 2018 में खाद्य

सुरक्षा और मानक (प्रयोगशालाओं की मान्यता और अधिसूचना) विनियम, 2018 अधिसूचित किए हैं। इन विनियमों में प्रयोगशालाओं की मान्यता और अधिसूचना के लिए सभी प्रक्रियात्मक अपेक्षाएँ हैं, यथा प्रयोगशालाओं का प्रकार, उनकी मान्यता तथा अधिसूचना के मानदंड, नवीकरण, ऑडिट और जाँच, प्रयोगशालाओं के कर्तव्य, निलंबन, अवमान्यन, ऑडिट इत्यादि।

5.1.6 कारोबार में सरलता को बढ़ावा देने; पारदर्शिता लाने; तथा खाद्य प्रयोगशालाओं की गतिविधियों की पुनरीक्षा और निगरानी एक ही प्लेटफॉर्म पर करने की प्रणाली के माध्यम से देश में खाद्य परीक्षण की गुणता में सुधार लाने के उद्देश्य से खाद्य प्राधिकरण अब प्रयोगशाला प्रत्यायित करने/उन्हें मान्यता देने/अनुमोदित करने के राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) की एकीकृत कार्रवाई के तहत ही खाद्य प्रयोगशालाओं को मान्यता दे रही है। निर्यात निरीक्षण परिषद् (ईआईसी), कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपिडा), चाय बोर्ड, भारतीय तिलहन तथा फसल निर्यात संवर्धन परिषद् (आईओपीईपीसी) आदि इस एकीकृत प्रणाली के अन्य विनियामक हैं।

5.1.7 राज्यों की खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएँ (एसएफटीएल) जो पूर्व में खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम व्यवस्था के दौरान भी थीं, उनमें से अधिकतर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 98 के संक्रमण उपबंध के तहत 10 से अधिक वर्षो से एनएबीएल प्रत्यायन के बिना कार्य कर रही थीं, यद्यपि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत खाद्य प्रयोगशाला के लिए एनएबीएल प्रत्यायन एक प्रमुख मानदंड है। तथापि, बार–बार अनुरोध करने और अनुस्मारक भेजने के बावजूद, कुछ राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों ने एनएबीएल मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू नहीं की थी। अतः दिनांक 18 दिसंबर, 2020 से 39 एसएफटीएल को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 98 की परिधि से बाहर कर दिया गया था। उन्हें यह भी कहा गया कि एनएबीएल प्रत्यायन लेने के बाद पुनः मान्यता दे दी जाएगी। 39 एसएफटीएल में से 14 एसएफटीएल ने इस अवधि के दौरान एनएबीएल प्रत्यायन प्राप्त कर लिया है और एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 43(1) के तहत अधिसूचित किया गया है। इन 14 एसएफटीएल की सूची सारणी–16 में दी गई है।

5.1.8 उपरोक्त के अलावा, खाद्य नमूनों के प्राथमिक परीक्षण के लिए एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 43(1) के तहत वर्ष 2021–22 के दौरान 29 अन्य प्रयोगशालाओं को भी खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। इनकी सूची सारणी–17 में दी गई है।

5.1.9 इसके अलावा, राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, नवी मुंबई को भी एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 43 (2) के तहत एक रेफरल प्रयोगशाला के रूप में अधिसूचित किया गया है।

5.1.10 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार, खाद्य प्राधिकरण के पास प्राथमिक परीक्षण के लिए 227 प्रयोगशालाओं का नेटवर्क है, जो एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 43(1) के तहत मान्यता प्राप्त और अधिसूचित हैं। साथ ही, एफएसएस अधिनियम 2006 की धारा 43(2) के तहत मान्यता प्राप्त और अधिसूचित अपील (रेफरल) परीक्षण के लिए 20 प्रयोगशालाएं हैं। एफएसएसएआई द्वारा मान्यता–प्रदत्त तथा अधिसूचित सभी प्रयोगशालाओं का क्षेत्रवार विवरण सारणी–18 में दिया गया है।

5.1.11 एफएसएसएआई द्वारा अधिसूचित प्रयोगशालाओं, राज्य/जन खाद्य प्रयोगशालाओं, रेफरल प्रयोगशालाओं की राज्य–वार संख्या सारणी–19 पर है।

5.2 खाद्य प्राधिकरण के सीधे नियंत्रण वाली खाद्य प्रयोगशालाएँ

5.2.1 कुल 20 रेफरल प्रयोगशालाओं में से 3 प्रयोगशालाएँ अर्थात् राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, गाजियाबाद (एनएफएल–जी), राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला–कोलकाता (एनएफएल–के) तथा राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला–जेएनपीटी, नवी मुम्बई (एनएफएल–जेएनपीटी) एफएसएसएआई के सीधे नियंत्रण में हैं। एनएफएल–जी तथा एनएफएल–जेएनपीटी सरकारी–निजी–भागीदारी (पीपीपी) मोड में अधुनातन आदर्श खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के रूप में विकसित की गई हैं। इसी प्रकार एनएफएल–के का भी नवीकरण किया जा रहा है और उसे अधुनातन आदर्श खाद्य प्रयोगशाला के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है। एफएसएसएआई पीपीपी मोड में चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट (सीपीटी), चेन्नई में जल्द ही एक और राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला शुरु करने जा रहा है। एनएफएल जेएनपीटी और सीपीटी में निजी भागीदार राजस्व बंटवारे के आधार पर प्रयोगशालाओं को चलाने के लिए सभी पूंजी और संचालन संबंधी खर्चों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार हैं।

5.2.2 राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, गाजियाबाद

राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, गाजियाबाद (एनएफएल), जिसे पहले खाद्य अनुसंधान और मानकीकरण प्रयोगशाला (एफआरएसएल) के रूप में जाना जाता था, की स्थापना दिसंबर 1971 में की गई थी। यह प्रयोगशाला वर्ष 2011 तक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अधीन काम कर रही थी। इसके बाद यह भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के अधिकार क्षेत्र में आ गई। इस प्रयोगशाला को एक विशिष्ट सार्वजनिक–निजी–सहभागिता (पीपीपी मॉडल) के तहत नवीनीकृत और संचालित किया गया था। दिनांक 10 सितंबर, 2018 को इस प्रयोगशाला का नाम बदलकर "राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, गाजियाबाद" कर दिया गया था। यह एनएफएल रासायनिक और जैविक खाद्य परीक्षण, दोनों के क्षेत्र में एनएबीएल प्रत्यायित प्रयोगशाला है जिसके प्रत्यायन के दायरे में कुल 1965 मापदंड हैं। इस प्रयोगशाला में एफएसएस अधिनियम और नियमों/विनियमों के अनुपालन की जाँच करने के लिए किसी भी खाद्य नमूने का परीक्षण करने के लिए अधिकतम विश्लेषणात्मक क्षमता है। इसके अंतर्गत अत्याधुनिक सहयोगी प्रशिक्षण केंद्र जैसे खाद्य सुरक्षा समाधान केंद्र (एफएसएससी) और सूक्ष्मजैविक विश्लेषण प्रशिक्षण केंद्र (सी–मैट) भी हैं। एनएफएल गाजियाबाद खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत प्राथमिक के साथ–साथ रेफरल खाद्य प्रयोगशाला के रूप में कार्य कर रही है। नमूनों के परीक्षण के अलावा एनएफएल–जी खाद्य उत्पादों और खाद्य सहयोजकों की परीक्षण विधियों के मानकीकरण के लिए अनुसंधान और विकास कार्य भी करता है। यह खाद्य मिलावट निगरानी, खाद्य सुरक्षा और खाद्य विश्लेषण के क्षेत्र में विभिन्न राज्यों और संघराज्य क्षेत्रों के खाद्य नियामक कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करता है। एनएफएल ने विभिन्न मैट्रिक्स में खाद्य मिलावट के विश्लेषण के लिए 33 विधियों को मान्यता दी है। एनएफएल ने वित्तीय वर्ष 2021–22 में वाणिज्यिक नमूनों के साथ–साथ कुल 1564 कानूनी और निगरानी नमूनों का भी विश्लेषण किया है।

5.2.3 राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, कोलकाता

राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, कोलकाता (एनएफएल), जिसे पहले केंद्रीय खाद्य प्रयोगशाला के नाम से जाना जाता था, की स्थापना जून, 1955 में खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 और पीएफए नियम, 1955 के उपबंध के तहत पहली खाद्य प्रयोगशाला के रूप में की गई थी। वर्ष 2009 तक यह प्रयोगशाला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अधीन काम कर रही थी। इसके बाद यह भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के अधिकार क्षेत्र में आ गई। राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला (एनएफएल), कोलकाता खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत प्राथमिक के साथ–साथ रेफरल खाद्य प्रयोगशाला के रूप में कार्य कर रही है। प्रयोगशाला में एक गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली है और यह आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के अनुपालन में एनएबीएल द्वारा प्रत्यायित है। रेफरल प्रयोगशाला के रूप में रेफरल नमूनों के नियमित विश्लेषण के अलावा यह आयातित खाद्य उत्पादों के नमूनों, निगरानी खाद्य नमूनों और अन्य सरकारी एजेंसियों से प्राप्त खाद्य नमूनों का भी विश्लेषण कर रही है। एनएफएल खाद्य विश्लेषकों, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों आदि को भी प्रशिक्षण प्रदान करती है।

5.2.4 राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, नवी मुंबई

राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, नवी मुंबई, जो जेएनपीटी टाउनशिप शेवा, नवी मुंबई में स्थित है, ने विमटा लैब्स लिमिटेड के साथ जनवरी, 2022 में पीपीपी मोड में काम करना शुरू कर दिया है। यह प्रयोगशाला रासायनिक और जैविक खाद्य परीक्षण दोनों के क्षेत्र में एनएबीएल द्वारा प्रत्यायित है। इस प्रयोगशाला में खाद्य विश्लेषण के लिए रासायनिक, पोषण और सूक्ष्मजैविक संबंधी परीक्षण करने की सुविधा है। इस प्रयोगशाला में एलसी–एमएस, आईसीपी–एमएस, एएएस, जीसी–एमएस, एचपीएलसी, एफटीआईआर जैसे उन्नत उपकरण भी हैं, जो रासायनिक और जैविक दोनों विषयों के लिए लगभग सभी मैट्रिक्स में खाद्य नमूनों का परीक्षण करते हैं। एनएफएल प्रति माह लगभग 2000 नमूनों का विश्लेषण कर रही है। यह प्रयोगशाला पीपीपी मॉडल के तहत विमटा लैब्स लिमिटेड के साथ राजस्व बंटवारे के आधार पर काम कर रही है। इसमें स्टाफ सहित 52 प्रशिक्षित और योग्य तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारी कार्यरत हैं।

5.3 राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला

5.3.1 खाद्य सुरक्षा और मानक (प्रयोगशालाओं की मान्यता और अधिसूचना) विनियम, 2018 के विनियम 3 के अनुसार, खाद्य प्राधिकरण किसी भी अधिसूचित खाद्य प्रयोगशाला या रेफरल खाद्य प्रयोगशाला को राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला (एनआरएल) के रूप में परीक्षण पद्धतियों के विकास, वैधीकरण, दक्षता परीक्षण तथा प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला के रूप में मान्यता दे सकती है। उक्त विनियमन के अंतर्गत, एफएसएसएआई ने 2019 में 12 अधिसूचित खाद्य प्रयोगशालाओं को एनआरएल और 2 अधिसूचित खाद्य प्रयोगशालाओं को सहायक एनआरएल (एएनआरएल) के रूप में मान्यता दी। अधिसूचित एनआरएल/एएनआरएल की सूची सारणी–20 पर दी गई है। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान 6 एनआरएल के लिए ₹79 लाख की राशि जारी की गई।

क्र. सं.	प्रयोगशाला/संस्थान/संगठन का नाम	वित्तीय वर्ष 2021–22 में जारी की गई राशि (रु)
	सरकारी प्रयोगशालाएँ एनआरएल के रूप में	
1.	सीएसआईआर–केंद्रीय खाद्य प्रोद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मैसुरु, कर्नाटक	5,00,000
2.	पंजाब बायोटेक्नोलॉजी इन्क्यूबेटर, मोहाली, पंजाब	21,74,343
3.	आईसीएआर– राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे, महाराष्ट्र	10,00,000
4.	सेंटर फॉर एनालिसिस एंडल लर्निंग इन लाइवस्टाक एंड फूड– राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आणंद, गुजरात	14,00,000
5.	सीएसआईआर–भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, उत्तर प्रदेश	10,00,000
	निजी प्रयोगशालाएँ एनआरएल के रूप में	
6.	एडवर्ड फूड रिसर्च एंड एनालिसिस सेंटर लिमिटेड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल	18,30,900

5.4 भारतीय खाद्य प्रयोगशाला नेटवर्क (इन्फोल्नेट)

5.4.1 भारतीय खाद्य प्रयोगशाला नेटवर्क (इन्फोल्नेट) प्रयोगशाला प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) नामक एक केंद्रीकृत प्रणाली से जुड़ी प्रयोगशालाओं का एक ऑनलाइन नेटवर्क है। एफएसएसएआई ने अपने मौजूदा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को नया रूप दिया है और आसान रिपोर्टिंग प्रक्रिया और समान परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त सुविधाओं के साथ एक नया संस्करण यानी इन्फोल्नेट 2.0 विकसित किया है।

5.4.2 नए प्लेटफॉर्म में अनेक नयी सुविधाएं हैं जैसे एनएबीएल की वैधता समाप्ति के लिए अलर्ट प्रणाली, प्राप्त नमूने की तस्वीरों को अपलोड करने का विकल्प, डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित रिपोर्ट तैयार करना, निगरानी रिपोर्ट अपलोड करना आदि। इसमें इन्फोल्नेट को एफएसएसएआई की अन्य मुख्य आईटी प्रणालियों, जैसे फिक्स (खाद्य आयात निकासी प्रणाली), फोस्कोरिस (नियमित निरीक्षण और नमूनाकरण के माध्यम से खाद्य सुरक्षा अनुपालन), आदि से एकीकृत करने की भी सुविधा उपलब्ध है।

5.4.3 वर्तमान में, सभी मौजूदा और नई अधिसूचित प्रयोगशालाओं ने इन्फोल्नेट 2.0 पर जनशक्ति, एनएबीएल वैधता, प्रत्यायन का दायरा, प्रयोगशाला की मूलभूत जानकारी, उपकरण आदि के संबंध में अपना प्रोफाइल अपडेट किया है। प्रयोगशालाओं ने इन्फोल्नेट 2.0 पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट तैयार करना और अपलोड करना भी शुरू कर दिया है। इन्फोल्नेट 2.0 के एफएसएसएआई की अन्य आईटी प्रणालियों के साथ एकीकरण का कार्य प्रक्रियाधीन है और जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा।

5.5 पौष्टिकीकृत चावल में पोषणों के विश्लेषण के लिए विधि का मानकीकरण

5.5.1 मार्च, 2024 से सरकार की पीडीएस व अन्य खाद्य सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से आपूर्ति किए

जाने वाले चावल के अनिवार्य पौष्टिकीकरण पर माननीय प्रधान मंत्री के निर्देश के संदर्भ में, यह आवश्यक है कि खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का एक मजबूत और बड़ा नेटवर्क हो जिसके माध्यम से आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी12–तीनों पोषणों का विश्वसनीय और निरंतर परीक्षण किया जा सके, क्योंकि केवल पीडीएस के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाले पौष्टिकीकृत चावल की मात्रा प्रति वर्ष लगभग 2 करोड़ टन की रेंज में होगी।

5.5.2 देशभर में पौष्टिकीकृत चावल में पोषणों के परीक्षण के लिए समान और मानकीकृत विधि निर्धारित करने के लिए, एफएसएसएआई ने अपने अंतर्गत राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशालाओं में से एक यानी एडवर्ड फूड रिसर्च एंड एनालिसिस सेंटर लिमिटेड (ईएफआरएसी), कोलकाता को पौष्टिकीकृत चावल में पोषणों के विश्लेषण की परीक्षण पद्धति के मानकीकरण का काम सौंपा। इसके बाद ईएफआरएसी द्वारा मानकीकृत विधि को हस्तांतरित करने और विधि सत्यापन एवं प्रवीणता परीक्षण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए एफएसएसएआई ने ईएफआरएसी द्वारा मानकीकृत पद्धति के संबंध में प्रयोगशालाओं की तैयारी के आधार पर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 90 प्रयोगशालाओं (निजी और सरकारी) की पहचान की है।

5.5.3 पहले चरण में 55 प्रयोगशालाओं को शामिल किया गया है और अब तक 30 प्रयोगशालाओं द्वारा विधि सत्यापन और प्रवीणता परीक्षण (पीटी) सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। शेष प्रयोगशालाएं कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में हैं और जल्द ही गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा कर लेगी। यह प्रक्रिया चरणबद्ध रूप में जारी रहेगी और दिसंबर, 2022 तक पीटी कार्यक्रम के सफल समापन के लिए 90 प्रयोगशालाओं द्वारा सहभागिता अपेक्षित है। इस मानकीकृत विधि को एफएसएसएआई के मैनुअल ऑफ मेथड्स में भी जल्द से जल्द शामिल किया जाएगा।

5.6 प्रयोगशाला रेटिंग मैट्रिक्स

5.6.1 परीक्षण की गुणवत्ता और दक्षता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रयोगशालाओं को प्रेरित करने हेतु एफएसएसएआई अपने द्वारा अधिसूचित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को उनके प्रदर्शन और परिणामों के अनुसार एफएसएस, अधिनियम 2006 के तहत रेट करने की योजना बना रहा है। एफएसएसएआई द्वारा प्रयोगशाला रेटिंग से राज्य प्राधिकारियों, एफबीओ और अन्य हितधारकों का प्रयोगशाला की परीक्षण क्षमता और परीक्षण परिणामों की विश्वसनीयता पर विश्वास भी बढ़ेगा।

5.6.2 इस संबंध में एफएसएसएआई द्वारा गठित एक समिति ने विस्तृत विचार–विमर्श के बाद अधिसूचित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं और अन्य अधिसूचित प्रयोगशालाओं के लिए दो अलग रेटिंग मैट्रिक्स विकसित करने का निर्णय लिया। प्रक्रियाधीन मसौदा मैट्रिक्स के अंतर्गत विभिन्न मापदंडों, जैसे कि ढाँचागत उपलब्धता, परीक्षण क्षमता, श्रमशक्ति की उपलब्धता, इनफोनेट में सक्रिय भागीदारी, पीटी, प्रयोगशालाओं की आपसी तुलना, निगरानी, उन्नत उपकरणों की उपलब्धता और उपयोग, विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपस्थिति, आदि को ध्यान में रखा गया है।

5.7 राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं (एसएफटीएल) का अंतर (गैप) विश्लेषण

एफएसएसएआई ने भारत में राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से स्वतंत्र विशेषज्ञों के माध्यम से 76 राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं (एसएफटीएल) और 2 एफएसएसएआई के स्वामित्व वाली राष्ट्रीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का अंतर विश्लेषण किया है। अंतर विश्लेषण की रिपोर्ट

में बुनियादी ढांचे, उपकरण की स्थिति, श्रमशक्ति की उपलब्धता, प्रमाणित संदर्भ सामग्री (सीआरएम) और उपभोग्य सामग्रियों की उपलब्धता और खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के एनएबीएल दायरे की समीक्षा की गई। प्रमुख निष्कर्षों के आधार पर राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों के अंतर्गत विशिष्ट शीर्षों के तहत एसएफटीएल को निधियां प्रदान करके समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

5.8 देश में खाद्य परीक्षण प्रणाली का सशक्तीकरण

5.8.1 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा "चल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं सहित देश में खाद्य परीक्षण प्रणाली के सशक्तीकरण" नामक केंद्रीय क्षेत्र योजना को दिनांक 31 अगस्त, 2016 से 3 साल की अवधि के लिए 481.95 करोड़ रुपये (₹400.40 करोड़–अनावर्ती, ₹81.55 करोड़–आवर्ती) की राशि सहित अनुमोदित की गई। सरकार ने इस योजना को कुछ अतिरिक्त घटकों और संशोधित वित्तीय परिव्यय के साथ 2022–23 तक बढ़ा दिया है।

5.8.2 केंद्रीय क्षेत्र योजना के महत्वपूर्ण घटकों और कार्यान्वयन की स्थिति का विवरण निम्नलिखित है:

(क) राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण

योजना के इस घटक के तहत लगभग 43 राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को प्रति एसएफटीएल ₹12 करोड़ की अनुमानित लागत से सुदृढ़ करना है, बशर्ते कि राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों की सरकारें इसके लिए तैयार हों। इस लागत में तीन उन्नत उपकरण (एचईई) अर्थात् जीसी–एमएसएमएस, आईसीपीएमएस और एलसी–एमएसएमएस लगाने के लिए भौतिक अवसंरचना के निर्माण/नवीकरण के लिए ₹50 लाख, एचईई की खरीद के लिए ₹8.50 करोड़ (जिसमें 7 वर्ष के लिए श्रमशक्ति तथा 5 वर्ष के लिए विस्तृत एएमसी शामिल है), उपभोज्य तथा आपात स्थितियों के लिए ₹60 लाख तथा सूक्ष्मजैविक प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए ₹3.00 करोड़ की लागत शामिल है। दिनांक 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार 30 राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों में 41 एसएफटीएल को ₹327.02 करोड़ (एफएसडब्ल्यू को छोड़कर) की कुल अनुदान राशि जारी करके उनको सशक्त बनाया गया है। 2021–22 के दौरान ₹12.54 करोड़ का अनुदान जारी किया गया था जिसका विवरण सारणी–21 में दिया गया है।

(ख) रेफरल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण

एफएसएसआर के अनुसार अपेक्षित परीक्षण सुविधाओं और मौजूदा सुविधाओं के बीच के अंतर को कम करने के लिए प्रत्येक रेफरल प्रयोगशाला के उन्नयन हेतु उन्नत उपकरण खरीदने के लिए अनुमानित अनुदान ₹3.00 करोड़ है। वर्ष 2021–22 की स्थिति के अनुसार योजना के अंतर्गत 13 रेफरल प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए कुल ₹33.18 करोड़ का अनुदान दिया गया है, जिसमें से ₹5.53 करोड़ 2021–22 में जारी किए गए थे, जिसका विवरण निम्नानुसार है:

रेफरल प्रयोगशालाओं का नाम और पता	जारी किया गया अनुदान (करोड़ ₹ में)	अनुमोदित उपकरण
पंजाब बायोटेक्नोलॉजी इन्क्यूबेटर (पीबीटीआई), मोहाली	0.77* ('अतिरिक्त अनुदान)	आईसीपी–एमएस,एमडीएस, ईए–एलसी–आईआरएमएस

रेफरल प्रयोगशालाओं का नाम और पता	जारी किया गया अनुदान (करोड़ ₹ में)	अनुमोदित उपकरण
सीएफआरए– निफ्टेम, सोनीपत, हरियाणा	1.76	आईसीपीएमएस, आईसी–सीडी
आईआईएचआर, बेंगलुरु	3.00	एलसीएमएसएमएस, आईसी–आईसीपीएमएस
कुल	5.53 करोड़ रुपए	————————

(ग) चल खाद्य प्रयोगशालाओं के लिए सहायता

इस योजना के अंतर्गत देश भर के राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों में चल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं (एमएफटीएल), जिन्हें फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स (एफएसडब्ल्यू) कहा जाता है, प्रदान की जा रही हैं। यह योजना न केवल दूरदराज के क्षेत्रों में खाद्य परीक्षण अवसंरचना की कमी का समाधान करती है बल्कि उपभोक्ताओं की बुनियादी विश्लेषणात्मक जरूरतों को भी पूरा करती है। विज़न दस्तावेज के अनुसार खाद्य परीक्षण, जागरूकता और क्षमता निर्माण को बढ़ाने के लिए परिवर्तित एफएसडब्ल्यू नामक एफएसडब्ल्यू का एक नया संस्करण तैयार किया गया है। राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों को एक पूरी तरह से तैयार परिवर्तित एफएसडब्ल्यू (उपकरणों, हाथ से पकड़े जाने वाले कुछ यंत्र/ रेपिड परीक्षण किट्स और सूक्ष्मजैविक परीक्षण सहित) जिनकी लागत जीएसटी को छोड़कर, ₹37 लाख (लगभग) है, प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा संचालन खर्च हेतु तीन साल के लिए ₹10 लाख/वर्ष/एफएसडब्ल्यू का आवर्ती अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है। वर्ष के दौरान 83 और एफएसडब्ल्यू प्रदान की गयी। इस प्रकार, 31 मार्च, 2022 तक खरीदे और वितरित किए गए एफएसडब्ल्यू की कुल संख्या 173 है। इनमें से 97 वाहन केंद्रीय क्षेत्र की योजना के तहत उपलब्ध कराए गए हैं। कुल एफएसडब्ल्यू का राज्य–वार वितरण सारणी–22 में दिया गया है।

आकृति 8–एफएसडब्ल्यू वैन का आंतरिक दृश्य

आकृति 9—एफएसडब्ल्यू का बाहरी दृश्य

(घ) खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की क्षमता का निर्माण

(i) क्षमता निर्माण कौशल, वृत्तियों, क्षमताओं, प्रक्रियाओं और संसाधनों को विकसित और सुदृढ़ करने की एक प्रक्रिया है जो देश भर में खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के आवश्यक घटक हैं। इस गतिविधि का परम उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं एनएबीएल से प्रत्यायन प्राप्त करें और उसे बनाए रखें और उन्हें देश की सर्वश्रेष्ठ प्रयोगशालाओं के बराबर लाया जाए। एफएसएसएआई द्वारा अधिसूचित सभी प्रयोगशालाएं, राज्य खाद्य प्रयोगशालाएं और रेफरल प्रयोगशालाएं इस पहल में भाग लेने के लिए योग्य हैं। देश में खाद्य विश्लेषकों का एक प्रभावी और योग्य नेटवर्क स्थापित करने के लिए अधिसूचित प्रयोगशालाओं और राज्य खाद्य प्रयोगशालाओं को अधिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि ऐसी सभी प्रयोगशालाएं अपना काम कुशलतापूर्वक और बेहतर क्षमता के साथ करने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और विशेषज्ञता प्राप्त करें, उसे बेहतर करें और बनाए रखें।

भौतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

(ii) अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022 की अवधि के दौरान, विशेष रूप से राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के कर्मियों के लिए कुल 5 भौतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न सरकारी संस्थानों और प्रयोगशालाओं में आयोजित किए गए थे। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 45 राज्य प्रयोगशाला कर्मियों ने भाग लिया।

ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम

(iii) एफएसएसएआई द्वारा अपने तीन प्रशिक्षण केंद्रों अर्थात् (i) खाद्य सुरक्षा समाधान केंद्र (एफएसएससी), (ii) सूक्ष्मजैविक विश्लेषण प्रशिक्षण केंद्र (सी–मैट), (दोनों राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला गाजियाबाद में स्थित) और (iii) खाद्य सुरक्षा और अनुप्रयुक्त पोषण पर अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान (आईटीसी–एफएसएएन), मुम्बई के साथ मिलकर कुल 197 ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम और सर्टिफिकेट कोर्स भी आयोजित किए गए थे। इनके अतिरिक्त राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला अर्थात एनडीडीबी, आणंद, गुजरात ने भी मार्च, 2022 में ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों, एफएसएसएआई द्वारा अधिसूचित प्रयोगशालाओं और अन्य प्रयोगशालाओं, विभिन्न राज्यों/संघराज्य

क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, उपभोक्ताओं, खाद्य कारोबारियों, छात्रों, आईएनएस–हमला के नौसेना केटरिंग कार्मिकों आदि के लगभग 13,899 प्रतिभागियों ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया।

(iv) प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न मापदंडों जैसे सुरक्षा पहलुओं, पोषण संबंधी पहलुओं और भोजन की संरचना के परीक्षण में प्रयोग की जाने वाली विश्लेषणात्मक तकनीकों के बारे में ज्ञान प्रदान करना है। भोजन की संरचना में नमी, राख, लिपिड, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की मात्रा शामिल है, जबकि सुरक्षा मापदंडों में विभिन्न खाद्य वस्तुओं में माइकोटॉक्सिन, कीटनाशकों के अवशिष्ट और धातु संदूषक/भारी धातुओं का उन्नत उपकरण (एचईई) का उपयोग करके विश्लेषण करना शामिल है, ताकि प्रयोगशाला कर्मियों के कौशल को विकसित किया जा सके।

(v) मोटे तौर पर प्रशिक्षण में सूक्ष्मजीव विज्ञान में प्रयोगशाला संबंधी कौशल; सामान्य सूक्ष्मजैविकी प्रयोगशाला के उपकरणों को संचालित करना और अंशशोधन करना, कीटाणुनाशन; खाद्य उत्पादन वातावरण में रोगजनक से होने वाले संदूषण की स्थिति को संभालना; अवायवीय (अनैरोबिक) संवर्धन अनुप्रयोग आदि जैसे विषय शामिल थे। सामान्य विषयों पर भी प्रशिक्षण दिया गया जैसे कि न्यूट्रास्युटिकल्स और हेल्थ सप्लीमेंट्स उद्योगों के लिए कोविड संबंधी सुरक्षा दिशानिर्देश, रेपिड परीक्षण किट्स के माध्यम से भारत में खाद्य परीक्षण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव, खाद्य विश्लेषण में उपयोग के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले साधन, एफएसएस अधिनियम, 2006 और एफएसएस नियम, 2011 के तहत नमूनाकरण और विश्लेषण के लिए नियामक प्रक्रिया आदि।

प्रशिक्षण कैलेंडर

(vi) देश भर में राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में कार्यरत प्रयोगशाला कर्मियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए और साथ ही विभिन्न विषयों पर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में उन्हें अद्यतन रखने के लिए पहली बार एक प्रशिक्षण कैलेंडर (जनवरी, 2022 से जून, 2022) तैयार किया गया और एफएसएसएआई की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

आकृति 10–प्रयोगशाला कर्मी इत्यादि के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कुछ झलकियाँ

राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, कोलकाता

आईटीसी–एफएसएएन, मुम्बई

सीएसआईआर, लखनऊ

एफएसएससी, एनएफएल गाज़ियाबाद

सीईपीसीआई, केरल

5.9 खाद्य सुरक्षा मैजिक बॉक्स

एफएसएसएआई ने एक छोटे आकार और हल्के वजन का पोर्टेबल बॉक्स विकसित किया है, जिसे फूड सेफ्टी मैजिक बॉक्स (एफएसएमबी) कहा जाता है। इसमें कुछ मूलभूत रसायन, छोटे उपकरण और सुरक्षा यंत्र होते हैं। यह स्वयं करें पद्धति पर आधारित एक खाद्य सुरक्षा परीक्षण किट है और इसे स्कूल और कॉलेज के छात्रों, आंगनवाड़ी प्रशिक्षकों, आशा कार्यकर्ताओं आदि को विभिन्न खाद्य उत्पाद श्रेणियों में मिलावट के त्वरित परीक्षण में शिक्षित करने के लिए एक शैक्षणिक उपकरण बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इसके साथ एक मार्गदर्शन पुस्तिका भी है जिसमें चित्रों के माध्यम से बहुत ही सरल तरीके से विभिन्न खाद्य उत्पादों का परीक्षण दर्शाया गया है। इसके माध्यम से दूध में पानी, यूरिया, डिटर्जेंट, स्टार्च, चूर्णित साबुन आदि; मसालों और खड़े मसालों में स्टार्च और कृत्रिम रंग; पेय पदार्थों में मिनरल एसिड, चीनी और शहद में मिलावट जैसी मिलावटों का पता लगाने के लिए 100 से अधिक सरल परीक्षण किए जा सकते हैं। एफएसएसएआई ने 14–27 नवंबर 2021 के दौरान प्रगति मैदान में आयोजित भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मैजिक बॉक्स का प्रदर्शन किया ताकि आम जनता को और विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों को खाद्य मिलावट के प्रति संवेदनशील बनाया जा सके जो मिलावट की जांच करने के लिए घर पर विभिन्न विज्ञान आधारित परीक्षण कर सकते हैं।

5.10 जिला स्तर पर राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों में नमूना प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन

एफएसएसएआई ने 30 राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के अभिहित अधिकारियों व खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को सुवाह्य चिल बॉक्स तथा बैकपैक शैली के प्रतिचयन बैग, वाहन–आरूढ़ योग्य कोल्डचेन दक्ष बक्से, डीप फ्रीजर और सामान्य भंडारण कैबिनेट प्रदान किए हैं जिससे कि भारत भर में कोल्ड चेन सुविधाओं सहित नमूना प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस) का एक प्रभावी नेटवर्क बनाकर परिवहन और भंडारण के दौरान नमूनों को खराब होने से बचाया जा सके।

एमएमएस के घटक

कॉम्पैक्ट कैबिनेट चिलरफ्रीजर एम्बिएंट	वाहन आरूढ़ योग्य फ्रीजर यूनिट	सुवाह्य चिल बॉक्स	बैकपैक शैली के प्रतिचयन बैग

5.11.1 7वीं खाद्य विश्लेषक परीक्षा (एफएई)

एफएसएसएआई योग्य खाद्य विश्लेषकों की संख्या को बढ़ाने और प्राथमिक और रेफरल प्रयोगशालाओं के मानव संसाधन को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से खाद्य विश्लेषक परीक्षाएँ (एफएई) आयोजित करता है। 7वीं एफएई की लिखित परीक्षा 30 जुलाई, 2021 को 16 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जहां कुल 521 अभ्यर्थी उपस्थित हुए थे। इस परीक्षा के परिणाम में 68 अभ्यर्थी प्रायोगिक परीक्षा में बैठने के योग्य पाए गए। प्रथम/द्वितीय/तृतीय कनिष्ठ विश्लेषक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले पांच अभ्यर्थियों को भी प्रायोगिक परीक्षा में बैठने के लिए योग्य माना गया। निकट भविष्य में प्रायोगिक परीक्षाएँ आयोजित की जाएंगी।

5.11.2 चौथी कनिष्ठ विश्लेषक परीक्षा (जेएई)

खाद्य परीक्षण कर्मियों की कमी को ध्यान में रखते हुए और नए स्नातकोत्तरों को खाद्य उद्योग/खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं में भविष्य में नौकरी की संभावनाएँ बनाने और आवश्यक विश्लेषणात्मक अनुभव प्राप्त करने के बाद खाद्य विश्लेषण को एक पेशे के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु नियमित खाद्य विश्लेषक परीक्षा के साथ जेएई भी आयोजित किया जा रहा है। चौथा जेएई ऑनलाइन मोड के माध्यम से 7वें एफएई के साथ ही आयोजित किया गया था। जेएई के लिए कुल 569 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जिनमें से 96 अभ्यर्थियों को योग्य कनिष्ठ विश्लेषक घोषित किया गया। ये अभ्यर्थी खाद्य विश्लेषण में तीन वर्ष का अनुभव प्राप्त करने के बाद सीधे खाद्य विश्लेषक परीक्षा की प्रायोगिक परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे।

5.12 खाद्य विश्लेषकों की अधिसूचना

एफएसएसएआई ने एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 45 के अंतर्गत 95 एफएसएसएआई अधिसूचित प्रयोगशालाओं में 140 खाद्य विश्लेषकों को अधिसूचित किया है ताकि अखिल भारतीय क्षेत्राधिकार सहित अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों के तहत कार्य किया जा सके।

5.13 निगरानी गतिविधियां

5.13.1 ट्रांस फैटी एसिड सर्वेक्षण, 2021

5.13.1.1 भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 2022 तक देश को औद्योगिक रूप से उत्पादित ट्रांस–वसा से मुक्त करने के लिए औद्योगिक रूप से उत्पादित ट्रांस–वसा की सीमा को अधिकतम 2% तक कम करने का निर्णय लिया था। एफएसएसएआई ने 29 जून–2 जुलाई, 2021 के दौरान संपूर्ण भारत में ट्रांस फैटी एसिड सर्वेक्षण–2021 आयोजित किया था ताकि विभिन्न सामाजिक–आर्थिक परिवेशों और देश भर के चयनित शहरों में भारतीय खाद्य बाजारों की वास्तविकता को समझा जा सके।

5.13.1.2 34 राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के 419 शहरों/जिलों से कुल मिलाकर 6,245 नमूने एकत्र किए गए। छह पूर्व–परिभाषित खाद्य श्रेणियों, जो नीचे उल्लिखित हैं, के तहत विभिन्न पैकेजबंद खाद्य पदार्थों के विविध और स्थानीय पैकेजबंद खाद्य नमूनाकरण सुनिश्चित करने के लिए यादृच्छिक आधार पर स्टोर/हाइपरमार्केट/किराने की दुकानों से पैकेजबंद उत्पादों के नमूने एकत्र किए गए थे (प्रत्येक उत्पाद श्रेणी के सामने नमूनों की संख्या दी गई है) :

- श्रेणी 1– मिठाई, टॉपिंग और चॉकलेटः 1,051
- श्रेणी 2– तला हुआ भोजनः 1,061
- श्रेणी 3– बेकरी और मिष्ठान्न उत्पादः 1,072
- श्रेणी 4– प्रशीतित खाद्य पदार्थः 973
- श्रेणी 5– सम्मिश्रित खाद्य पदार्थः 1,019
- श्रेणी 6– तेल, वनस्पति, शॉर्टनिंग्स और मार्जरीनः 1,069

5.13.1.3 एकत्र किए गए नमूनों को 08 एनएबीएल द्वारा प्रत्यायित प्रयोगशालाओं में परीक्षण किया गया। ट्रांस–वसा की मात्रा ट्रांस फैटी एसिड (टीएफए) आइसोमर्स अर्थात एलेडेट और लिनोएलाइडियोएट के योग के आधार पर निर्धारित की गई और उसका मापन प्रसंस्कृत खाद्य नमूनों में वसा की मात्रा के रूप में किया गया। ट्रांस–फैट की जाँच के लिए सभी 6,245 नमूनों का विश्लेषण किया गया और एक्रिलामाइड की कुल मात्रा की जाँच के लिए 3,142 नमूनों का विश्लेषण किया गया।

5.13.1.4 ट्रांस फैटी एसिड सर्वेक्षण–2021 के प्रमुख निष्कर्ष

- श्रेणी 6 को छोड़कर, जिसमें तेल, वनस्पति, शॉर्टनिंग और मार्जरीन शामिल हैं, सभी 5 उत्पाद श्रेणियों में विश्लेषित कुल 5,176 नमूनों में से मात्र 0.4% नमूनों में 2% से अधिक ट्रांस–वसा पाया गया और 0.15% नमूनों में 3% से अधिक ट्रांस–फैट पाया गया।
- श्रेणी 6, जिसमें तेल, वनस्पति, शॉर्टनिंग और मार्जरीन शामिल हैं, 9.4% नमूनों में 2% से अधिक और 7.1% नमूनों में 3% से अधिक ट्रांस–वसा पाया गया।
- श्रेणी 6 के नमूनों में 2% से अधिक ट्रांस–वसा वाले अधिकांश नमूने घी और वनस्पति के थे और इस अध्ययन में विश्लेषित तेल के नमूनों में से लगभग 2% नमूनों में ट्रांस–वसा की मात्रा 2% से अधिक थी।
- महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, झारखंड, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा, बिहार, कर्नाटक, असम, पंजाब, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, नागालैंड, सिक्किम से लिए गए घी और वनस्पति के कई नमूनों में ट्रांस–फैट की मात्रा 2% से अधिक थी।
- तीन अलग–अलग उत्पाद श्रेणियों (श्रेणियाँ 2, 3 और 5) में विश्लेषित 3,142 नमूनों में से लगभग 22% नमूनों में एक्रिलामाइड की मात्रा 0.1 पीपीएम से अधिक थी और लगभग 3% नमूनों में एक्रिलामाइड की मात्रा 1 पीपीएम से अधिक थी।

5.13.2 संपूर्ण भारत में गुड़ और मसालों का सर्वेक्षण

राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षण डेटा के सृजन में सहायता करते हैं और जोखिम मूल्यांकन एवं नीति हस्तक्षेप के साथ–साथ नियामक कार्रवाई, मानक निर्धारण इत्यादि के लिए भी रास्ते खोलते हैं। एफएसएसएआई ने संपूर्ण भारत में दो सर्वेक्षण गतिविधियों का आयोजन किया, एक सर्वेक्षण फरवरी, 2022 में गुड़ पर (3060 नमूने एकत्र किए गए) किया गया और दूसरा मार्च, 2022 में चयनित मसालों पर (3582 नमूने लिए गए) किया गया। यह सर्वेक्षण 36 राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के चयनित 250 शहरों/जिलों में किया गया था। चयनित शहरों/जिलों में से 50 शहरों/जिलों को

बढ़ी हुई जनसंख्या के आधार पर चुना गया और 20 शहरों/जिलों को विशेष वस्तु के उत्पादन के आधार पर चुना गया और देश के प्रत्येक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले 180 शहरों/स्थानों को यादृच्छिक रूप से चुना गया। डेटा और रिपोर्ट का विश्लेषण और संकलन पूरा होने के बाद परिणाम और निष्कर्ष सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होंगे। गैर–अनुरूपता के मामले में नियामक नमूनाकरण गतिविधियों के निष्पादन के लिए यह रिपोर्ट राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों को भेजी जाएगी और साथ ही संबंधित मंत्रालयों और विभागों को भी भेजी जाएगी ताकि एक समुचित कार्य योजना तैयार की जा सके।

5.12.3 वर्ष 2019–2021 में आयोजित डेस्कटॉप सर्वेक्षण

5.13.3.1 खाद्य में कीटनाशक अवशिष्टों पर डेस्कटॉप सर्वेक्षण

एफएसएसएआई ने जनवरी, 2019 से दिसंबर, 2020 तक की अवधि के लिए देश भर की विभिन्न एफएसएसएआई द्वारा अधिसूचित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं से प्राप्त विभिन्न खाद्य वस्तुओं के कीटनाशक अवशिष्ट परीक्षण डेटा का मिलान किया। इस कार्य का उद्देश्य था कि एफएसएसएआई द्वारा निर्दिष्ट अवशिष्ट की अधिकतम मात्रा (एमआरएल) के संबंध में कीटनाशकों की अनुमत मात्रा के अनुपालन की स्थिति का पता लगाया जा सके और उन खाद्य वस्तुओं का पता लगाया जा सके जिनमें खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम (एफएसएसआर) 2011 के उल्लंघन में प्रतिबंधित और ऑफ लेबल कीटनाशकों का उपयोग किया जा रहा है। सर्वेक्षण के प्रमुख परिणाम निम्नानुसार हैं:

- 40 एफएसएसएआई अधिसूचित प्रयोगशालाओं (निजी, रेफरल, राज्य प्रयोगशालाओं आदि) से कुल 7,15,624 कीटनाशक अवशिष्ट डेटा प्राप्त हुआ था। इसमें से 7,05,906 (98.6%) कीटनाशक डेटा एफएसएसएआई के अंतर्गत अधिकतम अनुमत सीमा के संबंध में अनुरूप पाया गया और 9,718 कीटनाशक डेटा (1.35%) गैर–अनुरूप पाया गया।
- गैर–अनुपालन की स्थिति प्रमुख रूप से केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और हरियाणा में स्थित प्रयोगशालाओं में परीक्षित मसालों और खड़े मसालों और उसके बाद फलों और सब्जियों, अनाज और अनाज उत्पाद और बीवरेज के खाद्य नमूनों में पाई गई।
- विभिन्न राज्यों में स्थित प्रयोगशालाओं में परीक्षित नमूनों में से मुख्य रूप से चावल के नमूनों में, और उसके बाद जीरा, पानी, मछली और चाय के नमूनों में प्रतिबंधित कीटनाशक पाये गए।
- विभिन्न राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों से प्राप्त होने वाले जीरे में ऑफ लेबल कीटनाशकों का उपयोग सबसे अधिक और उसके बाद मिर्च पाउडर/साबुत, हल्दी पाउडर और किशमिश में पाया गया।

5.13.3.2 खाद्य में भारी धातुओं पर डेस्कटॉप सर्वेक्षण (वर्ष 2019–2021)

भारी धातुओं पर इस डेस्कटॉप सर्वेक्षण में, जनवरी, 2019 से दिसंबर, 2021 की अवधि के लिए देश भर में विभिन्न एफएसएसएआई द्वारा अधिसूचित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं से विभिन्न खाद्य वस्तुओं के परीक्षण डेटा प्राप्त किए गए थे। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य था कि विभिन्न खाद्य उत्पादों के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक (संदूषक, आविष और अवशिष्ट) विनियम, 2011 के तहत निर्धारित

भारी धातुओं के अनुपालन की समग्र स्थिति का पता लगाया जा सके; विनियामक मात्राओं से अधिक पाई जाने वाली भारी धातुओं का पता लगाया जा सके; गैर–अनुरूप नमूनों में से उच्च जोखिम वाले खाद्य उत्पादों/श्रेणियों की सूची बनाई जा सके; और भारत के विभिन्न क्षेत्रों में धातु–वार गैर–अनुपालन की स्थिति का पता चल सके। सर्वेक्षण के प्रमुख परिणाम निम्नानुसार हैं:

- 57 एफएसएसएआई अधिसूचित प्रयोगशालाओं (निजी, रेफरल, राज्य प्रयोगशालाओं आदि) से कुल 1,69,319 नमूनों का भारी धातु परीक्षण डेटा (9,21,631 डेटा बिन्दु) प्राप्त हुआ। इनमें से 1,389 नमूनों (0.82%) (लगभग 1853 डेटा बिंदुओं से युक्त) में भारी धातु की मात्रा उपर्युक्त एफएसएस विनियम, 2011 के तहत भारी धातु की अनुमत अधिकतम मात्रा से अधिक पाई गई।
- भारत भर में परीक्षित विभिन्न खाद्य उत्पादों के गैर–अनुरूप नमूनों में प्रमुख गैर–अनुपालन सीसा के संबंध में (37.6%) और उसके बाद आर्सेनिक (17.7%), और कैडमियम (10.0%) के संबंध में पाया गया। अधिकतम भारी धातु संबंधी गैर–अनुपालन पैकेजबंद पेय जल और उसके बाद हल्दी, दूध पाउडर, दालों और फलियों, सरसों के तेल, चीनी और मछली जैसे खाद्य उत्पादों में पाया गया।

  उपरोक्त निष्कर्षों को संबंधित हितधारकों जैसे राज्य खाद्य आयुक्तों, उद्योग संघों और मंत्रालयों आदि के साथ साझा किया गया।

5.14 रैपिड विश्लेषणात्मक खाद्य परीक्षण किट, उपकरण या विधि (आरएएफ़टी)

5.14.1 खाद्य सुरक्षा और मानक (प्रयोगशाला और नमूना विश्लेषण) प्रथम संशोधन विनियम के विनियम 2.4 के अनुसार एफएसएसएआई को 'रैपिड विश्लेषणात्मक खाद्य परीक्षण किट, उपकरण या विधि का अनुमोदन करने का अधिदेश है। इसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा अधिकारियों (एफएसओ) या चल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा स्थल पर ही निरीक्षण करने के लिए सहूलियत प्रदान करना या खाद्य प्रयोगशाला में परीक्षण समय व लागत को कम करना है।

5.14.2 वर्ष 2021–22 के दौरान इस प्रकार के 19 आवेदनों की जांच हुई जिसमें से 10 को अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया, 5 की अनुशंसा नहीं की गई और 04 को आवेदकों द्वारा वापिस ले लिया गया। आरएएफ़टी योजना के 2019 में चालू होने से लेकर अभी तक कुल 136 आवेदन आए जिसमें से 75 आवेदन को अंतिम रूप से अनुमोदित किया गया, 53 को अस्वीकृत किया गया और 07 को वापिस ले लिया गया। इस संबंध में पूर्ण जानकरी एफएसएसएआई की वेबसाइट पर https://fssai.gov.in/cms/raft.php लिंक पर उपलब्ध है।

5.15 एफएसएसएआई –एओएसी (इंडिया सेक्शन) प्रोफेश्येंसी टेस्टिंग (पीटी) कार्यक्रम, 2021

5.15.1 एफएसएसएआई अधिसूचित प्रयोगशालयों के प्रदर्शन में निरंतर सुधार पर ध्यान देता है। एफएसएस (प्रयोगशालायों की मान्यता और अधिसूचना) विनियम 2018 के खंड 9(1)(i) के अनुसार, गुणवत्ता आश्वासन सुनिश्चित करने के लिए प्रयोगशाला को स्वतंत्र और सक्षम प्रोफेश्येंसी टेस्टिंग प्रोवाइडर द्वारा आयोजित प्रोफ़िश्येंसी टेस्टिंग योजना (पीटी) में भाग लेकर अपने प्रदर्शन व अपने कर्मियों की तकनीकी क्षमता के आकलन करने की आवश्यकता होती है। एफएसएसएआई और एओएसी (इंडिया सेक्शन) ने 2021 में 17043:2010 आईईसी/आईएसओ प्रत्यायित स्वतंत्र प्रोफेश्येंसी टेस्टिंग

प्रोवाइडर के माध्यम से एफएसएसएआई द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य खाद्य प्रयोगशालयों व अन्य प्रयोगशालयों के लिए 05 पीटी कार्यक्रम आयोजित किए। इन में मूलभूत मापदंड, धातु संदूषक, विटामिन, माइकोटोक्सिन और कीटनाशक अवशिष्ट शामिल थे।

5.15.2 पीटी कार्यक्रमों के परिणाम

कुल मिलकर मूलभूत मापदंड के लिए 132 प्रयोगशालायों ने भाग लिया। इसी प्रकार, धातु संदूषकों के लिए 103, विटामिन्स के लिए 69, माइकोटोक्सिन्स के लिए 101, कीटनाशक अवशिष्ट के लिए 107 प्रयोगशालायों नें भाग लिया। इन पीटी कार्यक्रमों में प्रयोगशालाओं का प्रदर्शन संतोषजनक था।

5.16 बेसिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना के लिए मानक विनिर्देश

माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने 20 सितंबर, 2021 को 'बेसिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना के लिए मानक विनिर्देश' शीर्षक से दस्तावेज़ जारी किया। इस दस्तावेज़ में प्रयोगशाला की व्यवस्था, संगठनात्मक संरचना, वांछनीय योग्यता सहित श्रमशक्ति की आवश्यकता, भवन की रूप रेखा और लेआउट, तकनीकी विनिर्देश सहित उपकरणों की आवश्यकता, कर्मियों की सुरक्षा, और प्रयोगशालयों को वित्तीय स्वायतत्ता, आदि से संबन्धित मूलभूत आवश्यकताएँ शामिल हैं। इस दस्तावेज़ का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन सुनिश्चित करने के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला नेटवर्क को सुदृढ़ बनाना है। इन विनिर्देशों के माध्यम से अच्छी प्रयोगशाला रीतियाँ (जीएलपी) स्थापित होंगी और प्रयोगशालायों के परीक्षण परिणामों में सटीकता बढ़ेगी। यह खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम की 2006 नियामक अनुपालन प्रणाली के अनुरूप एक बेसिक खाद्य प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए एक मार्गदर्शन दस्तावेज़ के रूप में कार्य करेगा।

5.17 खाद्य नमूनों के परीक्षण शुल्क में संशोधन

5.17.1 एफएसएस (प्रयोगशाला और नमूना विश्लेषण) विनियम, 2011 के खंड 2.3.1, उपखंड (3) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, खाद्य प्राधिकरण के अनुमोदन से परीक्षण शुल्कों में संशोधन किया गया है जो 01 दिसंबर, 2021 से लागू हुए हैं। यह घरेलू और आयात नमूनों के लिए समान रूप से लागू हैं।

5.17.2 परीक्षण शुल्कों में संशोधन परीक्षण शुल्क समिति की सिफ़ारिशों पर आधारित था जिसने उपकरणों की क्षमता, ढांचागत लागत, संचालन व्यय, प्रत्येक उत्पाद श्रेणी के लिए विश्लेषित किए जाने वाले मापदण्डों आदि के आधार पर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया। इसलिए परीक्षण शुल्क संरचना को युक्तिसंगत बनाने के लिए परीक्षण शुल्क समिति ने विभिन्न उत्पाद श्रेणियों के लिए परीक्षण शुल्क में 6,000 रुपये से 19,000 रुपये तक के संशोधन का अनुमोदन किया जिसे राज्यों/संघशासित क्षेत्रों व अन्य हितधारकों से सलाह मशविरा करके अंतिम रूप दिया गया।

सारणी 16—उन प्रयोगशालायों की सूची जिन्हें विमुक्त किया गया था और जिन्होंने एनएबीएल प्रत्यायन प्राप्त किया तथा वर्ष 2021—22 में पुनः अधिसूचित किया गया

क्र. सं.	प्रयोगशालाओं का नाम
1	खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला, गिंडी, तमिलनाडु
2	जिला खाद्य प्रयोगशाला, करनाल, हरियाणा
3	स्टेट फूड, वॉटर एंड एक्साइज़ लैबोरेटरी, चंडीगढ़, हरियाणा
4	जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, श्रीनगर, जम्मू कश्मीर
5	रीजनल पब्लिक एनालिस्ट लैबोरेटरी, फतेहाबाद, आगरा, उत्तर प्रदेश
6	जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, सूरत नगर निगम, सूरत, गुजरात
7	कम्पोजिट टेस्टिंग लैबोरेटरी, सोलन, हिमाचल प्रदेश
8	खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला, मदुरई, तमिलनाडु
9	खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला, पलायमकोट्टई, तमिलनाडु
10	राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर, छत्तीसगढ़
11	खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला, तंजावुर, तमिलनाडु
12	खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला, कोयंबटूर, तमिलनाडु
13	खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला, सेलम, तमिलनाडु
14	फूड एंड ड्रग लैबोरेटरी, गोवा

सारणी 17—वर्ष 2021—22 के दौरान अधिसूचित अन्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएँ

क्र. सं.	प्रयोगशाला का नाम
1.	खाद्य प्रयोगशाला (एफडीए), एसएएस नगर, पंजाब
2.	जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, उदयपुर, राजस्थान
3.	जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, अजमेर, राजस्थान
4.	जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, भरतपुर, राजस्थान
5.	स्टेट फूड एंड ड्रग टैस्टिंग लैबोरेटरी, रुद्रपुर, उत्तराखंड
6.	म्युनिसिपल एनालिस्ट लैबोरेटरी, मुंबई, महाराष्ट्र
7.	एएलएस टैस्टिंग सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु, कर्नाटक
8.	जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, जम्मू, जम्मू—कश्मीर
9.	जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, कोटा, राजस्थान

क्र. सं.	प्रयोगशाला का नाम
10.	जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, जोधपुर, राजस्थान
11.	जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, बांसवाड़ा, राजस्थान
12.	खाद्य सुरक्षा और मानक प्रयोगशाला, अलवर, राजस्थान
13.	जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, वडोदरा, गुजरात
14.	केंद्रीय प्रयोगशाला (खाद्य), कोलकाता, पश्चिम बंगाल
15.	राज्य जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, कोहिमा, नागालैंड
16.	एश्योरेंस लैबोरेटरी, एलटी फूड्स लिमिटेड, सोनीपत, हरियाणा
17.	जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, बीकानेर, राजस्थान
18.	रीजनल पब्लिक एनालिस्ट लैबोरेटरी, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
19.	काफ, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एनडीडीबी परिसर, आणंद, गुजरात
20.	राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल, मध्य प्रदेश
21.	योंटस लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, गुंटूर, आंध्र प्रदेश
22.	केंद्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला, पूसा, नई दिल्ली
23.	यूरेका एनालिटिकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु, कर्नाटक
24.	सेंट्रल एक्साइज एंड कस्टम लैबोरेटरी, वडोदरा, गुजरात
25.	वरदान एनवायरो लैब, गुरुग्राम, हरियाणा
26.	राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला, नवी मुंबई, महाराष्ट्र
27.	राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भुवनेश्वर, ओडिशा
28.	राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, शिलांग, मेघालय
29.	कारगो इन्सपेक्टर्स एंड सुपरिन्टेंडेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, हावड़ा, पश्चिम बंगाल

सारणी 18–अधिसूचित प्राथमिक और रेफरल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की सूची

प्राथमिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएँ (एफएसएसए अधिनियम की धारा 43(1) के अधीन)		
1	राज्य खाद्य प्रयोगशालाएं	50
2	केंद्र सरकार के संस्थानों/स्वायत्त निकायों की प्रयोगशालाएँ	28
3	निजी प्रयोगशालाएं	149
	कुल प्राथमिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं	227

रेफरल खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएँ (एफएसएस अधिनियम की धारा 43(2) के अधीन)		
1	केंद्र सरकार के संस्थानों/स्वायत्त निकायों की प्रयोगशालाएँ	17
2	खाद्य प्राधिकरण की अपनी प्रयोगशालाएँ	03
	कुल रेफरल प्रयोगशालाएं	**20**

सारणी 19—देश में खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की राज्यवार संख्या

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 43(1) के तहत अधिसूचित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं			एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 43(2) के तहत अधिसूचित रेफरल प्रयोगशालाएं
		सरकारी		निजी	
		राज्य	अन्य संस्थान		
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	–	–	–	–
2	आंध्र प्रदेश	–	1	6	1
3	अरुणाचल प्रदेश	–	–	–	–
4	असम	1	–	–	–
5	बिहार	–	–	–	–
6	चंडीगढ़	1	–	–	–
7	छत्तीसगढ	–	–	–	–
8	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	–	–	1	–
9	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली	1	1	18	–
10	गोवा	1	2	1	–
11	गुजरात	6	–	9	1
12	हरियाणा	2	1	15	1
13	हिमाचल प्रदेश	1	–	1	–
14	जम्मू–कश्मीर	2	1	–	–
15	झारखंड	–	–	1	–
16	कर्नाटक	–	–	15	2
17	केरल	3	6	6	2
18	लद्दाख	–	–	–	–
19	लक्षद्वीप	–	–	–	–
20	मध्य प्रदेश	1	–	7	–
21	महाराष्ट्र	3	3	24	4
22	मणिपुर	–	–	–	–

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 43(1) के तहत अधिसूचित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं			एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 43(2) के तहत अधिसूचित रेफरल प्रयोगशालाएं
		सरकारी		निजी	
		राज्य	अन्य संस्थान		
23	मेघालय	1	–	–	–
24	मिज़ोरम	–	–	–	–
25	नागालैंड	1	–	–	–
26	ओडिशा	1	–	1	–
27	पुदुचेरी	–	–	–	–
28	पंजाब	1	1	2	1
29	राजस्थान	9	1	5	–
30	सिक्किम	–	–	–	–
31	तमिलनाडु	6	1	16	2
32	तेलंगाना	1	–	9	3
33	त्रिपुरा	–	1	–	–
34	उत्तर प्रदेश	5	4	5	2
35	उत्तराखंड	1	–	1	–
36	पश्चिम बंगाल	2	5	4	1
	कुल	**50**	**28**	**149**	**20**

सारणी 20–अधिसूचित एनआरएल/एएनआरएल की सूची

क्र. सं.	प्रयोगशाला/संस्थान/संगठन का नाम	एनआरएल/एएनआरएल का कार्यक्षेत्र
	एनआरएल के रूप में कार्य करने वाली सरकारी प्रयोगशालाएँ	
1.	सीएसआईआर–केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मैसूरु, कर्नाटक	पोषण संबंधी जानकारी और लेबलिंग
2.	निर्यात निरीक्षण एजेंसी, कोच्चि, केरल	जीएमओ परीक्षण*
3.	पंजाब बायोटेक्नोलॉजी इनक्यूबेटर, मोहाली, पंजाब	शहद सहित मिठाईयाँ और मिष्ठान्न
4.	आईसीएआर–राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे, महाराष्ट्र	कीटनाशक अवशिष्ट और मायकोटॉक्सिन्स
5.	आईसीएआर–सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ फिशरीज टेक्नोलॉजी, कोच्चि, केरल	मछली और मत्स्य उत्पाद
6.	पशुधन एवं आहार विश्लेषण तथा अध्ययन केंद्र–राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आणंद, गुजरात	डेयरी और डेयरी उत्पाद

क्र. सं.	प्रयोगशाला/संस्थान/संगठन का नाम	एनआरएल/एएनआरएल का कार्यक्षेत्र
7.	सीएसआईआर– इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च, लखनऊ, उत्तर प्रदेश	न्यूट्रास्युटिकल्स, प्रकार्यात्मक खाद्य और नवीन/उभरते खाद्य पदार्थों/खाद्य संघटकों का विष संबंधी मूल्यांकन/जोखिम मूल्यांकन
		(*जीएमओ नियमों के कार्यान्वयन के अधीन)
	एनआरएल के रूप में कार्य करने वाली निजी प्रयोगशालाएँ	
8.	ट्रायलॉजी एनालिटिकल लैबोरेटरी प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना	अनाज और दालें, मसाले और खड़े मसाले और संबंधित पीटी गतिविधियाँ
9.	एडवर्ड फूड रिसर्च एंड एनालिसिस सेंटर लिमिटेड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल	वेटेरिनरी ड्रग अवशिष्ट, ऐंटीबायोटिक्स और हॉरमोन्स
10.	विमता लैब्स लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना	जल, एल्कोहलीय और गैर–एल्कोहलीय बीवरेज
11.	फेयर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम, हरियाणा	तेल और वसा
12.	नियोजेन फूड एंड ऐनिमल सिक्योरिटी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, कोच्चि, केरल	खाद्य एलर्जेन्स
	एनआरएल (एएनआरएल) की आनुषंगिक सुविधा	
13.	निर्यात निरीक्षण एजेंसी (ईआईए), चेन्नई, तमिलनाडु	सूक्ष्मजैविक परीक्षण में पीटीपी के रूप में सहायता की सुविधा
14.	निर्यात निरीक्षण एजेंसी (ईआईए), कोलकाता, पश्चिम बंगाल	सभी खाद्य श्रेणियों में भारी धातुओं के क्षेत्र में पीटीपी के रूप में सहायता की सुविधा

सारणी 21–वर्ष 2021–22 में राज्य खाद्य प्रयोगशालायों के लिए जारी किया गया अनुदान

क्र. सं.	राज्य प्रयोगशाला	सीएसएस के तहत जारी किया गया कुल अनुदान (लाख रुपये में)
1.	असम (गुवाहाटी)	6.20
2.	बिहार (पटना)	2.06
3.	गोवा (बम्बोलिम)	4.25
4.	गुजरात (वडोदरा)	18.40
5.	गुजरात (राजकोट)	14.80
6.	हरियाणा (चंडीगढ़)	3.82
7.	हिमाचल प्रदेश (कंडाघाट)	2.00
8.	जम्मू–कश्मीर (जम्मू)	10.95
9.	जम्मू–कश्मीर (श्रीनगर)	10.95
10.	झारखंड (रांची)	3.70

क्र. सं.	राज्य प्रयोगशाला	सीएसएस के तहत जारी किया गया कुल अनुदान (लाख रुपये में)
11.	कर्नाटक (बेंगलुरु)	60.75
12.	केरल (तिरुवनंतपुरम)	2.50
13.	लद्दाख	3.50
14.	मध्य प्रदेश (भोपाल)	5.88
15.	मणिपुर (लैम्फेल)	2.40
16.	मेघालय (शिलांग)	3.20
17.	नागालैंड (कोहिमा)	8.30
18.	पुडुचेरी (गोरीमेडु)	13.00
19.	पंजाब (खरार)	2.00
20.	राजस्थान (जोधपुर)	4.40
21.	राजस्थान (उदयपुर)	4.40
22.	तमिलनाडु (चेन्नई)	12.80
23.	तमिलनाडु (मदुरई)	30.55
24.	त्रिपुरा (अगरतला)	3.00
25.	उत्तर प्रदेश (लखनऊ)	4.12
26.	उत्तराखंड (रुद्रपुर)	3.00
27.	पश्चिम बंगाल (कोलकाता)	5.45
28.	महाराष्ट्र (बीकेसी, मुंबई)	587.62
29.	राजस्थान (जयपुर)	1.00
30.	कर्नाटक (मैसूरु)	10.00
31.	सिक्किम (सिंगतम)	17.00
32.	पश्चिम बंगाल (सिलीगुड़ी)	307.31
33.	मिज़ोरम (आइज़ोल)	85.20
	एसएफटीएल के लिए कुल अनुदान	**1254.51 लाख रुपये (12.54 करोड़ रुपये)**

सारणी 22—फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स का राज्यवार वितरण

क्र. सं.	राज्य/संघराज्य क्षेत्र का नाम	स्वीकृत/वितरित किए गए एफएसडब्ल्यू की संख्या
1	अंडमान और निकोबार	2
2	अरुणाचल प्रदेश	3
3	असम	6
4	बिहार	5
5	चंडीगढ़	1
6	छत्तीसगढ	9
7	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	1
8	दिल्ली	3
9	गोवा	1
10	गुजरात	22
11	हरियाणा	5
12	हिमाचल प्रदेश	2
13	जम्मू—कश्मीर	8
14	झारखंड	3
15	कर्नाटक	4
16	केरल	12
17	मध्य प्रदेश	15
18	महाराष्ट्र	2
19	मणिपुर	2
20	मेघालय	4
21	मिज़ोरम	1
22	नागालैंड	1
23	ओडिशा	1
24	पुदुचेरी	1
25	पंजाब	7

क्र. सं.	राज्य/संघराज्य क्षेत्र का नाम	स्वीकृत/वितरित किए गए एफएसडब्ल्यू की संख्या
26	राजस्थान	9
27	सिक्किम	1
28	तमिलनाडु	2
29	तेलंगाना	5
30	त्रिपुरा	2
31	उत्तराखंड	1
32	उत्तर प्रदेश	18
33	पश्चिम बंगाल	14
	कुल	**173**

अध्याय-6

खाद्य आयात

6.1 विनियमात्मक ढाँचा

6.1.1 खाद्य उत्पादों के आयात का विनियमन खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 25 के तहत विहित खाद्य प्राधिकरण के अधिदेशों में से एक है। अधिनियम में यह स्पष्ट कहा गया है कि कोई व्यक्ति भारत में ऐसे खाद्य उत्पाद का आयात नहीं करेगा, जिससे अधिनियम अथवा उसके अंतर्गत बने नियमों और विनियमों का उल्लंघन हो। किसी भी खाद्य पदार्थ के आयात के लिए आयात लाइसेंस की आवश्यकता है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अनुसार केंद्रीय सरकार, विदेश व्यापार (विकास और विनियम) अधिनियम, 1992 (1992 का संख्यांक 22) के तहत किसी खाद्य वस्तु के आयात पर प्रतिषेध, प्रतिबंध अथवा उसे अन्यथा विनियमित करते समय इस अधिनियम तथा इसके अंतर्गत बने नियमों और विनियमों के तहत खाद्य प्राधिकरण द्वारा विहित मानकों का अनुपालन करेगी।

6.1.2 भारत में आयातित खाद्य उत्पाद के विनियमन के लिए खाद्य प्राधिकरण ने दिनांक 9 मार्च, 2017 को खाद्य सुरक्षा और मानक (आयात) विनियम, 2017 अधिसूचित किए थे, जिनमें खाद्य आयात के लिए प्रक्रिया का विस्तृत विवरण दिया गया हैं जिससे खाद्य आयात की प्रक्रिया को आसानी से समझने योग्य बना दिया गया है।

6.2 प्रवेश के स्थान

आयातित खाद्य उत्पादों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने खाद्य आयात के प्रवेश के कुल 156 स्थानों [हवाई अड्डों/बंदरगाहों/अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी)/विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड)/भू सीमाशुल्क स्टेशनों (एलसीएस)] को अधिसूचित किया हैं। इन हवाई अड्डों/बंदरगाहों/आईसीडी/एसईजेड/एलसीएस पर अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी के रूप में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 25 के साथ पठित धारा 47(5) तथा खाद्य सुरक्षा और मानक (आयात) विनियम, 2017 के विनियम 13(1) के तहत अधिसूचित किया गया है। 13 स्थानों अर्थात् चेन्नई, कोलकाता, मुंबई, जेएनपीटी (नवी मुंबई), दिल्ली, कोच्चि, टुटिकोरिन, कृष्णापटनम्, मुंद्रा, कांडला, बेंगलूरु, हैदराबाद और विशाखापटनम् में एफ.एस.एस.ए.आई के अपने प्राधिकृत अधिकारी भी नियुक्त हैं, जो प्रवेश के 56 स्थानों का कार्य देखते हैं। प्रवेश के 100 अन्य स्थानों पर सीमा शुल्क अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

6.3 जोखिम प्रबंधन प्रणाली

6.3.1 खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली (फिक्स) एक ऑनलाइन प्रणाली है, जो स्विफ्ट (सिंगल विंडो इंटरफेस फॉर फैसिलिटेटिंग ट्रेड) के तहत सीमा शुल्क के आइस–गेट (इंडियन कस्टम्स) इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स/इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज (ईसी/ईडीआई) गेटवे) से जुड़ी है। खाद्य सुरक्षा और मानक

(आयात) विनियम, 2017 में जोखिम के आधार पर खाद्य वस्तुओं के चयनित प्रतिचयन और परीक्षण के उपबंध हैं। जोखिम का कुछ घटकों के आधार पर आकलन किया जाता है। तदनुसार, एफ.ए. एस.ए.आई ने खाद्य वस्तुओं में जोखिम प्रबंधन प्रणाली के मानदंड तय किए हैं।

6.3.2 जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आरएमएस) को सीमा शुल्क के आइसगेट के माध्यम से सीमा शुल्क द्वारा एफ.एस.एस.ए.आई के परामर्श से कतिपय मानदंडों जैसे खाद्य वस्तुओं की जोखिम श्रेणी, आयातक का अनुपालन इतिहास तथा मूल देश इत्यादि के आधार पर पहले ही लागू किया जा चुका है। एक ही मूल देश से एक ही आयातक द्वारा उच्च जोखिम की खाद्य वस्तुओं के आयात की स्थिति में पहली पाँच वाणिज्यिक खेपों का 100 प्रतिशत प्रतिचयन किया जाता है। खाद्य सुरक्षा और मानक विनियमों के तहत निर्धारित मानदंडों के अनुसार सभी मानकों के अनुरूप पाए जाने पर अगली 20 खेपों से 25 प्रतिशत नमूने लिए जाते हैं। सभी नमूने पास हो जाने पर बाद की खेपों से 5 प्रतिशत नमूने लिए जाते हैं। किसी भी चरण में नमूना फेल हो जाने पर आयातक का पूरा इतिहास शून्य हो जाता है तथा पूरी खेप का नमूना लेकर परीक्षण किया जाता है।

6.3.3 एक ही देश से एक ही आयातक द्वारा अल्प जोखिम की खाद्य वस्तुओं के आयात की स्थिति में पहली 5 खेपों का 100 प्रतिशत प्रतिचयन और परीक्षण किया जाता है। सभी नमूने खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम में विहित मानदंडों के अनुरूप पाए जाने पर बाद की सभी खेपों से 5 प्रतिशत नमूने लिए जाते हैं। किसी भी चरण में नमूना फेल हो जाने पर आयातक का पूरा इतिहास शून्य हो जाता है तथा पूरी खेप का नमूना लेकर परीक्षण किया जाता है।

6.4 'फिक्स' के तहत निर्मुक्ति प्रणाली

एफ.एस.एस.ए.आई की खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली एक कागज रहित प्रणाली है, जिसके तहत आयातित खाद्य वस्तुओं के आयात के स्थान पर पहुँचने पर तथा संबंधित सीमाशुल्क अधिकारियों से जाँच के आदेश प्राप्त होने के बाद खाद्य आयातक/सीएचए सीमाशुल्क द्वारा विहित समेकित घोषणा फॉर्म भरकर प्रस्तुत करता है तथा वह फॉर्म 'फिक्स' को अग्रेषित कर दिया जाता है। फिक्स पर आयातक द्वारा अनिवार्य प्रलेख (संघटकों की सूची, लेबल की नमूना प्रति, अंत्य उपयोग घोषणा, बिल ऑफ एंट्री, उत्पत्ति के देश संबंधी प्रमाण–पत्र, एफ.एस.एस.ए.आई लाइसेंस) तथा अन्य प्रलेख भी ऑनलाइन ही जमा कराने होते हैं। आयातक/सीएचए से इन प्रलेखों से संबन्धित कोई भी संचार ऑनलाइन माध्यम से ही होता है। आयातक/सीएचए द्वारा प्रस्तुत सभी प्रलेखों की प्राधिकरण के प्राधिकृत अधिकारी (एओ) द्वारा जाँच की जाती है तथा आयातित खाद्य वस्तुओं की खाद्य सुरक्षा और मानक संबंधी विभिन्न विनियमों में विहित तथा स्थापित सुरक्षा और गुणता संबंधी मानदंडों के प्रति अनुरूपता की जाँच करने के लिए चाक्षुष निरीक्षण, प्रतिचयन तथा परीक्षण किया जाता है। नमूने के मानदंडों के अनुरूप पाए जाने पर 'अनापत्ति प्रमाण–पत्र' जारी हो जाता है अन्यथा अपालन रिपोर्ट जारी होती है, जिसे सीमा शुल्क को ऑनलाइन भेज दिया जाता है। उसकी प्रतिलिपि आयातक की बिन में भी डाल दी जाती है।

6.5 खाद्य आयात व्यापार सारांश

6.5.1 खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली (फिक्स) में उपलब्ध डेटा के अनुसार, वर्ष 2021–22 के दौरान भारत में आयातित की जा रही मुख्य खाद्य श्रेणियाँ तेल और वसा; धान्य और धान्य उत्पाद; फल और सब्जी उत्पाद; अन्य खाद्य उत्पाद और संघटक; मसाले और कंडिमेंट्स; दूध और दुग्ध उत्पाद; खाद्य सहयोज्य; एल्कोहलीय पेय; जल सहित गैर एल्कोहलीय पेय; मिठाइयाँ और मिष्टान्न उत्पाद और

मिठासकारी एजेंट; स्वास्थ्य पूरक और न्युट्रास्युटिकल्स हैं। मात्रा की दृष्टि से भारत को खाद्य पदार्थ निर्यात करने वाले मुख्य देश इंडोनेशिया, मलेशिया, म्याँमार, यूक्रेन, तन्जानिया रिपब्लिक, साउथ अफ्रीका, अर्जेंटाइना, थाइलैंड, ब्राजील, इरान, मोजंबिक, यू.एस.ए, कनाडा, मिश्र और रूस हैं।







6.5.2 अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022 तक एफ.एस.एस.ए.आई द्वारा लिए गए नमूने और जारी किए गए अनापत्ति प्रमाण–पत्रों की संख्या सारणी–23 में दी गई है। एफ.एस.एस.ए.आई ने 74,12,411.80 मैट्रिक टन आयातित खाद्य उत्पादों की कुल 91,694 मदों को हैंडल किया और 73,57,847.25 मैट्रिक टन खाद्य उत्पादों की 89,885 मदों के लिए अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी किए गए।

6.6 वर्ष 2021–22 के दौरान व्यापार को सुचारू बनाने के लिए लिये गए निर्णय

क. भारत में सुरक्षित खाद्य का आयात सुनिश्चित करते हुए कारोबार को आसान बनाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने नए स्थानों अर्थात् बेंगलुरु, हैदराबाद और विशाखापटनम् में दिनांक 15 जुलाई, 2021 से ब्रांच/आयात कार्यालय बनाए हैं। आगे, इन स्थानों से संबंधित खाद्य आयात के नए प्रवेश स्थानों को सीमा शुल्क/से सीधे एफ.एस.एस.ए.आई के अंतर्गत ले लिया गया है।

ख. दिनांक 1 सितंबर, 2021 से एन.एस.डी.एल की एस.ई.जेड ऑनलाइन प्रणाली को एफ.एस.एस.ए.आई की खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली (फिक्स) से जोड़ दिया गया है। प्रवेश के अधिसूचित एस.ई.जेड स्थानों पर फाइल किए गए खाद्य आयात के प्रवेश बिल अब एफ.एस.एस.ए.आई की खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली को सीधे बिना किसी बाधा के भेजे जा रहे हैं।

ग. दिनांक 13 जुलाई, 2021 के आदेश द्वारा प्राधिकृत अधिकारियों को कहा गया कि वे आयातित दालों और कच्चे तेल (खाद्य ग्रेड) की खेपों के संबंध में खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली पर कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर बिना देरी के करें और यदि आवश्यक हो तो खाद्य निर्मुक्ति त्वरित ढंग से करने के लिए खेपों की जाँच/चाक्षुष निरीक्षण/प्रतिचयन सप्ताहांत में भी किए जाएँ।

घ. दिनांक 21 नवंबर, 2021 को एफ.एस.एस.ए.आई ने एक आदेश जारी किया था, जिस द्वारा उसने खाद्य आयात हेतु प्रवेश के सात अतिरिक्त स्थानों के लिए प्राधिकृत अधिकारी अधिसूचित किए थे। खाद्य आयात हेतु प्रवेश के नए स्थान नासिक, बरही–सोनीपत, गोलकगंज–असम, चेन्नई और हल्दिया हैं। आगे, रेवाड़ी (हरियाणा) आईसीडी में खाद्य आयात की मात्रा में कई गुणा वृद्धि को ध्यान में रखे हुए प्राधिकृत अधिकारी (दिल्ली), एफ.एस.एस.ए.आई–एनआर को खाद्य आयात निर्मुक्ति के प्रयोजन से आई.सी.डी रेवाड़ी (आईएनआरई6) के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 47(5) तथा खाद्य सुरक्षा और मानक (आयात) विनियम, 2017 के विनियम 13(1) के अनुसार दिनांक 11 जून, 2021 को अगले आदेश तक प्राधिकृत अधिकारी अधिसूचित किया गया। दिनांक 31 जनवरी, 2022 के आदेश द्वारा एफ.एस.एस.ए.आई के अधिकारियों को जेएनपीटी–एसईजेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया। इससे खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली के प्रवेश स्थानों की कुल संख्या 150 से बढ़कर 156 हो गई है।

ङ. कच्चा काजू सीधे खाद्य वस्तु न होने तथा इसका प्रयोग काजू प्रसंस्करण इकाइयों द्वारा कच्ची सामग्री के रूप में किए जाने के कारण एफ.एस.एस.ए.आई ने अपने आदेश दिनांक 27 अक्टूबर, 2017 द्वारा कच्चे काजू की खेपों को तब तक बिना किसी रोक–टोक के आयात की अनुमति दी थी जब तक कच्चे काजू के मानक निर्धारित न कर दिए जाएँ। कच्चे काजू का आयात पर्याप्त मात्रा में होने के कारण दिनांक 18 जनवरी, 2022 के आदेश द्वारा यह तय किया गया कि कच्चे काजू के मानक निर्धारित होने तक इसे गैर–निर्दिष्ट खाद्य माना जाए और इसके मानक अंगीकृत किए जाएँ।

च. दिनांक 30 नवंबर, 2021 को एफ.एस.एस.ए.आई ने आदेश द्वारा प्राधिकृत अधिकारियों को सख्त निगरानी रखने और डी.जी.एफ.टी की आयात नीति, 2017, जिस द्वारा गाय का मांस और उसके उत्पादों का किसी भी रूप में आयात प्रतिबंधित है, के अनुपालन में गाय के मांस वाले उत्पादों अथवा संघटकों के किसी भी रूप में आयात के लिए अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी न करने को कहा गया।

छ. व्यापार तथा कारोबार को और सुगम बनाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने दिनांक 9 नवंबर, 2021 के निर्देश द्वारा निर्णय लिया कि ओरिजिन में बोतलबंद तथा थोक में प्राप्ति एल्कोहलीय पेयों, जिसमें एल्कोहल की मात्रा 10 प्रतिशत से अधिक हो और एल्कोहल पर समाप्ति की तिथि न हो, उसके संबंध में खाद्य सुरक्षा और मानक (आयात) विनियम, 2017 के अनुसार जारी किए गए अनापत्ति प्रमाण–पत्र की वैधता 300 दिनों के लिए होगी। बंदरगाहों/सीमा शुल्क क्षेत्रों में 300 से अधिक दिनों से पड़ी खेपों के अनापत्ति प्रमाण–पत्र का पुनर्वैधीकरण करने के लिए चाक्षुष निरीक्षण शुल्क लेकर चाक्षुष निरीक्षण किया जा सकता है।

सारणी 23–1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक की अवधि में एफआईसीएस के माध्यम से खाद्य आयात निर्मुक्ति संबंधी डैटा

बंदरगाह	आयातित खाद्य वस्तुओं के मदों की संख्या	कुल मात्रा (मैट्रिक टन में)	जारी किए गए एनओसी	जारी किए गए एनओसी के तहत मात्रा (मैट्रिक टन में)
मुंबई जेएनपीटी– न्हावा शेवा	52240	2588431.00	51487	2572042.00
चेन्नई सी	11583	1409453.60	11484	1400777.47
मुंद्रा	8086	414891.02	7689	408494.55
दिल्ली	6364	44857.25	6227	43704.26
मुंबई एअर कार्गो	2942	1651.89	2909	1648.74
कोलकाता	2744	712299.29	2712	709579.70
कोच्चि बंदरगाह और हवाई अड्डा	1741	51053.73	1601	46752.59
टुटिकोरिन	1403	442855.25	1376	442016.17
दिल्ली एनसीआर	999	20617.89	982	19702.59
कांडला	874	827981.90	834	817338.23
बेंगलुरु	804	2262.58	706	2169.49
विशाखापटनम्	529	21621.21	528	21614.43
कृष्णापटनम्	522	846048.69	514	844897.39
हैदराबाद	385	896.18	377	885.85
चेन्नई एअर	243	64.23	241	64.09
चेन्नई आईसीडी	119	2652.02	110	2635.62
कोलकाता एअर	76	233.56	70	233.01
मुंबई बंदरगाह	40	24540.11	38	23290.11
कुल योग	**91,694**	**74,12,411.80**	**89,885**	**73,57,847.25**

अध्याय-7

खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और क्षमता-निर्माण

7.1 खाद्यकर्मी प्रशिक्षण–खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन (फोस्टैक)

7.1.1 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 16(3)(ज) के तहत एफ.एस.एस.ए.आई को अपने क्षेत्र में अथवा बाहर उन व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा और मानकीकरण में प्रशिक्षण देने का अधिदेश है, जो खाद्य व्यवसायकर्ता, कर्मचारी अथवा अन्य रूप में खाद्य कारोबार से पहले से जुड़े हैं अथवा इस क्षेत्र में आना चाहते हैं। इस अधिदेश के अनुसार एफ.एस.एस.ए.आई ने देश में खाद्यकर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए दिनांक 17 मई, 2017 को 'खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन' कार्यक्रम आरंभ किया। यह खाद्य कारोबारियों के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रीकरण) विनियम, 2011 की अनुसूची–4 पर आधारित अच्छी स्वच्छता और उत्पादन रीतियों पर वृहद् स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है। फोस्टैक के अंतर्गत खाद्य क्षेत्रवार 19 अल्पकालिक नियमित पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं, जो 4 से 12 घंटों की अवधि के होते हैं। नियमित पाठ्यक्रमों में खाद्यकर्मियों द्वारा अपनाए जाने के लिए कोविड–19 संबंधी निवारक उपायों पर मार्गदर्शन भी शामिल है। इस क्षमता–निर्माण पहल का ध्येय खाद्य कारोबारियों में स्वः–अनुपालन की संस्कृति पनपाना है। प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा कर लेने पर खाद्यकर्मियों को खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों के रूप में प्रमाणित किया जाता है। यह अपेक्षा है कि अपने संगठन में जाकर वे खाद्य स्वच्छता और उत्पादन रीतियों पर अन्य खाद्यकर्मियों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देंगे।

7.1.2 फोस्टैक कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण, प्रशिक्षण सहयोगियों के सहयोग से आयोजित किए जाते हैं और प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों विधियों से दिए जाते हैं। 31 मार्च, 2022 तक 262 प्रशिक्षण सहयोगियों तथा 2,186 प्रशिक्षकों को फोस्टैक पैनल में शामिल किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तेजी से प्रगति कर रहा है तथा पिछले वर्ष मार्च, 2021 तक लगभग साढ़े पाँच लाख खाद्यकर्मियों को प्रशिक्षित कर दिया गया था। वर्ष 2021–22 के दौरान फोस्टैक कार्यक्रम के अंतर्गत 9,876 खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक प्रशिक्षण आयोजित किए गए, जिनमें 3,63,677 खाद्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस के अलावा, कोविड–19 खाद्य सुरक्षा दिशा–निर्देशों पर विशेष रूप से दो–दो घंटे के 106 प्रशिक्षण भी आयोजित किए गए, जिनमें 2,233 व्यक्तियों ने भाग लिया।

7.1.3 2021–22 के दौरान खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों के लिए क्षेत्रवार फोस्टैक प्रशिक्षणों का विवरण नीचे सारणी–24 में दिया गया है:

सारणी 24–वर्ष 2021–22 के दौरान फोस्टैक प्रशिक्षणों का क्षेत्रवार विवरण

क्र. सं.	क्षेत्र	खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक प्रशिक्षणों की संख्या	प्रशिक्षित खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों की संख्या
1	पशु मांस और मांस उत्पाद (बड़े पशु)	33	772
2	बेकरी (लेवल 1)	148	4796
3	बेकरी (लेवल 2)	59	1405
4	कैटरिंग (लेवल 1)	3793	156806
5	कैटरिंग (लेवल 2)	861	27752
6	खाद्य तेल	39	927
7	मछली और मत्स्य उत्पाद	38	730
8	स्वास्थ्य पूरक और न्युट्रास्युटिकल्स (विशेष)	37	568
9	उत्पादन (लेवल 1)	746	19769
10	उत्पादन (लेवल 2)	1184	26888
11	दूध और दुग्ध उत्पाद	201	4223
12	कुक्कुट मांस और कुक्कुट उत्पाद (विशेष)	43	484
13	खुदरा और वितरण (लेवल 1)	1365	71302
14	खुदरा और वितरण (लेवल 2)	219	7368
15	भंडारण और परिवहन (लेवल 1)	10	83
16	भंडारण और परिवहन (लेवल 2)	143	4796
17	स्ट्रीट खाद्य बिक्री	909	33686
18	जल और जल–आधारित	48	1322
	योग	9,876	3,63,677

7.2 खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के साथ कार्य

7.2.1 'प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई)' को लागू करने के प्रयोजन से दिनांक 01 अक्टूबर, 2021 को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) के साथ एक समझौता किया गया, जो आत्म–निर्भर भारत अभियान के अंतर्गत एक युगांतरकारी पहल है। यह देखा गया है कि बहुत से सूक्ष्म उद्योग खाद्य प्रसंस्करण का कार्य करते हैं। यह वर्ग असंगठित है तथा उचित मानकों, स्वच्छता, सुरक्षित पैकेजबंदी, अंतर्वेधी शक्ति आदि के अभाव में उपभोक्ताओं में इसकी साख कम है। इस समझौते का ध्येय ऐसी इकाइयों में उपभोक्ताओं का विश्वास जगाना और इस प्रकार राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान देना है।

7.2.2 इस समझौते के तहत सहयोग के निम्नलिखित दो क्षेत्र होंगे –

(क) *खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम (फोस्टैक)*– सूक्ष्म स्तर की खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के खाद्यकर्मियों को अच्छी स्वच्छता तथा रख–रखाव संबंधी रीतियों, खाद्य परीक्षण प्रक्रियाओं तथा अन्य विनियमात्मक अपेक्षाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रशिक्षण

के बाद उन्हें 'खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक' का प्रमाण–पत्र दिया जाएगा। इस परियोजना के तहत फोस्टैक पाठ्यक्रम "आधारभूत उत्पादन" के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

(ख) *सूक्ष्म उद्यमों का पंजीकरण और लाइसेंस–* एफ.एस.एस.ए.आई. लाइसेंस तथा पंजीकरण के लिए आवेदनों की प्रक्रियाओं और अन्य संबंधित विनियमात्मक उपबंधों के बारे में जिला संसाधन व्यक्तियों को प्रशिक्षण देने में सहायता करेगी, जो सूक्ष्म उद्यमों को लाइसेंस/पंजीकरण लेने में मदद करेंगे।

7.2.3 इस एमओयू से सूक्ष्म स्तर के संगठनों को खाद्य सुरक्षा पहलुओं, मानकों तथा विभिन्न विनियमों के बारे में जानकारी मिलेगी, जिससे खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा के बारे में व्यापक धारणा आएगी।

आकृति 11– खाद्य संचालकों के प्रशिक्षण की कुछ छवियाँ

मध्याह्न भोजन संगठनों के लिए आधारभूत कैटरिंग संबंधी फोस्टैक कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण

माही डेयरी के लिए विशेष पाठ्यक्रम–दूध और दुग्ध उत्पाद के बारे में प्रशिक्षण

7.3 विनियमात्मक स्टॉफ प्रशिक्षण

7.3.1 खाद्य सुरक्षा और मानक नियम, 2011 के अध्याय 2 के खंड 2.1.2 तथा 2.1.3 में विनियमात्मक कर्मियों, यथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अभिहित अधिकारी का प्रशिक्षण विहित है। इस अधिदेश के अनुसार एफ.एस.एस.ए.आई ने 2016 में एक प्रशिक्षण नीति तैयार की थी। नीति के अनुसार विनियमात्मक स्टॉफ को परिचय प्रशिक्षण के साथ–साथ पुनश्चर्या प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। इसके अतरिक्त न्याय–निर्णयन अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाता है।

7.3.2 ऊपर उल्लिखित प्रशिक्षण नीति में निर्धारित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुपालन में वर्ष 2021–22 के दौरान ऑनलाइन/ऑफलाइन विधि से 08 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए, जिनमें 535 विनियमात्मक कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। इन कार्यक्रमों के विवरण सारणी–25 में दिए गए हैं।

सारणी 25–वर्ष 2021–22 के दौरान विनियमाक कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण

क्र. सं.	प्रशिक्षण कार्यक्रम	तिथि(याँ)	भागीदारों की संख्या
1.	जम्मू और कश्मीर के विनियमात्मक कार्मिकों (खाद्य सुरक्षा अधिकारियों/अभिहित अधिकारियों इत्यादि) के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक (स्वास्थ्य पूरक, न्युट्रास्युटिकल्स, विशेष आहार विषयक उपयोग के लिए खाद्य इत्यादि) विनियम, 2016 के बारे में प्रशिक्षण (ऑनलाइन)	22 अप्रैल, 2021	100
2.	केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों तथा गुजरात, तेलंगाना, पंजाब और उत्तरी रेलवे के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के लिए परिचय प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऑनलाइन)	3 से 12 मई, 2021	32
3.	महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, त्रिपुरा तथा पश्चिम बंगाल के न्याय–निर्णयन अधिकारियों के लिए अनुकूलन प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऑनलाइन)	3 से 4 अगस्त, 2021	70
4.	केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों तथा उत्तरी रेलवे, आंध्र प्रदेश, पंजाब, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के लिए परिचय प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऑनलाइन)	20 से 29 सितंबर, 2021	86
5.	भारतीय रेलवे, कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के अभिहित अधिकारियों के लिए परिचय/पुनश्चर्या प्रशिक्षण (कक्षा प्रशिक्षण)	25 से 29 अक्टूबर, 2021	26
6.	असम, सिक्किम, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, तमिलनाडु, पंजाब, ओडिशा के अभिहित अधिकारियों के लिए परिचय–सह–पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऑनलाइन)	17 से 21 जनवरी, 2022	32

क्र. सं.	प्रशिक्षण कार्यक्रम	तिथि(याँ)	भागीदारों की संख्या
7.	बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोआ, मध्य प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब और राजस्थान के न्याय–निर्णयन अधिकारियों के लिए अनुकूलन प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऑनलाइन)	27 से 28 जनवरी, 2022	139
8.	दिल्ली, मध्य रेलवे, गोवा, कर्नाटक, लद्दाख, लक्षद्वीप, ओडिशा, पंजाब, आरओएचएफडब्ल्यू– भुवनेश्वर तथा एफ.एस.एस.ए.आई के केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के लिए परिचय प्रशिक्षण (ऑनलाइन)	2 से 11 मार्च, 2022	50
	योग		**535**

आकृति 12–कुछ विनियामक प्रशिक्षणों की झलक

केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों तथा गुजरात, तेलंगाना, पंजाब और उत्तरी रेलवे के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के लिए परिचय प्रशिक्षण



केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों तथा उत्तरी रेलवे, आंध्र प्रदेश, पंजाब, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के लिए परिचय प्रशिक्षण

भारतीय रेलवे, कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के अभिनामित अधिकारियों के लिए राष्ट्रीय भारतीय रेलवे अकादमी, वडोदरा में परिचय/पुनश्चर्या प्रशिक्षण

दिल्ली, मध्य रेलवे, गोवा, कर्नाटक, लद्दाख, लक्षद्वीप, ओडिशा, पंजाब, आरओएचएफडब्ल्यू–भुवनेश्वर के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों तथा एफ.एस.एस.ए.आई के केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के लिए डीएफडीए, गोवा में परिचय (कक्षा) प्रशिक्षण की छवि

7.4 एफ.एस.एस.ए.आई के कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण

7.4.1 वर्ष 2021–22 के दौरान एफ.एस.एस.ए.आई के कार्मिकों के लिए भी 08 प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन/ऑफलाइन विधि से आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का विवरण सारणी–26 में दिया गया है।

सारणी 26–एफ.एस.एस.ए.आई के कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण

प्रशिक्षण कार्यक्रम	तिथि	भागीदारों की संख्या
"जीएफआर तथा क्रय नीति" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऑनलाइन)	28 अप्रैल, 2021	180
"नोटिंग और ड्रॉफ्टिंग" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऑनलाइन)	30 अप्रैल, 2021	160
"आरटीआई अधिनियम, 2005" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऑनलाइन)	27 मई, 2021	175
"सार्वजनिक खरीदारी पर प्रशिक्षण सत्र (आधारभूत और एडवांस्ड)"– अरुण जेतली राष्ट्रीय वित्त प्रबंधन संस्था द्वारा (ऑनलाइन)	19 से 22 जुलाई, 2021	12
	26 से 28 जुलाई, 2021	13

प्रशिक्षण कार्यक्रम	तिथि	भागीदारों की संख्या
"यौन संवेदीकरण तथा 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन शोषण (निवारण, प्रतिषेध और शिकायत निपटान) अधिनियम, 2013' में भिन्न उपबंध" पर प्रशिक्षण सत्र (ऑनलाइन)	6 अगस्त, 2021	60
परिचय प्रशिक्षण कार्यक्रम (तीसरा बैच) (कक्षा प्रशिक्षण)	16 अगस्त से 04 सितंबर, 2021	85
आंतरिक वित्त, स्कंध (आईएफडब्ल्यू) के लिए दो–दिवसीय अनुकूलन प्रशिक्षण (कक्षा प्रशिक्षण)	29 से 30 नवंबर, 2021	14

आकृति 13–एफ.एस.एस.ए.आई के कार्मिकों के परिचय प्रशिक्षण के दौरान ग्रुप फोटो

अध्याय-8

सामाजिक और व्यवहारगत परिवर्तन तथा ईट राइट इंडिया पहल

8.1 ईट राइट इंडिया पहल के बारे में

8.1.1 भारत में खाद्यजनित बीमारियों, अल्प पोषण, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, मोटापे की बढ़ती समस्या तथा उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग इत्यादि गैर–संचारी रोगों की बढ़ती घटनाओं के संदर्भ में सुरक्षित खाद्य और स्वास्थ्यकर आहार बहुत महत्वपूर्ण है। इसके परिपेक्ष में तथा सामाजिक और व्यवहारगत परिवर्तन लाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने 'ईट राइट इंडिया' अभियान आरंभ किया है, जिसके अंतर्गत खाद्य सुरक्षा और पोषण के संबंध में विनियमात्मक तथा गैर–विनियमात्मक दोनों तरह की विविध प्रकार की गतिविधियाँ शामिल हैं। मुख्य हितधारकों तथा नागरिकों को शामिल करते हुए यह अभियान 10 जुलाई, 2018 को शुरू किया गया था। यह अभियान जन स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के सरकार के तीन मुख्य कार्यक्रमों अर्थात् स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत और पोषण अभियान के अनुरूप है। ईट राइट इंडिया अभियान का ध्येय सभी भारतीयों के लिए पर्यावरणीय दृष्टि से धारणीय रीतियों से उत्पादित सुरक्षित और पोषक आहार सुनिश्चित कराना है।

8.1.2 विनियमात्मक उपायों के अतिरिक्त खाद्य कारोबारियों द्वारा खाद्यसुरक्षा और स्वच्छता के मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए बेंचमार्किंग और प्रमाणन के कई कार्यक्रम लागू किए गए हैं, जिनमें स्थानीय ढाबे, छोटे खाद्य विक्रेता, फल और सब्जी विक्रेता, स्ट्रीटफूड विक्रेता आदि असंगठित कारोबार शामिल हैं। पहल के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई कई माध्यमों से कई प्रतियोगिताएँ और बहिरंग संपर्क कार्यक्रम आयोजित करती है। आगे, विविध प्रकार के समाजों को ध्यान में रखते हुए बेहतर पोषण के प्रयोजन से एफ.एस.एस.ए.आई गेहूँ और चावल से लेकर मोटे अनाज तथा अन्य देशज संघटकों के विभिन्न प्रकार के साबुत अनाजों के सेवन को बढ़ावा दे रही है।

8.1.3 सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में खाद्य से संबंधित काम होने के कारण इस पहल के लिए 'समग्र सरकार दृष्टिकोण' अपनाया गया है। कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण संबंधी मंत्रालय एक ही मंच पर नियमित रूप से जुड़े हैं। साथ ही इस के पूरक के रूप में जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन के लिए 'समग्र समाज दृष्टिकोण' लागू किया गया है। खाद्य और पोषण के पेशेवरों का एक नेटवर्क बनाया गया है। खाद्य कारोबारों से जुड़ने के लिए उद्योग संघों के साथ सहभागिता तथा लोगों को सही पसंद करने में सोशल मीडिया, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, उपभोक्ता संगठनों एवं विकास एजेंसियों के प्रभाव का लाभ उठाया जा रहा है।

8.1.4 ईट राइट इंडिया की विभिन्न पहलों पर सर्वसम्मति बनाने और कंवर्जेंस लाने; ईट राइट इंडिया पहल के अंतर्गत शुरू किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग तथा उनके प्रभाव के आकलन

हेतु और आवश्यक मार्गदर्शन देने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने एक अंतरमंत्रालयी संचालन समिति बनाई है।

8.2 2021–22 के दौरान ईट राइट बेंचमार्किंग और प्रमाणन कार्यक्रमों के संबंध में प्रगति

जैसा कि निम्नलिखित पैराग्राफों में बताया गया है, ईट राइट इंडिया पहल के तहत सुरक्षित, स्वास्थ्यकर और सही खाद्य के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण प्रमाणन पहलों में पर्याप्त प्रगति की गई।

8.2.1 भोग (ईश को आनंददायी स्वच्छ भोग)

'भोग' धार्मिक स्थलों को अपने परिसर के खाद्यकर्मियों तथा आस–पास के क्षेत्रों में विक्रेताओं को सही खाद्य सुरक्षा तथा स्वच्छता के बारे में शिक्षित करके श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य तथा कल्याण को ध्यान में रखने के लिए प्रोत्साहित करने की एक पहल है। इस पहल के अंतर्गत जिन धार्मिक स्थानों पर प्रसाद तैयार/हैंडल किए जाते हैं, उनकी पहचान करके उनका ऑडिट किया जाता है तथा खाद्य हैंडल करने वाले व्यक्तियों को आधारभूत प्रशिक्षण दिया जाता है। सभी चरण सफलतापूर्वक पूरा करने पर पहचाने गए धार्मिक स्थल को मान्यता दे दी जाती है/प्रमाणित कर दिया जाता है। वर्ष के दौरान गुजरात, हिमाचलप्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़ तथा दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के 527 धार्मिक स्थलों को प्रमाणित किया गया।

8.2.2 ईट राइट कैंपस

'ईट राइट कैंपस' पहल का ध्येय स्कूलों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्य–स्थलों, अस्पतालों, चाय बागानों इत्यादि स्थलों में सुरक्षित, स्वास्थ्यकर तथा सही भोजन को बढ़ावा देना है। चार विभिन्न मानदंडों के आधार पर बेंचमार्क बनाए गए हैं, जिनके अनुसार इन कैंपसों का आकलन किया जाता है तथा उन्हें 'ईट राइट कैंपस' के रूप में प्रमाणित किया जाता है। इन मानदंडों में खाद्य सुरक्षा उपाय, स्वास्थ्यकर तथा पर्यावरणीय दृष्टि से सही खाद्य का उपबंध सुनिश्चित कराना और सही खाद्य के चयन के लिए कैंपसों में व्यक्तियों में जागरूकता पैदा करना शामिल है। 2021–22 के दौरान कुल 710 कैंपसों को 'ईट राइट कैंपस' के रूप में प्रमाणित किया गया। इस पहल के अंग के रूप में पुलिस स्टेशन, जेल इत्यादि नई सेटिंग–आधारित वातावरणों को शामिल किया गया। दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा तथा भारतीय नेवी के पोत, यथा आईएनएस कोलकाता, भी शामिल किए गए।

8.2.3 ईट राइट स्कूल

'ईट राइट स्कूल' कार्यक्रम का ध्येय खाद्य सुरक्षा, पोषण और स्वच्छता के बारे में स्कूली बच्चों तथा उनके माध्यम से समुदाय में जागरूकता पैदा करना है। क्योंकि खान–पान की आदतें जीवन के शुरूआत में पनपती हैं, इसलिए स्कूल के पठ्य तथा पाठ्येतर कार्यक्रमों में खाद्य तथा पोषण को पर्याप्त रूप से शामिल करना आवश्यक है। ईट राइट स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 05 स्कूलों को प्रमाणित किया जा चुका है।

8.2.4 स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब

'स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब' लोकप्रिय स्ट्रीट फूड बेचने वाले विक्रेताओं/दुकानों/स्टालों (फाइन डाइनिंग

को छोड़कर) का एक ऐसा केंद्र है, जिनमें से 80 प्रतिशत या इससे अधिक दुकानों पर स्थानीय और क्षेत्रीय खाद्य मिलता है और जो सफाई और स्वच्छता संबंधी मूलभूत अपेक्षाओं का पालन करते हैं।

इस पहल का ध्येय स्ट्रीट फूड बिक्री में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को उन्नत करना है, जिससे उपभोक्ताओं में सुरक्षित और स्वच्छ स्थानीय भोजन के प्रति विश्वास उत्पन्न हो। इसके क्रियान्वयन के मुख्य चरण हैं– संभावी केंद्र की पहचान करना, खाद्यकर्मियों को प्रशिक्षण देना और कमियों में सुधार के लिए ऑडिट करना। सभी चरणों के सफलतापूर्वक पूरा कर लेने पर पहचाने गए केंद्र को "स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब" के रूप में प्रमाणित किया जाता है। वर्ष के दौरान कुल 31 स्ट्रीट फूड हब प्रमाणित किए गए।

8.2.5 स्वच्छ और ताजा फल और सब्जी मंडी

स्वच्छ और ताजा फलों और सब्जियों की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने में और कम समय में इन जल्दी नष्ट होने वाले खाद्य की बिक्री एवं वितरण में स्थानीय खुदरा विक्रेता और बाजार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एफ.एस.एस.ए.आई ने "स्वच्छ और ताजा फल और सब्जी मंडी" का एक फ्रेमवर्क तैयार किया है। इस पहल के अंतर्गत फल और सब्जी मंडियों तथा विक्रताओं में खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता के दृष्टिकोण से राज्य एफडीए तथा एफ.एस.एस.ए.आई के पैनल में शामिल ऑडिट एजेंसी द्वारा संयुक्त रूप से कमियों का विश्लेषण किया जाता है, जिसके बाद उन्हें प्रशिक्षण और सहयोग दिया जाता है। तत्पश्चात मंडी का अंतिम ऑडिट और प्रमाणन किया जाता है। वर्ष 2021–22 के दौरान ऐसी 13 मंडियों को प्रमाणित किया गया।

8.2.6 ईट राइट स्टेशन

'ईट राइट स्टेशन' पहल का ध्येय यात्रियों, आगंतुकों तथा रेलवे कार्मिकों को सुरक्षित ओर स्वास्थ्यकर खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है। मानदंडों को पूरा करने वाले रेलवे स्टेशनों को प्लेक और/अथवा श्रेष्ठता प्रमाण–पत्र के माध्यम से 'ईट राइट स्टेशन' के रूप में चिह्नित किया जाता है। वर्ष के दौरान 05 स्टेशनों को प्रमाणित किया गया।

8.3 खाद्य पौष्टिकीकरण

8.3.1 खाद्य पौष्टिकीकरण संसाधन सेल देश के खुलेबाजार के साथ–साथ सरकारी सुरक्षा कार्यक्रमों में खाद्य पौष्टिकीकरण को वृहद स्तर पर बढ़ावा देने के सतत प्रयास कर रहा है। वर्ष 2021–22 के दौरान कोविड–19 महामारी के मद्देनजर ऑनलाइन वेबिनार, कार्यशालाएँ, सोशल मीडिया तथा ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। ये प्रयास विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत देश में पौष्टिकीकरण में तेजी लाने के लिए किए गए।

8.3.2 वस्तुस्थिति तथा क्रियान्वयन बाधाओं को जानने के लिए खाद्य पौष्टिकीकरण के लिए प्रत्येक राज्य/संघशासित क्षेत्र में राज्य नोडल अधिकारियों की पहचान की गई। राज्य/संघशासित क्षेत्र में सुरक्षा नेट कार्यक्रमों और खुले बाजारों में सूक्ष्म पोषकतत्वों और खाद्य पौष्टिकीकरण की स्थिति के रेडी रेकनर के रूप में प्रत्येक राज्य की फैक्ट शीट तैयार की गई। इस शीट को हर तिमाही अद्यतन किया जाता है। चर्चाओं और विचार–विमर्श के आधार पर राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को खाद्य पौष्टिकीकरण में तेजी लाने के लिए अपेक्षित सहयोग दिया जाएगा।

8.3.3 परामर्श और संवेदीकरण

(क) सुरक्षा नेट कार्यक्रम में तेजी लाना– पौष्टिकीकरण की स्थिति जानने और संबंधित राज्य/संघशासित क्षेत्र में खाद्य पौष्टिकीकरण में तेजी लाने के लिए कार्रवाई की मदों की पहचान करने के लिए संबंधित राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के सम्बद्ध मंत्रालयों (राज्य एफडीए, शिक्षा विभाग, सार्वजनिक और नागरिक आपूर्ति प्रभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग) की अंतर–विभागीय बैठकें की गईं। चर्चा के आधार पर कार्रवाई की मदों की पहचान की गई तथा कार्यक्रम में और तेजी लाने के लिए राज्य/संघशासित क्षेत्र के साथ संबंधित विकास सहयोगी जोड़े गए। विभिन्न राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में पौष्टिकीकृत खाद्यों की उपलब्धता की स्थिति निम्नानुसार है:



(ख) पीडीएस व अन्य खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से 2024 तक पौष्टिकीकृत चावल के वितरण के संबंध में 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माननीय प्रधान मंत्री की घोषणा के अनुपालन में चावल के पौष्टिकीकरण में तेजी लाने तथा उद्योग, विकास सहयोगियों और राज्य/संघशासित क्षेत्रों के हितधारकों के लिए राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न वेबिनार आयोजित किए गए। संसाधनों के विकास तथा प्रशिक्षण और क्षमता–निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई संबद्ध मंत्रालयों को तकनीकी सहयोग दे रही है।

(ग) पौष्टिकीकृत चावल की गुणता सुनिश्चित करने के लिए फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) का उत्पादन उच्च जोखिम वाली वस्तु घोषित किया गया। परिणामस्वरूप खाद्य कारोबारी को गुणता आश्वासन प्रयोजन के लिए लाइसेंस देने से पहले स्थल का निरीक्षण अपेक्षित किया गया है।

(घ) सरकारी कार्यक्रमों में पौष्टिकीकृत खाद्य के अंगीकरण के लिए प्रेरित करने तथा इस कार्य में आने वाली चुनौतियों को जानने के लिए जम्मू और कश्मीर तथा हरियाणा राज्यों का दौरा किया गया। इन राज्यों के दौरों में पौष्टिकीकरण के स्वैच्छिक अंगीकरण के लिए उद्योग को संवेदी बनाना भी शामिल था।

(ङ) खाद्य पौष्टिकीरण में तेजी लाने के लिए पेशेवर संघों, यथा इंडियन फेडरेशन ऑफ कुलिनरी एसोशिएशन (आई.एफ.सी.ए), इंडियन मेडिकल एसोशिएशन (आई.एम.ए), द इंडियन एसोशिएशन फॉर पेरेंटीरल एंड एंटीरल न्युट्रीशन (आई.ए.पी.ई.एन), इंडियन डाइटेटिक एसोशिएशन (आई.डी.ए) के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके दौरान उन्हें अपने अनुसंधान, रोगी परामर्श, खाद्य प्रतिष्ठानों इत्यादि में खाद्य पौष्टिकीकरण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

8.3.4 खाद्य पौष्टिकीकरण पर प्रशिक्षण और क्षमता–निर्माण

(क) अभिहित अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी–25 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों (एफएसओ) और अभिहित अधिकारियों (डीओ) के लिए खाद्य पौष्टिकीकरण पर ऑनलाइन सत्र आयोजित किए गए। आगे, खाद्य पौष्टिकीकरण पर प्रमाणन को पूरा करने के लिए एफएसओ और डीओ के लिए डिजिटल प्रशिक्षण माड्यूल उपलब्ध कराया गया, जिससे 1917 एफएसओ और 225 डीओ को प्रशिक्षण मिला।





(ख) फ्रंटलाइन वर्कर – खाद्य पौष्टिकीकरण के लाभ बताने के लिए 4 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों (पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, लक्षद्वीप और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह) के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, मध्याह्न भोजन (एमडीएम) पर्यवेक्षकों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। आगे, चुनौतियाँ जानने के लिए 3 राज्यों के फ्रंटलाइन वर्करों को ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया गया। चावल के पौष्टिकीकरण को लेकर उत्पन्न भ्रांतियों के निराकरण के लिए 4 राज्यों के विकास सहयोगियों और उद्योग के सहयोग से पौष्टिकीकृत चावल पर प्रदर्श गतिविधियां तथा साथ–साथ फ्रंटलाइन वर्करों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

(ग) इंदौर में सितंबर, 2021 में ग्लोबल एलायंस फॉर इम्प्रूव्ड न्युट्रीशन (GAIN) तथा के.एच.पी.टी (KHPT) संगठनों के साथ संसाधन व्यक्तियों के लिए तेल पौष्टिकीकरण के बारे में क्षमता–निर्माण के लिए मास्टर पूल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसके बाद रुचि सोया इंडस्ट्रीज, इंदौर में स्थल प्रशिक्षण दिया गया। एफ.एस.एस.ए.आई ने हाल के विकासों तथा खाद्य पौष्टिकीकरण और विनियमों के बारे में सत्र का आयोजन किया।

(घ) तेल और गेहूँ के आटे के पौष्टिकीकरण के संबंध में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन फूड

फोर्टिफिकेशन (सी.ई.एफ.एफ), निफटेम में गेन के साथ एक चार–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान खाद्य पौष्टिकीकरण विनियमों और उनके क्रियान्वयन के बारे में एक सत्र आयोजित किया गया। खाद्य पौष्टिकीकरण के क्रियान्वयन और गुणता आश्वासन के संबंध में खाद्य कारोबारियों की शंकाओं के समाधान के लिए एफ.एस.एस.ए.आई के कार्मिकों ने उनसे संवाद स्थापित किया।

(ङ) उद्योग को खाद्य पौष्टिकीकरण के प्रति संवेदी बनाने के लिए हरियाणा तथा जम्मू और कश्मीर में कार्यशालाएँ की गईं। मणिपुर की 4 डेयरियों तथा जम्मू और कश्मीर की 5 डेयरियों के लिए दुग्ध पौष्टिकीकरण पर स्थल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

8.3.5 गुणता आश्वासन संबंधी कार्य

(क) फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) तथा पौष्टिकीकृत चावल के उत्पादकों के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाएँ तैयार की गईं तथा खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, एफसीआई, नीति आयोग, विकास सहयोगियों, राज्य खाद्य सुरक्षा आयुक्तों और उद्योग सहित सभी हितधारकों को वितरित की गईं।

(ख) देश में चावल के पौष्टिकीकरण में तेजी आने के साथ एफआरके उत्पादन क्षमता को चिन्हित करने तथा उसे समय–समय पर अद्यतन करने की आवश्यकता महसूस की गई। यथा दिनांक 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार एफआरके के 154 उत्पादक हैं, जिनकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 7,00,746 मैट्रिक टन है।

8.3.6 पौष्टिकीकृत उत्पादों के प्रति उपभोक्त जागरूकता तथा मांग का सृजन

- +F लोगो की पहचान तथा विटामिन ए और डी के लाभों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए जुलाई–अगस्त, 2021 में 40 शहरों में एक रेडियो अभियान चलाया गया, जिससे उपभोक्ताओं में पौष्टिकीकृत दूध की मांग बढ़े। इस अभियान का मुख्य संदेश पौष्टिकीकृत दूध के सेवन से दूध से 'थोड़ा और' पोषण प्राप्त करने पर केंद्रित था।
- जागरूकता–सृजन का कार्य सोशल मीडिया हैंडलों, रेडियो, प्रिंट तथा दूरदर्शन के माध्यम से किया गया। आउटलुक, अवेयर कंज्यूमर तथा डाउन टू अर्थ पत्रिकाओं में खाद्य पौष्टिकीकरण से संबंधित लेख प्रकाशित करवाए गए। 'द ग्रांड ट्रंक रसोई' शो में जी जेस्टि चैनल पर शेफ हरपाल सिंह सोखी द्वारा पौष्टिकीकृत खाद्य के उपयोग और उनके लाभ बताते हुए एक शोकेस आयोजित किया गया।
- राज्य–संचालित किरयाना की दुकानों को पौष्टिकीकृत खाद्य रखने तथा उपभोक्ताओं को इसके लाभों के प्रति संवेदी बनाने के लिए प्रवृत करने के प्रयास किए गए। नैफेड और केंद्रीय भंडार की 15 दुकानों पर उपभोक्ता जागरूकता के लिए एक–एक एम्बेसडर तैनात किया गया। दुहरे पौष्टिकीकृत लवण तथा पौष्टिकीकृत चावल के संबंध में प्रसार के लिए रेडियो स्पॉट बनाए गए तथा उन्हें दिल्ली एनसीआर में प्रमुख रेडियो नेटवर्कों के माध्यम से प्रसारित कराया गया।
- लोगों को पौष्टिकीकृत खाद्य की महत्ता के प्रति संवेदी बनाने, मिथकों के निराकरण तथा सुलभता में सुधार के लिए पाकविधि का डेमो दिया गया।

- सिंगरौली, मध्य प्रदेश में चावल के पौष्टिकीकरण के पायलट प्रोग्राम के प्रमोचन के दौरान, जो लगभग 15 लाख एनएफएसए लाभभोगियों तक पहुँचेगा, पौष्टिकीकृत चावल से पुलाव और खीर बनाने का डेमो दिया गया तथा उसका वितरण किया गया।
- राज्यों को प्रसार तथा प्रिंट, सोशल मीडया और मास मीडिया में उपयोग के लिए खाद्य पौष्टिकीकरण संबंधी संचार सामग्री प्रेषित की गई।
- एफ.एस.एस.ए.आई ने खाद्य पौष्टिकीकरण को जन जागरूकता के प्रयोजन से 75 शहरों में आयोजित किए जा रहे ईट राइट मेला से जोड़ दिया है।
- कार्पोरेट संस्थाओं (महिंद्रा) और धार्मिक स्थलों (वैष्णोदेवी मंदिर बोर्ड तथा तमिलनाडु सरकारी मंदिर) को अपने खाद्यों की तैयारी में पौष्टिकीकृत वस्तुओं का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

8.4 सूचना, शिक्षा और संप्रेषण – ईट राइट को बढ़ावा देना

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण को देश में सुरक्षित और स्वास्थ्यकर खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा जनता, उपभोक्ताओं, रुचि रखने वाली पार्टियों तथा सभी स्तरों की पंचायतों को उपयुक्त रीतियों और तरीकों से तीव्र, भरोसेमंद, उद्देश्यपरक और विशद् सूचना की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के कदम उठाने का अधिदेश है। वर्ष के दौरान हितधारकों को सुरक्षित खाद्य तथा स्वास्थ्यकर आहारों के बारे में शिक्षित करने के प्रयोजन से विभिन्न आईईसी गतिविधियाँ की गईं। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनी तथा सोशल मीडिया सहित ऑनलाइन विधियों तथा समारोहों/प्रदर्शनियों सहित ऑफलाइन विधियों का प्रयोग करके संप्रेषण के विभिन्न चैनलों के माध्यम से विभिन्न लक्ष्य समूहों तक सूचना पहुँचाई गई, जिसका विवरण आगे दिया गया है।

8.5 खाद्य सुरक्षा और पोषण (नेटप्रोफेन)

8.5.1 नेटप्रोफेन खाद्य सुरक्षा और पोषण के क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों का नेटवर्क है। वर्तमान में निम्नलिखित आठ संघों के सदस्य इस नेटवर्क के अंग हैं –

- इंडियन डाइटेटिक एसोशिएशन (आई.डी.ए)
- न्युट्रिशन सोसायटी ऑफ इंडिया (एन.एस.आई)
- इंडियन मेडिकल एसोशिएसन (आई.एम.ए)
- एसोशिएशन ऑफ फूड टेक्नोलॉजिस्ट्स एंड साइंटिस्ट्स (ए.एफ.एस.टी.आई)
- इंडियन फेडरेशन ऑफ कुलिनरी एसोशिएसंस (आई.एफ.सी.ए)
- एसोशिएशन ऑफ एनालाइटिकल केमिस्ट्स, इंडिया चैप्टर (एओएसी)
- इंडियन पब्लिक हेल्थ एसोशिएशन (आई.पी.एच.ए)
- आई.ए.पी.ई.एन इंडिया एसोशिएशन

8.5.2 2021–22 के दौरान ईट राइट इंडिया के बारे में अनेक गतिविधियाँ की गईं। पिछली अवधि के दौरान केरल में 2 नए चैप्टर शुरू किए गए थे तथा वर्तमान में 18 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में 32

सिटी चैप्टर काम कर रहे हैं।

8.5.3 सभी नागरिकों के लिए सुरक्षित और स्वास्थ्यकर आहार सुनिश्चित कराने के लिए आई.एम.ए स्टैंडिंग कमेटी तथा विभिन्न राज्य स्कंधों के मास्टर प्रशिक्षकों के लिए एक ऑफलाइन मास्टर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006, खाद्य सुरक्षा आपात कार्रवाई प्रणाली, ईट राइट इंडिया की विभिन्न पहलों यथा ईट राइट कैंपस, फोस्टैक, ईट राइट टूलकिट, तथा पौष्टिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया। क्योंकि डॉक्टरी पेशा आम लोगों से दैनंदिन आधार पर जुड़ा होता है तथा उसे लोगों की खान–पान की आदतों और संबंधित समस्याओं की बेहतर समझ है, सुरक्षित, स्वास्थ्यकर और सही आहारों के बारे में चर्चा समयोचित है।

8.5.4 आई.एफ.सी.ए के सहयोग से संघ के सदस्यों को ईट राइट इंडिया अभियान (ईआरआई) के प्रति संवेदी बनाने तथा ईआरआई की पहलों में और तेजी लाने में उनकी भूमिका के बारे में एक संवेदीकरण वेबिनार आयोजित किया गया।

8.6 ईट राइट इंडिया को बढ़ावा देने में आने वाली चुनौतियाँ/प्रतिस्पर्द्धाएँ

2021–22 के दौरान एफ.एस.एस.ए.आई ने उपभोक्ता जागरूकता के लिए कई ऑनलाइन चुनौतियाँ/प्रतिस्पर्द्धाएँ आयोजित की, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

8.6.1 ईट स्मार्ट सिटीज चैलेंज, 2021

एफ.एस.एस.ए.आई ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) के अधीन स्मार्ट सिटीज मिशन के सहयोग से ईट राइट स्मार्ट सिटीज चैलेंज 15 अप्रैल, 2021 को शुरू किया, जिसका ध्येय शहरीस्तर पर ईट राइट इंडिया में तेजी लाना है। इस चुनौती को भारत के स्मार्ट शहरों द्वारा ईट राइट इंडिया के तहत विभिन्न पहलों के अंगीकरण और उनमें तेजी लाने के लिए उनके प्रयासों को मान्यता देने के रूप में तैयार किया गया है जिसमें खाद्य सुरक्षा और विनियमात्मक पर्यावरण को सशक्त बनाना, उपभोक्ताओं के मध्य जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें खाद्य की बेहतर पसंद करने के लिए प्रेरित करना शामिल है। इस चुनौती में 109 स्मार्ट शहरों ने हिस्सा लिया। शीर्ष 11 शहरों की घोषणा की गई और अब ये शहर चुनौती के अगले चरण में प्रवेश कर गए हैं, जिसमें पायलट चरण में आरंभ की गई परियोजनाओं में संधारणीय रीति से तेजी लाई जाएगी।

8.6.2 ईट राइट रिसर्च अवार्ड और अनुदान, 2021

एफ.एस.एस.ए.आई ने ईट राइट रिसर्च अवार्ड और अनुदान की शुरुआत 2 अक्टूबर, 2021 को खाद्य विनिर्मितियों और/अथवा प्रौद्योगिकियों (परिभाषित मानकों के अनुसार) को अद्यतन अथवा उन्नयन करने; उपभोक्ता जागरूकता तथा अधिक किस्म के सुरक्षित और स्वास्थ्यकर खाद्य की उपलब्धता के क्षेत्र में उच्च गुणता वाले अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और मान्यता देने के लिए विभिन्न शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थाओं के साथ व्यापक सहयोग करने के प्रयोजन से की। प्राप्त कुल प्रविष्टियों की संख्या इस प्रकार है: अनुसंधान अवार्ड – 115; अनुसंधान संस्थागत अवार्ड–22; अनुदान–150, अवार्ड और अनुदान दोनों की प्रविष्टियों का आकलन प्रक्रियाधीन है तथा प्रत्येक श्रेणी के विजेताओं की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

8.6.3 'प्रत्येक ग्रास में प्राकृतिक स्वाद' रेसिपी प्रतियोगिता

लोगों द्वारा शर्करा अथवा कृत्रिम मीठाकारकों के उपयोग के बिना तैयार की गई नवीन और स्वास्थ्यकर डेज़र्ट रेसिपियाँ साझा करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए विश्व खाद्य दिवस, 2021 के अवसर पर एक स्वास्थ्यकर डेजर्ट रेसिपी प्रतियोगिता आरंभ की गई। यह चुनौती 28 अक्टूबर, 2021 से 30 नवंबर, 2021 तक आयोजित की गई और छात्रों, पेशेवरों तथा कुकिंग उत्साहियों से 304 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। इनमें से 125 प्रविष्टियों को चुनकर उनकी एक ई–बुक बनाई गई।

8.6.4 इंडी–जीनियस फूड चैलेंज

मोटे अनाज को बढ़ावा देने के प्रयोजन से भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'इंडी–जीनियस फूड चैलेंज' नाम से एक स्वास्थ्यकर रेसिपी प्रतियोगिता आरंभ की गई। इस चुनौती से न केवल लोग देशी मोटे अनाज के लाभों के प्रति संवेदी बने, बल्कि उन्हें नवीन ढंग से प्रयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित हुए। 75 सर्वोत्तम प्रविष्टियों को चुना गया।

8.6.5 तड़के बिना जायका

यह प्रतियोगिता लोगों को वसा के प्रयोग के बिना पारंपरिक भारतीय रेसिपी तैयार करने और साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु दिनांक 17 फरवरी, 2022 को आरंभ की गई। कुल 140 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं, जिनका आकलन किया जा रहा है और परिणाम शीघ्र घोषित किए जाएँगे।

आकृति 14–चुनौतियों/प्रतियोगिताओं की शुरुआत

8.7 प्रदर्शनी / समारोह / व्यापार शो

8.7.1 विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस, 2021—वर्ष 2021 के विषय "स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित खाद्य का सेवन" के अनुरूप विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस दिनांक 7 जून, 2021 को वर्च्युली मनाया गया। इस बात पर प्रकाश डाला गया कि खाद्य सुरक्षा सरकार, खाद्य कारोबार और उपभोक्ताओं की एक साझा जिम्मेदारी है तथा हमारे द्वारा सेवित खाद्य को सुरक्षित बनाए रखने में हरेक की भूमिका है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के लिए दूसरी ईट राइट रचनात्मकता चुनौती के दूसरे चरण के विजेताओं के परिणाम घोषित किए गए। एक रेपिड विश्लेषणात्मक परीक्षण किट 'प्रीसिजन आयोडीन वैल्यू एनालाइजर (पीआईवीए)' को भी मान्यता दी गई।

8.7.2 भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 2021—एफ.एस.एस.ए.आइ ने भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) द्वारा प्रगति मैदान, नई दिल्ली में दिनांक 14 नवंबर से 27 नवंबर, 2021 तक आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 2021 में भाग लिया, जिस दौरान इसने देश में खाद्य सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने की दृष्टि से विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों यथा खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (फॉस्कोस), खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन (फोस्टैक), खाद्य परीक्षण और अन्य कार्यक्रमों का डेमो किया।

आकृति 15—भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 2021 में एफ.एस.एस.ए.आई स्टॉल की झलक

8.7.3 एफ.एस.एस.ए.आई में माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री का दौरा

दिनांक 20 सितंबर, 2021 को एफ.एस.एस.ए.आई के दौरे के दौरान डॉ. मनसुख मांडविया, माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने देश में खाद्य सुरक्षा पारितंत्र की पूर्ति के लिए 19 चल खाद्य परीक्षण वैन (चल खाद्य सुरक्षा) रवाना कीं। उन्होंने राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2020–21 के विजेताओं को उनके प्रभावी कार्य के लिए प्रमाण–पत्र भी दिए। माननीय मंत्री ने इस अवसर पर कई पुस्तकों का अनावरण किया, जिनमें रेसिपी रविवार बुक, प्लांट प्रोटीन ब्रेकफास्ट रेसिपी बुक, घर की रसोई, इंडी–जीनियस रेसिपी बुक और खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता एवं खाद्य वस्तुओं में संदूषण में कमी करने संबंधी रीति संहिताओं का संकलन है। ये पुस्तकें यह सुनिश्चित करने के प्रयोजन से तैयार की गई हैं कि देश के लोग शरीर के सुचारू रूप से काम करते रहने के लिए स्वास्थ्यकर खान–पान, संतुलित भोजन की अवधारणा तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों की भूमिका को समझें।

आकृति 16–माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री का एफ.एस.एस.ए.आई दौरा

8.7.4 एफ.एस.एस.ए.आई में माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री का दौरा

दिनांक 25 नवंबर, 2021 को एफ.एस.एस.ए.आई के दौरे के दौरान डॉ. भारती प्रविण पवार, माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने देश में खाद्य सुरक्षा पारितंत्र की पूर्ति के लिए 12 चल खाद्य परीक्षण वैन (चल खाद्य सुरक्षा) रवाना कीं। उन्होंने एफ.एस.एस.ए.आई की विभिन्न गतिविधियों और पहलों की समीक्षा भी की।

आकृति 17—माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री चल खाद्य सुरक्षा रवाना करती हुईं

8.7.5 मेगा एक्स्पो और विज्ञान पुस्तक मेला, 2022

एफ.एस.एस.ए.आई ने जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम मैदान, नई दिल्ली में दिनांक 22—28 फरवरी, 2022 तक आयोजित मेगा एक्स्पो और विज्ञान पुस्तक मेले में भाग लिया, जिस दौरान इसने आगंतुकों को खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (फॉस्कोस), खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन (फोस्टैक) तथा ईट राइट इंडिया की अन्य पहलों का डेमो दिखाया गया।

आकृति 18—जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम मैदान, नई दिल्ली में आयोजित मेगाएक्स्पो और विज्ञान पुस्तक मेला, 2022 के कुछ दृश्य

8.8 जागरूकता और संपर्क

8.8.1 स्वास्थ्य और तंदरुस्ती केंद्रों के लिए पोस्टर

ईट राइट इंडिया के तत्वाधान में 1,50,000 'हेल्थ व वेलनेस' केंद्रों (एच.डब्ल्यू.सी) में लगाने के लिए सुरक्षित खाद्य रीतियों और स्वास्थ्यकर आहारों के बारे में संदेशों के पोस्टर तैयार किए गए। ये पोस्टर एच.डब्ल्यू.सी में लक्षित आगंतुकों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर संपर्क के लिए तैयार किए गए।

8.8.2 ईट राइट मेला और वॉकेथोन

देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई देश के 75 शहरों में 'ईट राइट मेला और ईट राइट वॉकेथोन' आयोजित कर रही है। इन समारोहों का उद्देश्य सुरक्षित, स्वास्थ्यकर और सही आहार के संदेश का प्रचार करना है। इसके अंतर्गत अनुकूलतम स्वास्थ्य और पोषण के लिए मोटे अनाज (millets) को पोषक अनाज के रूप में, तथा स्थानीय और मौसमी उत्पादों एवं विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्यकर तेलों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है। यह समारोह अगस्त, 2021 में आरंभ हुआ तथा वर्ष के दौरान ऐसे 24 आयोजन किए गए।

आकृति 19—ईट राइट मेला और वॉकेथोन के कुछ दृश्य

8.8.3 सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क

एफ.एस.एस.ए.आई ने खाद्य सुरक्षा और खान—पान की स्वस्थ आदतों पर परामर्शों सहित जन जागरूकता सामग्रियों तथा अन्य नियमित अपडेटों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों यथा फेसबुक,

इन्स्टाग्राम और ट्विटर का व्यापक रूप से प्रयोग किया। नागरिकों के लिए दैनंदिन पोस्टों के अतिरिक्त इंडीजीनियस फूड चैलेंज की मोटे अनाज–आधारित रेसिपियों, रेसिपी रविवार, प्रोटीन के लाभों, मानसून के दौरान सही खान–पान, स्वस्थ जीवन जीने के तरीके, लेश तत्वों और खनिजों इत्यादि के बारे में एक विशेष ऑनलाइन सीरीज आयोजित की गई।

8.8.4 दूरदर्शन/रेडियो के माध्यम से जागरूकता

ईट राइट इंडिया संबंधी तथा खाद्य कारोबारों के लाइसेंसिंग/पंजीकरण के संबंधी अन्य आवश्यक अपेक्षाओं के बारे में डीडी न्यूज, डीडी किसान और डीडी क्षेत्रीय केंद्रों पर विभिन्न स्क्रोल मैसेजों का प्रसारण कराया गया। आम जनता तथा समाज के विभिन्न वर्गों को ईट राइट इंडिया के बारे में संवेदी बनाने के लिए आल इंडिया रेडियो पर हिंदी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में संदेशों का प्रसारण कराया जा रहा है।

8.8.5 अन्य जागरूकता अभियान

8.8.5.1 उपभोक्ता जागरूकता उत्पन्न करने के लिए आई.आर.सी.टी.सी पर ईट राइट इंडिया के बारे में एक अभियान चलाया जा रहा है। आई.आर.सी.टी.सी की वेबसाइट और मोबाइल एप पर हिंदी और अंग्रेजी के बैनर संपूर्ण भारत आधार पर प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

8.8.5.2 खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा कनेक्ट एप्लीकेशन के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए लाइसेंसशुदा और पंजीकृत खाद्य कारोबारियों के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। इनसे संबंधित पाठ्य संदेश लगभग 40 लाख खाद्य कारोबारियों को भेजे गए।

8.8.5.3 विभिन्न ऑनलाइन पत्रिकाओं यथा इंडिया टुडे, न्यूफूड्स, स्पेक्ट्रम, और कंज्यूमर वॉयस इत्यादि में कुल 20 लेख प्रकाशित कराए गए।

8.9 संसाधन पुस्तकों और संप्रेषण सामग्रियों का विकास

8.9.1 वर्ष के दौरान 'आधारभूत खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने की मानक विशिष्टियाँ' और 'खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता पर रीति संहिता' नामक संसाधन सामग्रियाँ जारी की गईं। निम्न विवरणानुसार कई रेसिपी पुस्तिकाएँ भी जारी की गईं:

क. रेसिपी रविवार – रेसिपी रविवार पुस्तिका में शामिल रेसिपियाँ स्वास्थ्यकर, पोषक तथा विभिन्न परिवारों द्वारा आसानी से तैयार की जाने लायक हैं। ये रेसिपियाँ अक्टूबर, 2020 में आयोजित रेसिपी रविवार प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विभिन्न व्यक्तियों द्वारा तैयार की गई थीं।

ख. घर की रसोई – स्वादिष्ट भी, स्वास्थ्यकर भी –एफ.एस.एस.ए.आई के 'ईट राइट कैंपस' बनने के प्रयासों के अंग के रूप में कार्यालय में कार्यरत लोगों को खान–पान की स्वास्थ्यकर आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। 'घर की रसोई : स्वादिष्ट भी, स्वास्थ्यकर भी' नाम से दिनांक 16 अक्टूबर, 2020 को एक स्वास्थ्यकर रेसिपी प्रतियोगिता आयोजित की गई। पुस्तिका में विजेता रेसिपियों का वर्णन है।

ग. इंडी–जीनियस रेसिपी बुक–इस पुस्तिका में भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्षों के उत्सव के अवसर पर आरम्भ की गई "इंडी–जीनियस फूड चैलेंज" नामक प्रतियोगिता की 75 विजेता रेसिपियाँ शामिल हैं। इस चुनौती से न केवल लोगों को देशी मोटे अनाजों और अन्य संघटकों

के लाभों के बारे में जानकारी मिली, बल्कि उनका नवीन ढंग से उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहन मिला।

घ. पादप प्रोटीन ब्रेकफास्ट रेसिपी पुस्तिका– इस पुस्तिका में प्रोटीन के पादप–आधारित स्रोतों से तैयार की गई रेसिपियाँ शामिल हैं। ये रेसिपियाँ पूर्व में आयोजित "पादप–प्रोटीन प्रचुर ब्रेकफास्ट रेसिपी प्रतियोगिता' के प्रतियोगियों द्वारा तैयार की गई थीं। इस पुस्तिका से उपयोगकर्ता को सूक्ष्म पोषक तत्वों तथा प्रोटीन के सुलभ स्रोतों की जानकारी मिलने में सहायता मिलेगी।

8.9.2 आम जनता की सुविधा के लिए इन ई–बुकों को वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया।



आकृति 20–सोशल मीडिया पोस्टों के कुछ चित्र

अध्याय-9

कोडेक्स

9.1 कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन (सीएसी) संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की संयुक्त अंतर–सरकारी संस्था है, जिसके 189 सदस्य हैं (188 पदेन् सदस्य देश और एक सदस्य संगठन (ई.यू))। कोडेक्स उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा करने और व्यापार की उचित रीतियाँ सुनिश्चित करने हेतु सुमेलित अंतरराष्ट्रीय खाद्य मानक बनाने के लिए 1963 से कार्यरत है। भारत कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन का 1964 से सदस्य है और अंतरराष्ट्रीय खाद्य मानक निर्धारण की प्रक्रिया में अपना योगदान देता रहा है। भारत कोडेक्स की बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लेता है और उन्हें आयोजित तथा सह–आयोजित करने में सहयोग करता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि अंतरराष्ट्रीय मानक निर्धारण के समय भारत के मुद्दे भी ध्यान में रखे जाते हैं।

9.2 2021–22 के दौरान एफ.एस.एस.ए.आई भारत के राष्ट्रीय कोडेक्स संपर्क बिंदु (एन.सी.सी.पी) के रूप में कार्य करती रही और इसने अंतरराष्ट्रीय मानकों के विकास में कोडेक्स के कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया, जो खाद्य उत्पादों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सुरक्षा और सही रीतियाँ सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन की सहायक संस्थाओं की बैठकें वर्च्युली हुईं।

9.3 जैसा कि नीचे सारणी–27 में दर्शाया गया है, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न वर्च्युल बैठकों में भाग लिया और भारत ने विशिष्ट प्रस्ताव रखे और/अथवा यह सुनिश्चित किया कि भारत के मुद्दों पर ध्यान दिया जाए।

सारणी 27–वर्ष 2021–22 के दौरान वर्च्युली आयोजित कोडेक्स की बैठकें एवं उनमें भारत का योगदान

क्र. सं.	बैठक की तिथि(याँ)	बैठक का विषय/कोड	बैठक का परिणाम
1.	20.04.2021 से 29.04.2021	कोडेक्स मसाले और पाक जड़ी–बूटियाँ समिति का 5वाँ सत्र (सी.सी.एस.सी.एच.5)	➢ निम्न उल्लिखित नए कार्य प्रस्ताव अनुमोदित किए गए और इलेक्ट्रॉनी कार्यकारी दल गठित किए गए: • भारत की अध्यक्षता में छोटी इलायची का मानक मसौदा तैयार करना; और • भारत की सह–अध्यक्षता में हल्दी का मानक मसौदा तैयार करना। ➢ सूखे या निर्जलित अदरक, तुलसी, लौंग और मरुआ के मानकों का अंत्य अंगीकरण अनुशंसित किया।

क्र. सं.	बैठक की तिथि(याँ)	बैठक का विषय/कोड	बैठक का परिणाम
2.	03.05.2021 से 13.05.2021	खाद्य संदूषक कोडेक्स समिति का 14वाँ सत्र (सी.सी.सी.एफ14)	➢ भारत ने निम्नलिखित की अधिकतम सीमाएँ तय करने के लिए संशोधित प्रस्ताव तैयार करने हेतु ईडब्ल्यूजी की अध्यक्षता की: • 'तैयार खाद्य मूँगफली' में कुल एफ्लाटोक्सिन और संबंधित प्रतिचयन योजना; • मसालों में कुल एफ्लाटोक्सिन और ओक्राटोक्सिन 'ए'। ➢ भारत ने मकई दाने; मकई के आटे, दलिया, सूजी और फ्लेक; धान और पालिश किए हुए चावल; आगे प्रसंस्करण के लिए ज्वार तथा शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए धान्य–आधारित खाद्य में कुल एफ्लाटोक्सिन की अधिकतम सीमा तय करने का संशोधित प्रस्ताव तैयार करने व संबंधित प्रतिचयन योजना के लिए ईडब्ल्यूजी की ब्राजील के साथ सह–अध्यक्षता की। ➢ और अधिक डैटा प्रस्तुत करने संबंधी भारत की दखल के आधार पर उक्त पदार्थों में सीसे की प्रस्तावित अधिकतम सीमा का निर्धारण स्थगित कर दिया गया।
3.	17.05.2021 से 25.05.2021	कोडेक्स विश्लेषण और प्रतिचयन पद्धति समिति का 41वाँ सत्र (सीसीएमएएस 41)	"अनिश्चितता मापन के मार्गदर्शी सिद्धांतों" के अंतिमित अंगीकरण के लिए अनुशंसा की गई।
4.	31.05.2021 से 08.06.2021	कोडेक्स खाद्य आयात और निर्यात निरीक्षण और प्रमाणन प्रणाली समिति का 25वाँ सत्र (सीसीएफआईसीएस 25)	➢ भारत ने "आयातित खाद्य के रद्द होने पर अपील प्रणाली मार्गदर्शन" तैयार करने संबंधी नए कार्य का प्रस्ताव रखा, जिस पर समिति ने सहमति व्यक्त की; ➢ "इलेक्ट्रॉनी प्रमाण–पत्रों के कागजरहित उपयोग संबंधी मार्गदर्शन", जिसमें सक्षम प्राधिकरणों के मध्य सरकारी प्रमाण–पत्रों के अंतरराष्ट्रीय कागजरहित आदान–प्रदान के लिए समयोचित, और सतत मागर्दशन है; तथा "स्वैच्छिक तृतीय पार्टी आश्वासनों के आकलन और उपयोग संबंधी मार्गदर्शन (वीपीटीए) कार्यक्रम" अंत्य अंगीकरण के लिए अनुमोदित किए गए।

क्र. सं.	बैठक की तिथि(याँ)	बैठक का विषय/कोड	बैठक का परिणाम
5.	12.07.2021 से 27.07.2021	खाद्य पदार्थों में पशु औषध अवशिष्ट कोडेक्स समिति का 25वाँ सत्र (सीसीआरवीडीएफ25)	➢ डाइफ्लुबेंजुरॉन (प्राकृतिक अनुपात में समान–मांसपेशी और त्वचा); हैल्किनॉल (सूअर की मांसपेशी, त्वचा और वसा, लिवर तथा किडनी); और आईवरमेक्टिन (भेड़, सूअर और बकरी–वसा, किडनी, लिवर ओर मांसपेशी) के लिए अधिकतम अवशिष्ट सीमाओं का अंत्य अंगीकरण के लिए अनुशंसा की गईं। ➢ भारत/फिलिपाइन्स ने झींगे की मांसपेशी में एथॉक्सीक्वीन (आहार सहयोज्य उपयोग) के लिए अधिकतम अवशिष्ट सीमा तय करने का प्रस्ताव रखा। भारत ने एथॉक्सीक्वीन को अवशिष्टों की पशु औषधियों की प्राथमिकता सूची में रखने का अनुरोध किया। डैटा प्राप्त किया जा रहा है।
6.	26.07.2021 से 03.08.2021	कोडेक्स कीटनाशक अवशिष्ट समिति का 52वाँ सत्र (सीसीपीआर52)	इस बात पर सहमति व्यक्त) की गई कि – • भारत अतिकालिक भंडारण के दौरान बहु–श्रेणी पेस्टीसाइडों की प्रमाणित संदर्भ सामग्री की शुद्धता और स्थिरता की मॉनिटरिंग पर चर्चा प्रलेख का और आगे विकास करने के लिए स्थापित ईडब्ल्यूजी की अध्यक्षता करे। • भारत 'जन स्वास्थ्य के कम चिंता वाले यौगिकों पर मार्गदर्शन' के बारे में पुनः गठित ईडब्ल्यूजी की सह–अध्यक्षता करे, जिन्हें सीएक्सएल निर्धारण से छूट दी जा सकती है अथवा जिनसे अवशिष्ट उत्पन्न नहीं होते है • भारत 'पेस्टीसाइड अवशिष्टों की पहचान, पुष्टि और परिमाण–निर्धारण (सीएक्सजी–56–2005) के लिए मास वर्णक्रममापन के उपयोग संबंधी मार्गदर्शनों में तथा खाद्य और चारे में पेस्टीसाइड अवशिष्टों की कार्यकारिता संबंधी मानदंडों पर मार्गदर्शनों में मास वर्णक्रममापन संबंधी उपबंधों की समीक्षा' पर पुनः गठित ईडब्ल्यूजी की सह–अध्यक्षता करे। • भारत 'सावधिक पुनरीक्षा के लिए निश्चित जन स्वास्थ्य चिंतारहित असमर्थित यौगिकों का प्रबंधन' पर स्थापित ईडब्ल्यू की सह–अध्यक्षता करे।

क्र. सं.	बैठक की तिथि(याँ)	बैठक का विषय/कोड	बैठक का परिणाम
7.	01.09.2021 से 10.09.2021	कोडेक्स खाद्य सहयोज्य समिति का 52वाँ सत्र (सीसीएफए52)	➢ सीसीएफए 52 के दौरान भारत की टिप्पणियों के आधार पर सूखी जड़ों, प्रकंदों और गाँठ–शुष्क अथवा निर्जलित अदरक के मानक मसौदे के खंड 4 'खाद्य सहयोज्य' में – कैल्सियम ऑक्साइड (आईएनएस 529) के प्रसंस्करण सहायक सामग्री के रूप में तथा सल्फर डाऑक्साइड (आईएनएस 220) के खाद्य सहयोज्य के रूप में उपबंध का अनुमोदन किया गया। ➢ कोडेक्स खाद्य सहयोज्य समिति ने कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन द्वारा विचार के लिए अपनी उस अंतिमित रिपोर्ट का अंगीकरण किया, जिसमें की गई अनुशंसाओं के बारे में सर्वसम्मति की पुष्टि की गई तथा जिसमें कोडेक्स स्टेप प्रक्रिया में पहले ही शामिल 500 से अधिक खाद्य सहयोज्य हैं तथा 90 प्रस्तावित उपबंध हैं।
8.	20.09.2021 से 25.10.2021	कोडेक्स मछली और मत्स्य उत्पाद समिति का 35वाँ सत्र (सीसीएफएफपी35)	भारत ने "डिब्बाबंद सार्डाइन और सार्डाइन–किस्म के उत्पादों के मानकों में प्रस्तावित संशोधन" संबंधी एजेंडा की मद का समर्थन किया और उसमें योगदान दिया।
9.	27.09.2021 से 07.10.2021	कोडेक्स खाद्य लेबलिंग समिति (सीसीएफएल46) का 46वाँ सत्र	➢ भारत की अध्यक्षता में गैर–खुदरा धारकों की लेबलिंग के सामान्य मानक के साथ–साथ प्रक्रिया मैनुअल में परिणामी संशोधन अंतिम अंगीकरण के लिए अनुशंसित किए गए। ➢ सीसीएफएल 46 ने भारत की सह अध्यक्षता में प्रस्तावित 'इंटरनेट बिक्री/ई–कॉमर्स पर मसौदा मार्गदर्शन' तैयार करने के लिए ईडब्ल्यूजी पुनः गठित किया।
10.	04.10.2021 से 16.10.2021	सूक्ष्म जीवी प्रतिरोध पर कोडेक्स अंतरसरकारी तदर्थ कार्य बल (टीएफएएमआर8) का 8वाँ सत्र	भारत ने एजेंडा की निम्नलिखित मदों का समर्थन किया और उनमें योगदान दिया : • खाद्यजनित सूक्ष्मजीवी प्रतिरोध कम करने और रोकने की पुनरीक्षित रीति संहिता (सीएक्स61–2005) • खाद्यजनित सूक्ष्मजीवी प्रतिरोध की समेकित मौनिटरी और निगरानी के मार्गदर्शी सिद्धांत।

क्र. सं.	बैठक की तिथि(याँ)	बैठक का विषय/कोड	बैठक का परिणाम
11.	18.10.2021 से 26.10.2021	कोडेक्स वसा और तेल समिति का 27वाँ सत्र (सीसीएफओ27)	➢ भारत ने कोडेक्स के मौजूदा नामोद्दिष्ट वनस्पति तेल के मानक में महुआ तेल के मानक को और अधिक विस्तारित करने का नया कार्य प्रस्ताव दिया। ➢ भारत ने ई.यू. मिश्र, सउदी अरब, यूगांडा, यू.एस.ए और डब्ल्यू.एच.ओ के साथ मिलकर ट्रांस फैटी अम्ल (टीएफए) कम करने अथवा पीएचओ समाप्त करने के लिए सीसीएफओ द्वारा हाथ में लिए जा सकने वाले संभावी कार्य के निपटान के लिए चर्चा प्रलेख तैयार करने में कनाडा की सहायता करने पर सहमति दी।
12.	28.10.2021 से 05.11.2021	कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन की कार्यकारी समिति का 81वाँ सत्र (सीसीएक्जीक्यू81)	कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन की कार्यकारी समिति (सीसीएक्जीक्यू81) के 81वें सत्र में जापान के सलाहकार के रूप में भारत ने कोडेक्स प्रसंस्कृत फल और सब्जी समिति के स्थगन, सीसीएससीएच की बैठकों की आवृत्ति, निर्जल अदरक में कैल्सियम ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड के प्रयोग संबंधी मुद्दे हाथ में लिए।
13.	08.11.2021 से 14.12.2021	कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमिशन का 44वाँ सत्र (सीएसी44)	➢ नए कार्य के रूप में अनुमोदित– भारत की अध्यक्षता में छोटी इलायची के मानक का निर्धारण और भारत की सह–अध्यक्षता में हल्दी के मानक का निर्धारण। ➢ शुष्क अथवा शुष्कित अदरक, तुलसी, लौंग और मरुआ के मानकों का अंगीकरण किया। ➢ अनिश्चितता मापन संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांतों का अंगीकरण किया। ➢ इलेक्ट्रॉनी प्रमाण–पत्रों के कागजरहित उपयोग पर मार्गदर्शन तथा स्वैच्छिक तृतीय पार्टी आश्वासन (वीटीपीए) कार्यक्रमों के आकलन और प्रयोग संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांतों का अंगीकरण किया। ➢ खाद्य के गैर–खुदरा धारकों की लेबलिंग के सामान्य मानक; तथा प्रक्रिया मानक में परिणामी संशोधन का अंगीकरण किया।

क्र. सं.	बैठक की तिथि(याँ)	बैठक का विषय/कोड	बैठक का परिणाम
14.	19.11.2021 से 01.12.2021	कोडेक्स पोषण और विशेष आहार विषय उपयोग के लिए खाद्य समिति का 42वाँ सत्र (सीसीएनएफएसडीयू42)	भारत ने एजेंडा की निम्नलिखित मदों का समर्थन किया और उनमें योगदान दिया : • बड़े शिशुओं के लिए अनुवर्ती फॉर्मूला और योजित पोषक तत्वों सहित छोटे बच्चों के लिए पेय/उत्पाद अथवा छोटे बच्चों के लिए पेय के प्रस्तावित संशोधित मानक का मसौदा • योजित पोषक तत्वों सहित छोटे बच्चों के लिए पेय/उत्पाद अथवा छोटे बच्चों के लिए पेय के लिए विषय–क्षेत्र, विवरण और लेबलिंग का मसौदा (चरण 7 पर)
15.	28.02.2022 से 09.03.2022	कोडेक्स खाद्य स्वच्छता समिति का 52वाँ सत्र (सीसीएफएच52)	भारत ने एजेंडा की निम्नलिखित मदों का समर्थन किया और उनमें योगदान दिया– • सीसीएफएच52 ने जैविक खाद्यजनित रोगों के प्रबंधन के मसौदा मार्गदर्शी सिद्धांतों को सीएसी45 को अग्रेषित करने की सहमति दी। • सीसीएफएच52 ने "क्रांतिक नियंत्रण बिंदू निर्धारण के उपाय" सीएसी45 को अंगीकरण के लिए अग्रेषित करने की सहमति दी।

अध्याय-10

अंतरराष्ट्रीय सहयोग

10.1 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अनुरूप खाद्य प्राधिकरण को अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग में सुधार के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को वैज्ञानिक और तकनीकी सहायता प्रदान करने का अधिदेश है। खाद्य प्राधिकरण अंतरराष्ट्रीय सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों द्वारा मानकों पर किए गए कार्य के समन्वयन और अंतरराष्ट्रीय तकनीकी मानकों और घरेलू खाद्य मानकों के बीच अनुरूपता को बढ़ावा देगी। इस अधिदेश के अनुरूप एफ.एस.एस.ए.आई अपने अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रभाग के माध्यम से विदेशों तथा उनकी एजेंसियों के साथ नियमित रूप से संवादरत रहती है और खाद्य, स्वच्छता अपेक्षाओं इत्यादि संबंधी अंतरराष्ट्रीय रूप से बेंचमार्क्ड मानकों के निर्धारण में सहायता करने के लिए खाद्य सुरक्षा और पोषण के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएँ खोजने तथा उत्तम वैश्विक रीतियों के क्रियान्वयन की दिशा में कार्य कर रही है। व्यापार को आसान बनाने संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की जाती है। दूसरी ओर ऐसे संवादों से दूसरे देशों को एफ.एस.एस.ए.आई के अधिदेश को बेहतर ढंग से समझने में भी सहायता मिलती है। 2021–22 के दौरान की गई महत्वपूर्ण गतिविधियों का विवरण इस अध्याय में दिया गया है।

10.2 **वर्ष के दौरान विभिन्न देशों के व्यापार कार्मिकों/राजदूतावासों के साथ व्यापार को आसान बनाने के संबंध में निम्नलिखित बैठकें/सत्र आयोजित किए गए:**

- दिनांक 17 सितंबर, 2021 को जापान के राजदूतावास के साथ भारत में जापानी साके (चावल की मदिरा) के आयात के संबंध में वर्च्युअल बैठक हुई।
- दिनांक 17 नवंबर, 2021 को आस्ट्रेलिया के राजदूतावास के अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई, जिसमें वार्षिक जीन–परिवर्तित संबंधी स्टेटमेंट और एमओयू के बारे में चर्चा की गई।
- दिनांक 19 जनवरी, 2022 को आस्ट्रिया के राजदूतावास के अधिकारियों के साथ भारत में जैविक उत्पादों के आयात के संबंध में एक वर्च्युअल बैठक हुई।
- दिनांक 22 मार्च, 2022 को इटली के व्यापार आयुक्त डॉ. एलेसांड्रो लिबरेटोरी के साथ भारत में जैविक उत्पादों के आयात के संबंध में चर्चा हुई।
- दिनांक 29 मार्च, 2022 को अर्जेंटाइना के राजदूत के साथ व्यापार को सुगम बनाने के संबंध में एक बैठक हुई, जिसमें कृषि उत्पादों के जीएमओ प्रमाणन, विदेशी खाद्य उत्पादकों के पंजीकरण और निरीक्षण, उत्पाद अनुमोदन पर ध्यान केंद्रित किया गया।

10.3 **विचाराधीन समझौते ज्ञापन**

एफ.एस.एस.ए.आई ने अब तक विभिन्न देशों की समकक्ष एजेंसियों के साथ सहयोग के समझौते किए है, अर्थात्,–

- खाद्य, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा की फ्रांसीसी एजेंसी;

- डैनिश वटरीनरी और खाद्य प्रशासन (डीवीएफए), डेनमार्क;
- यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण (ईएफएसए), ईयू;
- नीदरलैंड्स खाद्य और उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा प्राधिकरण (एनवीडब्ल्यूए);
- खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणता नियंत्रण विभाग (डीएफटीक्यूसी), नेपाल;
- ए.एस.ए.ई. पुर्तगाल;
- उपभोक्ता संरक्षा और खाद्य सुरक्षा संघीय कार्यालय (बीवीएल), तथा जोखिम आकलन संघीय संस्था (बीएफआर), जर्मनी;
- खाद्य सुरक्षा आयोग, जापान; उपभोक्ता मामले एजेंसी, जापान; स्वास्थ्य, श्रम और कल्याण मंत्रालय; और कृषि, वानिकी तथा मत्स्य पालन मंत्रालय, जापान; और
- प्राथमिक उद्योग मंत्रालय, न्यूजीलैंड।

वर्तमान में एफ.एस.एस.ए.आई निम्नलिखित संगठनों के साथ समझौते ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने के संबंध में चर्चा कर रही है :

- यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड नारदर्न आयरलैंड की केंद्रीय खाद्य प्राधिकरण।
- कृषि, जल और पर्यावरण विभाग (डीएडब्ल्यूई), आस्ट्रेलिया।
- खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में आस्ट्रिया के खाद्य नियामक
- भूटान कृषि और खाद्य विनियामक प्राधिकरण (बीएएफआरए)।

10.4 महत्वपूर्ण चर्चाएँ/बैठकें

- दिनांक 21 अप्रैल, 2021 को सुश्री इनोशी शर्मा, कार्यकारी निदेशक ने यूएन फूड सिस्टम पर दूसरे वर्च्युल सत्र में भाग लिया।
- दिनांक 7 और 8 जुलाई, 2021 को एफ.एस.एस.ए.आई के अधिकारियों ने इंटरनैशनल आर्गेनाइजेशन ऑफ वाइन एंड वाइन (ओआईवी) के एक्सपर्ट ग्रुप के क्रमशः वर्च्युल कमिशन–III और कमिशन–IV के साथ बैठकों में भाग लिया।
- न्यूलजीलैंड के साथ पहले हस्ताक्षरित सहयोग के समझौते ज्ञापन के तत्वाधान में सितंबर, 2021 में खाद्य सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक तकनीकी अंतर–सत्र बैठक हुई।
- मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई ने दिनांक 27–28 सितंबर, 2021 में निर्माण भवन, नई दिल्ली में आयोजित यूएस–इंडिया हेल्थ डायलॉग में हिस्सा लिया।
- दिनांक 4 से 7 अक्टूबर, 2021 तक एफ.एस.एस.ए.आई तथा यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण (ईएफएसए) के साथ डेटा संग्रहण और जोखिम आकलन क्षमता–निर्माण पर चर्चा हुई।
- दिनांक 18 नवंबर, 2021 को एफ.एस.एस.ए.आई और यू.एस.एफ.डी.ए. के अधिकारियों के मध्य भारतीय झींगे की सीफूड सेफ्टी के बारे में भौतिक बैठक हुई।
- दिनांक 11 फरवरी, 2022 को एफ.एस.एस.ए.आई के अधिकारियों ने ई.यू. सेमिनार ऑफ फॉर्म 2 फोर्क और ग्रीन डील में भाग लिया।

10.5 प्रशिक्षण/कार्यशाला/सेमिनार

वर्ष के दौरान एफ.एस.एस.ए.आई के अधिकारियों ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों/प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं/कोर्सों में भाग लिया :

- एफ.एस.एस.ए.आई के अधिकारियों ने ओआईई (द वर्ल्डः आर्गेनाइजेशन फॉर एनीमल हेल्थ) के सहयोग केंद्रों द्वारा दिनांक 31 मई से 11 जून, 2021 तक आयोजित खाद्य सुरक्षा वेबिनार और जोखिम विश्लेषण के वर्च्युल कोर्स में भाग लिया।
- एफ.एस.एस.ए.आई के अधिकारियों ने दिनांक 16 से 20 अगस्त, 2021 तक खाद्य सुरक्षा में जोखिम आकलन और जोखिम संप्रेषण पर आयोजित 9वें बीएफआर (द जर्मन फेडरल इंस्टीट्यूट फॉर रिस्क असेसमेंट) समर अकेडमी की वर्च्युअल बैठक में भाग लिया।
- एफ.एस.एस.ए.आई के अधिकारियों ने दिनांक 23 नवंबर, 2021 को एएमआर नैशनल एक्शन प्लान पर नैशनल स्टेकहोल्डर्स वर्कशॉप में हिस्सा लिया।
- एफ.एस.एस.ए.आई के अधिकारियों ने फेडरल ऑफिस ऑफ कंज्यूमर प्रोटेकशन एंड फूड सेफ्टी (बीवीएल) द्वारा प्रायोजित खाद्य सुरक्षा, खाद्य प्रामाणिकता और जोखिम पर प्रशिक्षण कोर्स में भाग लिया।
- एफ.एस.एस.ए.आई के अधिकारियों ने दिनांक 24 फरवरी, 2022 को ई.एफ.एस.ए (यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण): स्पिडो (साइंस स्टडीज एंड प्रोजेक्ट आइडेंटीफिकेशन एंड डेवलपमेंट ऑफिस) द्वारा आयोजित पशु कल्याण परामर्श बैठक/एक्सपोजर साइंस पर ऑनलाइन वर्कशाप में भी हिस्सा लिया।
- एफ.एस.एस.ए.आई के अधिकारियों ने मार्च–अप्रैल, 2022 में यूके–इंडिया ईओडीबी वर्कशॉप ऑन मार्किट सर्वीलांस, रैपिड एलर्ट सिस्टम्स एंड रेग्युलेटरी इम्पैक्ट असेसमेंट (आरआईए) के 4 वर्च्युल सत्रों में भाग लिया।

अध्याय-11

एफ.एस.एस.ए.आई में डिजिटलाइजेशन, प्रौद्योगिकी का उपयोग और ई-शासन

11.1 एफ.एस.एस.ए.आई के आईटी प्रभाग की भूमिका और जिम्मेंदारियाँ

भारत डिजिटल उपभोक्ताओं के सबसे बड़े और तेजी से बढ़ते जा रहे बाजारों में से एक है। भारत सरकार ने डिजिटल प्रगति के लिए अनेक पहल की हैं जिनमें विनियमों के यौक्तिकीकरण, अवसंरचना में सुधार, डिजिटल इंडिया की शुरुआत जो भारत की डिजिटल अर्थ–व्यवस्था को दुगुना करने की एक महत्वाकांक्षी पहल है, इत्यादि शामिल हैं। इससे सार्वजनिक संवाद में आमूल–चूल परिवर्तन हुआ है। डिजिटलाइजेशन लाने और उसे बढ़ावा देने की सरकार की दृढ़ इच्छा के अनुरूप एफ.एस.एस.ए.आई सहभागिताओं और अभिसरण के माध्यम से कार्य करते हुए कई प्रकार के सुधार करने, खाद्य सुरक्षा और पोषण को एक साथ लाने, तथा उपभोक्ता सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रही है। एफ.एस.एस.ए.आई का सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग विभिन्न हितधारकों को सभी प्रकार का आईसीटी सहयोग देने के लिए विविध प्रकार की अधिकांश अपेक्षाओं की पूर्ति की दिशा में और इसके सभी प्रभागों को अवसंरचनात्मक एवं हार्डवेअर सहयोग देने और सोफ्टवेअर एप्लीकेशन/पोर्टल बनाने में सतत प्रयासरत है।

11.2 आईटी प्रभाग का मुख्य कार्य आईटी अवसंरचना का विकास करना, उसे नियोजित करना और उसके उचित प्रबंधन में सहयोग देना है, ताकि एफ.एस.एस.ए.आई के सभी प्रभागों के स्टॉफ, सहभागी संगठनों, खाद्य कारोबारों, उपभोक्ताओं तथा प्राधिकरण के अन्य हितधारकों के लिए वे आसानी से सुलभ हों। आईटी प्रभाग में लगभग 36 कार्मिक हैं, जिनमें विभिन्न स्तरों और कौशल के परियोजना कोआर्डिनेटर, विषय विशेषज्ञ शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान आईटी प्रभाग की मुख्य गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

11.3 एफ.एस.एस.ए.आई में आईटी अवसंरचना का सशक्तीकरण

11.3.1 आईटी अवसंरचना नई दिल्ली मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों सभी जगहों पर पर्याप्त रूप से सशक्त बनाई गई है।

11.3.2 एफ.एस.एस.ए.आई हाल ही में अपनी सभी वेबसाइटों को बीएसएनएल क्लाउड से सशक्त अवसंरचना के साथ टाटा क्लाउड पर ले आई है।

11.3.3 एनआईसी की 'मेघराज' राष्ट्रीय क्लाउड सेवा पर पहले ही होस्ट खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (फॉस्कोस) पर उचित आपदा रिकवरी विशेषताओं सहित भरोसेमंद, लागत–प्रभावी और सशक्त अवसंरचना की सुविधा है।

11.3.4 एफ.एस.एस.ए.आई के मुख्यालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों में वीडियो सम्मेलन की सुविधा है, जिसकी सहायता से उनका परस्पर एवं राज्य सरकारों के साथ आवश्यकतानुसार वीडियो सम्मेलन होता रहता है, जिससे सभी के मध्य बेहतर समन्वय होता है और दौरों की जरूरतें तथा लागत कम हुई हैं।

11.4 सिस्टम/सोफ्टवेअर एप्लीकेशन/पोर्टल

एफ.एस.एस.ए.आई में डिजिटलाइजेशन गतिविधि ने अपना ध्यान परिकल्पना से कृत्य में बदल लिया है, जिससे विभिन्न नए एप्लीकेशन पारितंत्र और नए डैटा पारितंत्र के सृजन में सहायता मिली है, जिनके परिणामस्वरूप इसके मॉडलों के अंगीकरण के लिए उपभोक्ताओं के लिए पारितंत्र के सृजन हेतु नए उत्पादों, सेवाओं, चैनलों और पोर्टलों का सृजन होगा। मुख्य डिजिटल पहलों में सोफ्टवेअर एप्लीकेशन, पोर्टल और माइक्रोसाइट का सृजन शामिल है–

क. खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (फॉस्कोस)

ख. खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली (फिक्स)

ग. इंडियन फूड लैबोरेटरीज नेटवर्क (इन्फोल्नेट)

घ. खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन (फोस्टैक)

ङ. नियमित निरीक्षण और प्रतिचयन प्रणाली द्वारा खाद्य सुरक्षा अनुपालन (फॉस्कोरिस) एप

च. ईट राइट इंडिया

उपर्युक्त मुख्य एप्लीकेशनों के रख–रखाव के अतिरिक्त वर्ष 2021–22 के दौरान निम्नलिखित पैराग्राफों में वर्णित अनेक अन्य कार्य भी आरंभ किए गए :

11.5 खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (फॉस्कोस)

11.5.1 वर्ष 2011 से चालू खाद्य लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्रणाली (एफएलआरएस) की जगह लेकर दिनांक 1 नवंबर, 2020 से अखिल भारतीय स्तर पर लागू की गई खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (फॉस्कोस) ऑनलाइन लाइसेंसिंग प्लेटफॉर्मो से संबन्धित एक प्रमुख सोफ्टवेअर एप्लीकेशन है, जिससे एफ.एस.एस.ए.आई की लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्रणाली आसान बनी है। https://foscos.fssai.gov.in/ पर उपलब्ध फॉस्कोस की शुरुआत सफलतापूर्वक की गई थी और वर्तमान में यह सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। फॉस्कोस का सिस्टम ढाँचा अधुनातन प्रौद्योगिकी पर आधारित है। यह आसान, तीव्रतर और व्यापक है, जिस पर खाद्य कारोबारी लाइसेंस अथवा पंजीकरण आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इसमें माइक्रोसर्विसेज का उपयोग किया गया है जिनसे यह कई स्वतंत्र सहयोगी संघटकों में बंट जाता है।

11.5.2 वर्ष 2021–22 के दौरान इस पोर्टल के प्रसंग में पूरे किए गए/विकास के अधीन कुछ महत्व विकास निम्नानुसार हैं :

- लाइसेंस और पंजीकरण आवेदन के साथ जीपीएस टैगिंग लाइव की गई।
- फॉस्कोस में इन्फोल्नेट नमूना परीक्षण जोड़ने का काम पूरा कर दिया गया है।
- फॉस्कोस तथा उपभोक्ता शिकायतों के सभी वेब पेज मोबाइल रिस्पोंसिव बना दिए गए हैं।
- फॉस्कोस में जोखिम–आधारित निरीक्षण लाइव किया गया है।
- एसएमएस सर्विस फेल होने पर वॉयस ओटीपी आरंभ किया गया है।

- फॉस्कोस के इंटीग्रेटिड डैशबोर्ड का विकास किया जा रहा है।
- फॉस्कोरिस तथा फूड सेफ्टी कनेक्ट के लिए आईओएस एप बनाया जा रहा है।
- फॉस्कोस में आधार और पैन नम्बर का सत्यापन प्रक्रियाधीन है।

11.6 खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली (फिक्स)

11.6.1 खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली (फिक्स) भारत में आयातित खाद्य की निर्मुक्ति की प्रक्रिया के लिए एकीकृत वेब–आधारित प्रणाली है तथा यह सीमा शुल्क के आइसगेट से भी जुड़ी है। https://fics.fssai.gov.in/ पर उपलब्ध फिक्स में खाद्य आयात चेतावनी प्रणाली (एफआईएएस) का भी समावेश किया गया है, जिसकी सहायता से सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा खाद्य को पत्तन पर रद्द किया जा सकता है।

11.6.2 वर्ष 2021–22 के दौरान फिक्स के प्रसंग में कुछ महत्वपूर्ण कार्य निम्नानुसार हैं:

- नए फिक्स का विकास।
- आधारभूत खाद्य आयात निर्मुक्ति शुल्क का निर्धारण।
- विश्लेषिकी– खाद्य आयात निर्मुक्ति प्रणाली का डैशबोर्ड और रिपोर्टें।
- एनएफएल, कोलकाता में 80 प्रतिशत नमूनों के आबंटन का उपबंध।
- मुंद्रा में कई प्राधिकृत अधिकारियों संबंधी उपबंध।
- जेएनपीटी में तकनीकी अधिकारी स्तर पर फेसलेस जाँच क्रियान्वित।

11.7 इंडियन फूड लैबोरेटरी नेटवर्क (इन्फोल्नेट)

11.7.1 खाद्य सुरक्षा किसी भी देश के लिए महत्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य की प्राथमिकता होती है। इंडियन फूड लैबोरेटरी नेटवर्क (इन्फोल्नेट) किसी प्रकार के खाद्य नमूने का परीक्षण कार्य करने वाली सभी श्रेणियों की प्रयोगशालाओं को जोड़ने का एक आईटी समाधान है। इस प्रणाली (https://infolnet.fssai.gov.in) से राज्यों को निगरानी गतिविधियों की आयोजना और क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। नई विशेषताओं के साथ इन्फोल्नेट 2.0 शुरु किया गया है। इन्फोल्नेट पर सभी लॉग–इन पर नए विकल्पों का उपबंध है।

11.8 खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन (फोस्टैक) प्रशिक्षण पोर्टल

11.8.1 फोस्टैक जो https://fostac.fssai.gov.in/fostac पर उपलब्ध है, संपूर्ण खाद्य वैल्यू शृंखला के सभी खाद्य कारोबारियों (एफबीओ) के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन का पोर्टल है। प्रशिक्षण और प्रमाणन अब एफ.एस.एस.ए.आई का एक महत्वपूर्ण कार्य बन गया है। ऑनलाइन एसएनएफ संसाधनों के अतिरिक्त इसमें तीन प्रकार के प्रशिक्षण माड्यूल हैं अर्थात आधारभूत, उन्नत और विशेष।

11.8.2 2021–22 के दौरान इस पोर्टल के संदर्भ में पूर्ण हुए कुछ महत्वपूर्ण कार्य निम्नानुसार हैं :

- फोस्टैक के नए पोर्टल का निर्माण।
- नए पोर्टल में क्षेत्रों के साथ नए कोर्सों की शुरुआत।
- एसएफवी और कोविड जागरूकता कोर्सों के अंतर्गत बहु–संख्या नामांकन का उपबंध।

11.9 खाद्य सुरक्षा मित्र (एफएसएम) योजना एफ.एस.एस.ए.आई के पंजीकरण/लाइसेंस के लिए आवेदन फाइल करने में खाद्य कारोबारियों की सहायता करने के लिए सहायकों का पारितंत्र तैयार करने की पहल है। एफएसएम को एक परीक्षा के बाद प्रमाणित किया जाता है। एफएसएम के पंजीकरण और उन्हें प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए एक नए एफएसएम पोर्टल https://mitra.fssai.gov.in/mitra की शुरुआत की गई है। दिनांक 1 दिसंबर, 2021 से ऑनलाइन परीक्षा भी आरंभ की गई है। एफएसएम पोर्टल पर एफएसएम प्रमाण–पत्र के नवीकरण का विकल्प भी है।

11.10 2021–22 के दौरान निम्नलिखित नए पोर्टल भी आरंभ किए गए:

(i) चल खाद्य सुरक्षा– यह पोर्टल https://infotrain.fssaigov.in/fsw/home पर उपलब्ध है। इससे परीक्षण, प्रशिक्षण और जागरूकता उत्पन्न करने के संबंध में चल खाद्य सुरक्षा की कार्यकारिता मॉनिटरी तथा उसकी लाइव ट्रैकिंग में सहायता मिलती है।

(ii) ईपास – https://epaas.fssai.gov.in/login। यह गैर–निर्दिष्ट खाद्य और खाद्य संघटकों के अनुमोदन के लिए इलेक्ट्रॉनी उत्पादन और दावा अनुमोदन एप्लीकेशन प्रणाली है।

(iii) राज्य खाद्य परीक्षण लैबोरेटरी (एस.एफ.टी.एल) पोर्टल – तैयार किया जा रहा है।

11.11 सामाजिक संपर्क/डिजिटल कनेक्ट

11.11.1 पूर्व की भाँति अंत्य उपभोक्ता तक सीधी पहुँच बनाने के लिए कई नए संप्रेषण चैनल आरंभ किए गए। ये चैनल उपभोक्ता और एफ.एस.एस.ए.आई के मध्य सीधी कड़ी का काम करते हैं। अब एफ.एस.एस.ए.आई की सर्वाधिक प्रयुक्त चार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों – फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब और इन्स्टाग्राम पर पर्याप्त मौजूदगी है।

11.11.2 एफ.एस.एस.ए.आई का निशुल्क हेल्पलाइन डेस्क भी है और इसका हेल्पलाइन नम्बर कनेक्ट, माध्यमों से प्रसारित किया गया है। उपर्युक्त कई चैनलों से प्राप्त सभी शिकायतें/शंकाएँ वेब पोर्टल/मोबाइल एप फूड सेफ्टी कनेक्ट को स्वतः चली जाती हैं।

11.12 ईट राइट इंडिया अभियान

ईट राइट इंडिया अभियान का एक एकीकृत पोर्टल बनाया गया है, जिसका ध्येय समन्वित बहु–क्षेत्रीय दृष्टिकोण के माध्यम से सुरक्षित खाद्य और स्वास्थ्यकर आहारों को बढ़ावा देकर लोगों का स्वास्थ्य और तंदरुस्ती सुनिश्चित करना है। ईट राइट इंडिया के सभी स्वतंत्र पोर्टल एफ.एस.एस.ए.आई के इस एकीकृत पोर्टल के तहत आ जाएँगे। ईट राइट पहल की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किए गए नए कार्य निम्नानुसार हैं:

- ईट राइट चुनौती 2 पोर्टल की शुरुआत
- ईट राइट रिसर्च अवाड्र्स और अनुदान पोर्टल की शुरुआत
- स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब पोर्टल का विकास।

11.13 एफ.एस.एस.ए.आई वेबसाइट

वेबसाइट डिजाइन के नवीनतम रुझानों को ध्यान में रखते हुए एफ.एस.एस.ए.आई की नए रूप वाली एकीकृत वेबसाइट का डिजाइन और विकास किया गया है। इसमें सूचना अधिक सुविधाजनक रूप में उपलब्ध है,

जिससे लोग इसमें जानकारी और डैटा आसानी से देख सकें। एफ.एस.एस.ए.आई के सभी एप और पहले इस एकीकृत वेबसाइट https://fssai.gov.in पर उपलब्ध हैं और आसानी से देखी जा सकती हैं।

11.14 आगे आने वाले कार्य

1. नई खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (फॉस्कोस) में कुछ नई विशेषताएँ होंगी।
2. विभिन्न विशेषताओं के साथ आरंभ किए गए इन्फोल्नेट–2 में शीघ्र ही कुछ अन्य विशेषताएँ भी होंगी। हाथ के कार्यों में निगरानी पोर्टल और एल.आई.एम.एस से इन्फोल्नेट को जोड़ना भी शामिल है।
3. फॉस्कोस और फिक्स आधार के साथ जोड़े जाएँगे।

अध्याय-12

राजभाषा

12.1 भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण अपने प्रारंभ से ही अपने सरकारी कार्य में हिंदी का प्रयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रतिबद्धता को निभाने के लिए खाद्य प्राधिकरण द्वारा राजभाषा प्रभाग का गठन करके भारत सरकार की राजभाषा नीति, राजभाषा अधिनियम, राजभाषा नियम, राजभाषा विभाग द्वारा जारी निर्देशों और वार्षिक कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

12.2 प्राधिकरण में राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया है और इसकी बैठकें हर तिमाही नियमित रूप से की जाती हैं। इन बैठकों में अन्य बातों के साथ–साथ सरकारी निर्देशों के अनुपालन की मॉनिटरी और इसके विभिन्न प्रभागों से प्राप्त तिमाही रिपोर्टों के आधार पर हिंदी के प्रयोग की समीक्षा की जाती है। प्राधिकरण के अधिकारी मंत्रालय तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में नियमित रूप से भाग लेते हैं।

12.3 प्राधिकरण में हिंदी जानने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को मूल रूप से हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हर तिमाही हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। 2021–22 के दौरान 4 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 65 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। एक कार्यशाला में प्राधिकरण में नव–नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों को सरकारी कार्य हिंदी में करने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

12.4 प्राधिकरण के रजिस्टरों में प्रविष्टियाँ हिंदी में होती हैं। प्राधिकरण में सभी मुहरें, साइन बोर्ड, पत्र शीर्ष, नाम प्लेटें, विजिटिंग कार्ड आदि द्विभाषी हैं तथा इन्हें द्विभाषी बनाए रखने के लिए चेक–प्वाइंट्स बनाए गए हैं। प्राधिकरण से 'क' और 'ख' क्षेत्रों को जाने वाले लिफाफों पर पते हिंदी में लिखे जाते हैं। प्राधिकरण के सभी कंप्यूटरों में हिंदी में काम करने की सुविधा है। प्राधिकरण की अधिकांश वेबसाइट भी द्विभाषी है। प्राधिकरण की संपूर्ण प्रशिक्षण सामग्री द्विभाषी रूप में होने के साथ–साथ आवश्यकतानुसार क्षेत्रीय भाषाओं में भी है। प्राधिकरण के सभी प्रोफॉर्मे द्विभाषी हैं।

12.5 2021–22 के दौरान प्राधिकरण ने हिंदी पुस्तकों पर पुस्तकों की खरीद पर कुल व्यय के 50 प्रतिशत व्यय के लक्ष्य के मुकाबले 99 प्रतिशत व्यय किया। प्राधिकरण में शब्दकोश और तकनीकी शब्दावलियाँ पर्याप्त मात्रा में खरीदकर अपने सभी प्रभागों को तथा पुस्तकालय में उपलब्ध कराई हैं। प्राधिकरण के सभी प्रभागाध्यक्षों और प्रभागों के लिए हिंदी का समाचार–पत्र मंगाया जाता है। इनके अतिरिक्त प्राधिकरण के पुस्तकालय में हिंदी की लगभग 15 पत्रिकाएँ तथा हिंदी का रोजगार समाचार–पत्र भी मंगाया जाता है। साथ ही प्राधिकरण ने 'हिंदी सहायिका' नाम से अपनी प्रभागीय हिंदी सहायिका भी प्रकाशित कराई है, जिसमें प्रभाग में प्रयुक्त होने वाले प्रोफॉर्मे, शब्दावली, मानक मसौदे आदि शामिल हैं। प्राधिकरण द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रॉनी माध्यम और होर्डिंगों में हिंदी भाषा का प्रयोग सरकारी नियमानुसार किया जाता है।

12.6 प्राधिकरण द्वारा नव–नियुक्तियों के समय भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नों के उत्तर तथा साक्षात्कार और हिंदी में देने का विकल्प दिया जाता है। सभी सेवा पंजियों में प्रविष्टियाँ हिंदी में की जाती हैं।

12.7 प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी कार्य के प्रति प्रेरित करने के लिए हर वर्ष सितंबर माह में हिंदी पखवाड़ा भी नियमित रूप से मनाया जाता है। 2021–22 के दौरान यह पखवाड़ा 14 से 30 सितंबर, 2021 तक मनाया गया, जिसमें 5 हिंदी प्रतियोगिताएँ अर्थात् त्वरित हिंदी भाषण, हिंदी निबंध, हिंदी अनुवाद, हिंदी टिप्पणी और आलेखन तथा स्वरचित हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनके अतिरिक्त प्रभागों के लिए भी वार्षिक हिंदी कार्य प्रभागीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 90 अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता में 4000 रुपये का प्रथम पुरस्कार, 2500 रुपये का द्वितीय पुरस्कार, 1500 रुपये का तृतीय पुरस्कार और 750–750 रुपये के दो सांत्वना पुरस्कार दिए गए। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशंसा–पत्र और नकद पुरस्कारों से सम्मानित करने के लिए 30 सितंबर, 2021 को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

12.8 समीक्षागत वर्ष के दौरान प्राधिकरण के मुख्यालय में नव–नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी भाषा, हिंदी टंकण और हिंदी आशुलिपि के ज्ञान संबंधी जानकारी भी इकट्ठी की गई।

12.9 प्राधिकरण में अक्टूबर–दिसंबर, 2021 तिमाही से "खाद्यांजलि" नामक हिंदी की 60 पृष्ठों की त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन आरंभ किया गया। इस पत्रिका में प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों के अतिरिक्त बाहर के प्रसिद्ध व्यक्तियों की प्रेरक, हिंदी भाषा, समसामयिक संदर्भों वाली और प्राधिकरण के विषयों से संबंधित रचनाएँ प्रकाशित की जाती हैं। साथ ही इसमें राजभाषा संबंधी निर्देशों–अनुदेशों का भी ज्ञान कराया जाता है। अपने प्रकाशन के थोड़े ही काल में इसने प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों के दिल में जगह बना ली है और इससे उनमें हिंदी प्रयोग की अधिक ललक उत्पन्न हो रही है। परिणामस्वरूप प्राधिकरण में हर क्षेत्र में हिंदी के प्रयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। समीक्षागत वर्ष के दौरान पत्रिका के दो अंक प्रकाशित किए गए।

12.10 2021–22 के दौरान 60 विनियमों, वार्षिक रिपोर्ट, विभिन्न समितियों की रिपोर्टों के अलावा, मैनुअलों, प्रक्रिया साहित्य, सहायक साहित्य, धारा 3(3) के कागजात, बैठकों की कार्यसूचियों और कार्यवृत्तों, प्रेस नोटों, मानक मसौदों, परिपत्रों, ब्रोशरों, वेबसाइट सामग्री, आदेशों, दिशा–निर्देशों, पोस्टरों, विज्ञापनों, एटीएन, संदेशों आदि जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के लगभग 4000 पृष्ठों का अनुवाद किया गया।

12.11 वर्ष के दौरान मंत्रालय और राजभाषा विभाग को हिंदी कार्यों की तिमाही रिपोर्टें नियमित रूप से भेजी गईं।

12.12 कुल मिलाकर प्राधिकरण ने अपने यहाँ राजभाषा कार्यान्वयन में तत्परता से कार्य करते हुए इसे नया आयाम दिया और अपने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार से प्रेरित और प्रोत्साहित करना जारी रखा, जिनके परिणामस्वरूप हिंदी पत्राचार, हिंदी टिप्पण लेखन आदि में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। इस प्रकार प्राधिकरण हिंदी कार्य को बढ़ाने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में यह इसे और अधिक बढ़ाने के लिए भी प्रयासशील है।



आकृति 21–वर्ष 2021–22 के दौरान आरंभ की गई प्राधिकरण की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका "खाद्यांजलि" के जनवरी–मार्च, 2022 अंक का कवर पेज

अध्याय-13

सूचना के अधिकार मामले

वर्ष 2021–2022 (01.04.2021–31.03.2022) का विवरण

1	अवधि के दौरान आरटीआई आवेदनों पर कार्रवाई का सारांश	अथ शेष	धारा 6(3) के अंतर्गत अन्य लोक प्राधिकरणों द्वारा अंतरित आवेदनों की संख्या	अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन (अन्य लोक प्राधिकरणों को अंतरित आवेदनों सहित)	धारा 6(3) के अंतर्गत अन्य लोक प्राधिकरणों को अंतरित आवेदनों की संख्या	उन निर्णयों की संख्या, जिन द्वारा अनुरोध/अपील को निरस्त किया गया	उन निर्णयों की संख्या, जिन द्वारा अनुरोध/अपील को मान लिया गया	अंत शेष
	अनुरोध	129	214	1386	163	42	1403	121
	प्रथम अपील	42	–	148	–	5	122	63
2	**अनुशासनिक मामले**	किसी अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक मामले की संख्या					एक	
3	**सीएपीआईओ/सीपीआईओ/एए के रूप में अभिनामित कार्मिकों की संख्या**	सीएपीआईओ की कुल संख्या		अभिनामित सीपीआईओ की कुल संख्या		अभिनामित अपील अधिकारियों की कुल संख्या		
		शून्य		24		24		

4	उन अवसरों की संख्या जब अनुरोध निरस्त करते समय विभिन्न उपबंधों का हवाला दिया गया आरटीआई अधिनियम, 2005 का संबंधित उपबंध													
	धारा 8(1)										धारा			
	क	ख	ग	घ	ङ	च	छ	ज	झ	ञ	9	11	24	अन्य
	0	0	0	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0	45

5	धारा 7(1) के तहत प्राप्त पंजीकरण शुल्क (रुपयों में)	धारा 7(3) के तहत प्राप्त अतिरिक्त शुल्क (रुपयों में)	धारा 20(1) के तहत सीआईसी के निर्देश के अनुसार वसूली गई दंड की राशि (रुपयों में)
	रुपये 1910	रुपये 554	0

6.	यदि लोक प्राधिकारी ने नागरिक द्वारा मांगी गई सूचना देने के लिए नियमों प्रक्रियाओं में कोई/विनियमों/शून्य – (वर्णों में 500 अधिकतम) विवरण दें परिवर्तन किया हो तो उन परिवर्तनों का संक्षिप्त		
7.	**ब्लॉक V (अनिवार्य घोषणा संबंधी विवरण)**		
क	क्या धारा 4(1)(ख) के अंतर्गत अनिवार्य घोषणा लोक प्राधिकरण की वेबसाइट पर डाली गई?	यदि 'क' का उत्तर 'नहीं' हो तो क्या घोषण का अन्य कोई माध्यम है? यदि हाँ, तो विवरण दें।	यदि 'क' का उत्तर 'हाँ' है तो उस यूआरएल/वेब पेज का विवरण दें, जहाँ घोषणा डाली गई।
	हाँ	लागू नहीं	https://www.fssai.gov.in/upload/uploadfiles/files/RTI-Information_Section_09_07_2021.pdf.
ख	धारा 4(1)(ख) के अंतर्गत अनिवार्य घोषणा को अपडेट करने की पिछली तिथि		09.07.2021
ग	क्या अनिवार्य घोषणा को डीओपीटी के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/6/20011–R, दिनांक 15.05.2013 के अनुसार तृतीय पार्टी द्वारा ऑडिट किया गया?		यदि 'ग' का उत्तर 'हां' हो तो उस यूआरएल/वेबपेज का विवरण दें, जहाँ ऑडिट रिपोर्ट पोस्ट की गई।
	नहीं		–

वित्तीय विवरणियाँ

वित्तीय वर्ष 2021–22

01–04–2021 से 31–03–2022

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
(खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण)
एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली–110002

विषय-सूची

1.	तुलन पत्र	131
2.	आय–व्यय लेखा	132
3.	उपर्युक्त वित्तीय विवरणियों की अनूसूचियां	133
4.	प्राप्ति एवं भुगतान लेखा	150
5.	महत्वपूर्ण लेखाकंन नीतियां लेखों पर टिप्पणियां	152
6.	अनुबंध 1	156
7.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परिक्षक की पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट	171

दिनांक 31-03-2022 को तुलन पत्र

(राशि रुपयों में)

कोर्पस/पूँजीगत निधि और देयताएं	अनूसूची	वर्तमान वर्ष (01.04.2021 से 31.03.2022)	पिछले वर्ष (01.04.2020 से 31.03.2021)
कोर्पस/पूँजीगत निधि	1	9,42,46,69,846	6,67,66,83,749
आरक्षित और अधिशेष	2	–	–
उद्दिष्ट/बंदोबस्ती निधि	3	–	–
जमानती ऋण और उधारी	4	–	–
गैर–जमानती ऋण और उधारी	5	–	–
आस्थगित ऋण देयताएं	6	–	–
वर्तमान देयताएं और प्रावधान	7	45,48,39,047	75,45,45,201
योग		**9,87,95,08,893**	**7,43,12,28,950**
परिसंपत्तियाँ			
अचल संपतियां	8	24,44,46,922	23,07,31,708
निवेश – उद्दिष्ट/बंदोबस्ती निधि से	9	–	–
निवेश – अन्य	10	4,20,78,41,059	–
वर्तमान परिसंपत्तियां, ऋण, अग्रिम आदि	11	5,42,72,20,911	7,20,04,97,242
विविध व्यय		–	–
(बट्टे खाते न डाली गई अथवा समायोजित सीमा तक)		–	–
योग		**9,87,95,08,893**	**7,43,12,28,950**

(मनीष कुमार मिश्रा)
उप–निदेशक (वित्त)

(cdr. शरद अग्रवाल)
निदेशक (वित्त)

(अरूण सिंघल, आईएएस)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः

दिनांक 31-03-2022 को समाप्त वर्ष का आय-व्यय लेखा

(राशि रुपयों में)

आय	अनुसूची	वर्तमान वर्ष (01.04.2021 से 31.03.2022)	पिछले वर्ष (01.04.2020 से 31.03.2021)
सेवाओं से आय	12	1,24,51,18,206	46,61,86,539
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त अनुदान/सब्सिडी	13	2,22,58,18,875	1,75,11,59,341
शुल्क/चंदा	14	–	–
निवेश से आय (निधियों को अंतरित उद्दिष्ट/बंदोबस्ती निधियों में निवेश से आय)	15	–	1,688
रायल्टी, प्रकाशनों इत्यादि से आय	16	–	–
अर्जित ब्याज	17	32,87,42,204	31,83,96,692
अन्य आय	18	3,46,16,575	2,96,21,910
तैयार माल के स्टॉक में वृद्धि/(कमी) और चालू कार्य	19	–	–
योग (क)		**3,83,42,95,859**	**2,56,53,66,170**
व्यय			
स्थापना व्यय	20	52,56,42,113	24,40,97,021
प्रशासनिक इत्यादि व्यय	21	1,03,09,25,860	78,84,47,721
मरम्मत एवं अनुरक्षण व्यय	22	14,82,94,495	7,17,99,928
अनुदानों/सब्सिडियों इत्यादि पर व्यय	23	–	4,64,595
मूल्यह्रास	24	3,74,42,584	3,59,56,198
ब्याज	25	–	9,76,41,290
योग (ख)		**1,74,23,05,051**	**1,23,84,06,753**
व्यय की तुलना में आय का अधिशेष (क–ख)		2,09,19,90,808	1,32,69,59,417
स्पेशल रिजर्व को अंतरित		–	–
सामान्य रिजर्व को/से अंतरित		–	–
अधिशेष/(घाटे) के रूप में कोर्पस/पूँजीगत निधि को ले जाई गई शेष राशि		**2,09,19,90,808**	**1,32,69,59,417**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	26		
आकस्मिक देयताएं और लेखों पर टिप्पणियां	27		

(मनीष कुमार मिश्रा)
उप–निदेशक (वित्त)

(cdr. शरद अग्रवाल)
निदेशक (वित्त)

(अरूण सिंघल, आईएएस)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः

दिनांक 31-03-2022 के तुलन पत्र की अंगस्वरूप अनुसूचियां

(राशि रुपयों में)

अनुसूची 1 – कोर्पस/पूँजीगत निधि	वर्तमान वर्ष (01.04.2021 से 31.03.2022)	पिछले वर्ष (01.04.2020 से 31.03.2021)
वर्ष के प्रारम्भ में शेष	6,67,66,83,749	4,80,37,34,124
जोडें: कोर्पस/पूँजीगत निधि को अंशदान		
घटाएँ उपयोग की गई आंतरिक निधि	(13,46,90,682)	
आय और व्यय लेखा	2,09,19,90,808	1,32,69,59,417
जोडें: पूंजी कोष का पूंजीकरण	79,06,85,971	52,25,25,057
जोडें: बंदोबस्ती निधि से अंतरित राशि	–	2,34,65,151
वर्ष के अंत में शेष	**9,42,46,69,846**	**6,67,66,83,749**

अनुसूची 2 – आरक्षित एवं अधिशेष	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
1. पूंजीगत रिजर्व:		
पिछले लेखा के अनुसार	–	–
वर्ष के दौरान योग	–	–
घटाएं: वर्ष के दौरान कटौतियां	–	–
2. पुनर्मूल्यांकन रिजर्व:		
पिछले लेखा के अनुसार	–	–
वर्ष के दौरान योग	–	–
घटाएं : वर्ष के दौरान कटौतियां	–	–
3. विशेष रिजर्व:		
पिछले लेखा के अनुसार	–	–
वर्ष के दौरान योग	–	–
घटाएं : वर्ष के दौरान कटौतियां	–	–
4. जनरल रिजर्व:		
पिछले खाते के अनुसार	–	–
वर्ष के दौरान वृद्धि	–	–
कम: वर्ष के दौरान कटौती	–	–
कुल	–	–

दिनांक 31-03-2022 के तुलन पत्र की अंगस्वरूप अनुसूचियां

(राशि रुपयों में)

अनुसूची 3 – उद्दिष्ट/बंदोबस्ती निधियां	वर्तमान वर्ष (01.04.2021 से 31.03.2022)	पिछले वर्ष (01.04.2020 से 31.03.2021)
	अचल परिसंपति निधि	अचल परिसंपति निधि
क) निधियों का आदि शेष	–	–
ख) निधियों में योग		
i. दान/अनुदान	–	–
ii. निधियों के खाते से किए गए निवेश से आय	–	–
iii. अन्य जमा (कृपया बताएं)		
योग (क+ख)	–	–
ग) निधियों के उद्देश्यों हेतु उपयोग/व्यय		
i. पूँजीगत व्यय	–	–
– अचल परिसंपत्तियां	–	–
– अन्य	–	–
ii. राजस्व व्यय		
– वेतन, मजदूरी और भत्ते आदि	–	–
– किराया	–	–
– अन्य प्रशासनिक व्यय	–	–
योग (ग)	–	–
वर्ष के अंत में निवल शेष (क+ख–ग)	–	–

दिनांक 31-03-2022 के तुलन पत्र की अंगस्वरूप अनुसूचियां

(राशि रुपयों में)

अनुसूची 4 – जमानती ऋण और उधारी	वर्तमान वर्ष (01.04.2021 से 31.03.2022)	पिछले वर्ष (01.04.2020 से 31.03.2021)
1. केंद्रीय सरकार	–	–
2. राज्य सरकार (उल्लेख करें)	–	–
3. वित्तीय संस्थान		
क) मियादी ऋण	–	–
ख) उपार्जित और देय ब्याज	–	–
4. बैंक		
क) मियादी ऋण	–	–
उपार्जित और देय ब्याज	–	–
ख) अन्य ऋण (उल्लेख करें)	–	–
उपार्जित और देय ब्याज	–	–
5. अन्य संस्थान और एजेंसियां	–	–
6. डिबेंचर और बॉन्ड	–	–
7. अन्य (उल्लेख करें)	–	–
योग	–	–

दिनांक 31-03-2022 के तुलन पत्र की अंगस्वरूप अनुसूचियां

(राशि रुपयों में)

अनुसूची 5 – गैर–जमानती ऋण और उधारी	वर्तमान वर्ष (01.04.2021 से 31.03.2022)	पिछले वर्ष (01.04.2020 से 31.03.2021)
1. केंद्रीय सरकार		
2. राज्य सरकार (उल्लेख करें)		
3. वित्तीय संस्थान		
4. बैंक		
क) मियादी ऋण		
ख) अन्य ऋण (उल्लेख करें)		
5. अन्य संस्थान और एजेंसियां		
6. डिबैंचर और बॉन्ड		
7. फिक्स्ड डिपॉजिट		
8. अन्य (उल्लेख करें)		
कुल	–	–

अनुसूची – 6 आस्थगित ऋण देयताएं	वर्तमान वर्ष (01.04.2021 से 31.03.2022)	पिछले वर्ष (01.04.2020 से 31.03.2021)
क) उपस्करों और अन्य परिसंपतियों के रेहन से प्राप्त स्वीकरण	–	–
ख) अन्य	–	–
योग	–	–

दिनांक 31-03-2022 के तुलन पत्र की अंगस्वरूप अनुसूचियां

(राशि रुपयों में)

अनुसूची 7 – वर्तमान देनदारियां और प्रावधान	वर्तमान वर्ष (01.04.2021 से 31.03.2022)	पिछले वर्ष (01.04.2020 से 31.03.2021)
क. वर्तमान देनदारियां		
1. स्वीकृतियाँ	–	–
2. विविध देनदारियां		
क) वस्तुओं/सेवाओं के लिए (अनुसूची–7.1 के अनुसार)	22,77,69,274	11,04,58,635
ख) अन्य (अनुसूची–7.2 के अनुसार)	–	–
3. बयाना राशि जमा	12,85,233	11,39,910
4. निम्नलिखित पर उपार्जित परंतु अदेय ब्याज		
क) जमानती ऋण/उधारियां		
ख) गैर–जमानती ऋण/उधारियां		
5. वैधानिक देयताएं		
क) अतिदेय	–	–
ख) अन्य (अगले वित्तीय वर्ष में देय माह के शुल्क एवं कर)	76,36,649	49,68,601
6. अन्य वर्तमान देयताएं		
क) वेतन से कटोतियां	69,81,450	63,98,284
ख) पुराने चेक	76,90,899	26,14,074
ग) प्राप्त सिक्योरिटी डिपोजिट	1,82,18,995	1,78,95,914
घ) बैंक द्वारा गलत क्रेडिट	–	7,05,000
ड) देय जीएसटी रिजर्व प्रभार और रिलीफ फंड	–	4,249
च) कर अधीक्षक गुवाहाटी	832	832
छ) भर्ती शुल्क संग्रह	7,58,53,151	
7. राज्य लाइसेंस और पंजीकरण निधि	–	
क) बीओबी में 39 वर्च्युल खाते	5,50,88,214	52,71,31,186
ख) सीएससी से प्राप्तियां	2,44,58,427	2,44,58,428
8. वर्ष के अन्त में अनुदान का अव्ययित शेष:		
क) वर्ष के अन्त में अनुदान का अव्ययित शेष	2,98,55,924	5,87,70,088
	–	
योग क)	**45,48,39,047**	**75,45,45,201**

दिनांक 31-03-2022 के तुलन पत्र की अंगस्वरूप अनुसूचियां

(राशि रुपयों में)

ख. प्रावधान	वर्तमान वर्ष (01.04.2021 से 31.03.2022)	पिछले वर्ष (01.04.2020 से 31.03.2021)
1. कराधान के लिए	–	
2. ग्रेच्युटी	–	–
3. अधिवर्षिता/पेंशन	–	–
4. संचित छुट्टी नकदीकरण	–	–
5. व्यापार वारंटिया/दावे	–	–
6. अन्य (बताएं)	–	–
योग (ख)	–	–
योग (क+ख)	**45,48,39,047**	**75,45,45,201**

(राशि रुपयों में)

अनुसूची 7.1 – माल/सेवाओं के लिए विविध लेनदार	वर्तमान वर्ष (01.04.2021 से 31.03.2022)	पिछले वर्ष (01.04.2020 से 31.03.2021)
1 अधिसूचित प्राइवेट प्रयोगशालायों के दावे	22,37,65,954	10,19,53,111
2 आरब्रो फॉर्मास्युटिकल्स लिमिटेड	2,19,233	2,19,233
3 एशियन साइंटिफिक इंडस्ट्रीज (दिल्ली)	2,56,409	2,56,409
4 135 शहर व जिला	–	35,00,000
5 सीएससी राज्य निद्धि वापिस की गयी	28,30,568	44,88,500
6 गुरुसन्स कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड	–	35,382
7 ऑनलाइन ईट राइट क्विज	5,000	5,000
8 रिवाइवल	–	1,000
9 नेचर स्वीटनेस्स ईट राइट क्विज के विजेता	6,92,110	–
योग	**22,77,69,274**	**11,04,58,635**

(राशि रुपयों में)

अनुसूची 7.2 – अन्य के लिए विविध देनदारियॉ	वर्तमान वर्ष (01.04.2021 से 31.03.2022)	पिछले वर्ष (01.04.2020 से 31.03.2021)
1 देय ब्याज व्यय	–	–
योग	–	–

दिनांक 31-03-2022 के तुलन पत्र की अंगस्वरूप अनुसूचियां

अनुसूची 8 – अचल परिसंपत्तियां (राशि रुपयों में)

क्र. सं.	विवरण	मूल्य ह्रास की दर	ग्रॉस ब्लॉक: यथा वर्ष के आरंभ में लागत/मूल्यांकन	ग्रॉस ब्लॉक: वर्ष के दौरान योजन 30.10.2021 तक जमा	ग्रॉस ब्लॉक: वर्ष के दौरान योजन 30.10.2021 के बाद जमा	ग्रॉस ब्लॉक: वर्ष के दौरान कटौतियां	ग्रॉस ब्लॉक: वर्ष के अंत में लागत/मूल्यांकन	मूल्यह्रास: यथा वर्ष के आरंभ में	मूल्यह्रास: वर्ष के दौरान आदि शेष पर	मूल्यह्रास: वर्ष के दौरान जमा राशियों पर	मूल्यह्रास: वर्ष के दौरान कटौतियों पर	मूल्यह्रास: वर्ष के अंत तक योग	नेट ब्लॉक: यथा वर्तमान वर्ष के अंत में	नेट ब्लॉक: यथा पिछले वर्ष के अंत में
क.	विल्डिंग :–													
क)	क्षे. का. कोलकाता (सिविल और विद्युतीय कार्य)	10%	52,40,885	–	–	–	52,40,885	25,07,753	2,73,313	–	–	27,81,066	24,59,819	27,33,132
ख)	क्षे. का, चेन्नई (सिविल और विद्युतीय कार्य)	10%	54,65,606	–	–	–	54,65,606	20,58,921	3,40,669	–	–	23,99,589	30,66,017	34,06,685
ग)	मुख्या, एफडीए भवन (सिविल और विद्युतीय कार्य)	10%	2,30,79,990	–	–	–	2,30,79,990	75,40,499	15,53,949	–	–	90,94,448	1,39,85,542	1,55,39,491
घ)	ऊपरी मंजिल (काष्ठ संरचना)	40%	2,57,80,953	–	–	–	2,57,80,953	2,18,42,785	15,75,267	–	–	2,34,18,052	23,62,901	39,38,168
